✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 114 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 19 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

बिहार प्रदेश भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में सीएम को 51 लाख का चेक देते संजय सरावगी

मुख्यमंत्री ने किया सेवा, संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का शुभारंभ

लोगों को मिले बेहतर सुविधाएं : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में सेवा, संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'कायाकल्प पोर्टल का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान की शुरूआत की गयी है। साथ ही कायाकल्प पोर्टल का भी लोकार्पण किया गया है। इस अभियान का मूल उद्देश्य सार्वजनिक सुविधाओं एवं परिसंपतियों को बेहतर एवं स्वच्छ बनाना तथा नई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि अभियान के दो प्रमुख अवयव हैं। पहला, पूर्व से अवस्थित परिसंपतियों का उन्नयन, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती, जिसे हर हाल में 30 नवम्बर तक पूर्ण किया जाना है। हमारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं

पदाधिकारियों से आग्रह है कि इसे दीपावली के पहले ही पूर्ण कर लें। दूसरा, नई आधारभूत संरचना एवं परिसंपतियों का निर्माण जिसे 31 मार्च 2027 तक पूर्ण किया जायेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिये सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें। पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों के प्रतिनिधियों का सहयोग लें। छोटी-छोटी चीजों पर गौर करें और उसका सफल क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास दिवस के अवसर पर होनेवाले कार्यक्रम में इस अभियान के अवयवों को शामिल कर बेहतर ढंग से कार्यों को संपादित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी 'कायाकल्प पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। योजनाओं की प्रगति, अब तक हुए कार्य, पूर्ण हो चुकी योजनाओं सहित अन्य आवश्यक जानकारियां पोर्टल पर दर्ज रहेंगी। कायाकल्प पोर्टल के साथ-साथ कायाकल्प मोबाइल ऐप के माध्यम से भी योजनाओं के संबंध में जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-छोटी योजनाओं के माध्यम से आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना अभियान का मकसद है। सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत छोटी-छोटी योजनाओं के माध्यम से समाज को जोड़ना तथा आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

बाढ़ राहत के लिए नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया तीन माह का वेतन

बाढ़ प्रभावित परिवारों को 550 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में आई भीषण बाढ़ के बीच भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राज्यसभा सांसद के रूप में अपने तीन महीने के वेतन की 6.35 लाख रुपये की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में दान की है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाने के लिए एनडीए सरकार पूरी तत्परता से काम कर रही है और संकट की इस घड़ी में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। नितिन नवीन ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को 7,000 रुपये प्रति परिवार की दर से 550 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। प्रभावित

क्षेत्रों में राहत शिविर, सामुदायिक रसोई, चिकित्सा सुविधाएं और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल की टीमें लगातार बचाव कार्य में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बाढ़ की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और प्रभावित लोगों तक समय पर राहत व आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए सरकार पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल क्षति का आकलन कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी जारी है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की तथा राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया है। नितिन नवीन ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ वे पूर्ण प्रतिबद्धता से खड़े हैं।

संक्षिप्त समाचार

पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

पटना(नबिटा ब्यूरो)। पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने कोर्ट का मुख्य द्वार बंद करा दिया और पूरे परिसर को खाली करा लिया। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच शुरू कर दी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मौके पर बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। धमकी की सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई है।

घूस मांगने वाली महिला थानाध्यक्ष निलंबित

हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)। वैशाली महिला थाना की थानाध्यक्ष पूर्णिमा कुमारी को रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई एसडीपीओ सदर-2 लालगंज की जांच रिपोर्ट के आधार पर वैशाली एसपी ने की है। आरोप है कि एक केस के प्राथमिकी अभियुक्त के भाई का नाम मुकदमे से हटाने के बदले एक लाख रुपये की मांग की गयी थी। पूर्णिमा कुमारी इससे पहले मुजफ्फरपुर जिले में भी महिला थानाध्यक्ष के पद पर तैनात रह चुकी हैं।

सर्पदंश से पिता और पुत्र की मौत

बांका(नबिटा ब्यूरो)। जिले के धोरैया थाना क्षेत्र के चलना पंचायत अंतर्गत इस्लामपुर गांव में गुरुवार की मध्य रात्रि विषैले सांप के डसने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बाराहाट थाना क्षेत्र के चिलमिल गांव निवासी सरफराज अंसारी और उनके दो वर्षीय पुत्र सुफियान अंसारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना शुक्रवार सुबह मिलने पर धोरैया पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

अनियंत्रित गाड़ी ने बाइक को उड़ाया, तीन युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मोहनिया आने के दौरान एक अनियंत्रित वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान बघिनी गांव निवासी विकास कुमार, बिट्टू कुमार और दिलखुश राय के रूप में हुई है। मृतक विकास कुमार के चाचा अरुण चौधरी ने बताया कि तीनों युवक किसी काम से अपने गांव से मोहनिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बघीनी और बहदुरा गांव के बीच नटीनिया माई के समीप सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क के किनारे पानी में जा गिरे। घटना के बाद कुछ समय तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर पानी में पड़े लोगों पर गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजन मौके पर पहुंचे जिसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद मोहनिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शवों का पंचनामा तैयार करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं हादसे में घायल बताए जा रहे दो लोगों को इलाज के लिए मोहनिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों ने प्रशासन से सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा देने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि अचानक हुए इस हादसे से परिवार के सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। इस संबंध में मोहनिया के प्रभारी एसडीपीओ दयानंद कुमार ने बताया कि फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

बिहार संग्रहालय और कौशल विकास मिशन के बीच समझौता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार संग्रहालय समिति और युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के बिहार कौशल विकास मिशन के बीच शुक्रवार को करार हुआ। पर्यटन, संग्रहालय, कला, संस्कृति एवं विरासत के क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से दो वर्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन पर बिहार कौशल विकास मिशन की तरफ से मिशन निदेशक मनीष शंकर और बिहार संग्रहालय की ओर से अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने हस्ताक्षर किए। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजानी कुमार सिंह और युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव कौशल किशोर की उपस्थिति में यह सम्पन्न हुआ। मौके पर अंजनी कुमार सिंह और कौशल किशोर ने कहा कि समझौते का मुख्य उद्देश्य बिहार की समृद्ध कला एवं सांस्कृतिक विरासत को कौशल विकास से युवाओं को जोड़ना तथा उनके लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। इसके तहत बिहार संग्रहालय समिति को सरकारी प्रशिक्षण संस्था के रूप में पंजीकृत किया गया है। बिहार संग्रहालय परिसर में युवाओं के लिए विभिन्न विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को सैद्धांतिक जानकारी के साथ संग्रहालय में प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होगा। प्रारंभिक चरण में तीन विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इनमें पहला संग्रहालय एवं पर्यटन मार्गदर्शक प्रशिक्षण, दूसरा कला की समझ एवं सराहना और तीसरा लोक कला में रचनात्मक एवं डिजाइन प्रशिक्षण शामिल है। समझौता ज्ञापन के तहत संग्रहालय एवं पर्यटन मार्गदर्शक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत 27 अक्तूबर से बिहार संग्रहालय में की जाएगी। बिहार संग्रहालय समिति द्वारा प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सुविधाएं, संस्थागत सहयोग एवं योग्य प्रशिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। निर्धारित योग्यता के आधार पर पारदर्शी प्रक्रिया से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की भागीदारी को बढ़ावा देने तथा बुनियादी अंग्रेजी संचार क्षमता वाले अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के पंजीकरण, प्रशिक्षण, मूल्यांकन एवं प्रमाणन में आवश्यक सहयोग दिया जाएगा।

भाजयुमो के जिला महामंत्री की गोली मारकर हत्या

सहरसा(नबिटा ब्यूरो)। जिले में बेखौफ अपराधियों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सदर थाना क्षेत्र के गौतम नगर, वार्ड नंबर 15 की है, जहां शुक्रवार दोपहर एक बंद मकान से भाजयुमो नेता का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय अभिजीत सिंह राजपूत उर्फ राजा के रूप में हुई है। वह भाजयुमो के जिला महामंत्री थे। अभिजीत मूल रूप से सुपौल जिले के गढ़बरुआरी, वार्ड नंबर 5 के रहने वाले थे और सहरसा के गौतम नगर स्थित अपने निजी मकान में रहते थे।

पैसे के विवाद में आर्मी जवान को जिंदा जलाया

भभुआ(नबिटा ब्यूरो)। कैमूर के सहुका गांव में शुक्रवार सुबह मृत आर्मी जवान शत्रुधन यादव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा। जवान के अंतिम दर्शन के लिए हजारों ग्रामीण और स्थानीय लोग जमा हुए। इस दौरान बक्सर सांसद सुधाकर सिंह भी मौजूद रहे। आर्मी के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जवान शत्रुधन यादव को बीते 9 सितंबर को पैसों के विवाद में गांव के ही कुछ लोगों ने जिंदा जला दिया था। गंभीर हालत में उनका इलाज लखनऊ में चल रहा था जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार को रामगढ़ में मुख्य सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। कैमूर एसपी ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया जिसके बाद लोगों ने जाम खत्म किया। घटना की जानकारी मिलने पर बक्सर सांसद सुधाकर सिंह गांव पहुंचे। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि देश की सीमा पर रक्षा करने वाले जवान के साथ ऐसी बर्बरता दुखद है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

मधेपुरा के सिविल सर्जन निलंबित

मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार लगातार एक्शन ले रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने मधेपुरा के सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार को निलंबित कर दिया है। दरअसल पद के दुरुपयोग और निजी अस्पतालों से धन उगाही के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। जिस प्रकार से निशांत कुमार ने फैसला लिया है उसको लेकर हर तरफ चर्चा शुरू हो गई है। मधेपुरा के सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार आरोप था कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया। यही नहीं निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम की जांच तथा लाइसेंस से जुड़े मामलों के नाम पर पैसे की मांग की थी। इसके साथ ही उनका रुपये लेते एक वीडियो वायरल हुआ था।

छात्राओं के साथ गलत हरकत करने के आरोप में हेडमास्टर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले के एक सरकारी स्कूल में छात्राओं के साथ गलत हरकत करने के आरोप में हेडमास्टर को गिरफ्तार किया गया है। छात्राओं ने प्रधानाध्यापक पर छेड़खानी और गलत नीयत से छूने (बैड टच) का आरोप लगाया। इसके बाद स्कूल में शुक्रवार को जमकर बवाल मचा। स्थानीय लोगों की भीड़ स्कूल में जुट गई और हेडमास्टर पर मारपीट को उतारू हो गई। आठवीं की छात्राओं का आरोप है कि हेडमास्टर ने उन्हें ऑफिस में ले जाकर उनके साथ गलत काम किया। घटना शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे नवादा सदर प्रखंड में स्थित उत्क्रमति मध्य विद्यालय, आनंदपुरा की है। गिरफ्तार हेडमास्टर की पहचान 52 वर्षीय महेश प्रसाद यादव के रूप में की गई है। वह नवादा के गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित बिशुनपुर गांव के रहने वाले हैं। हेडमास्टर पर स्कूल की आठवीं कक्षा की कुछ छात्राओं के साथ छेड़खानी व बुरी नीयत से शरीर को टच करने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर स्कूल में जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बाद आसपास के ग्रामीण भी स्कूल पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने हेडमास्टर को उनके ऑफिस में बंद कर दिया। लोगों के आक्रोश को देखते हुए नगर थाने की पुलिस को सूचना दी गई। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि हेडमास्टर पर छेड़खानी एवं गलत नीयत से बैड टच करने के आरोप लगाए गए हैं। छात्राओं की शिकायत पर नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में छेड़खानी एवं पॉक्सो एक्ट की धाराएं लगाई गई हैं। हेडमास्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

नीतीश ने बदली बिहार की राजनीति की कार्य संस्कृति : संजय झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जनता दल यूनाइटेड ने अपने विधायकों और विधान पार्षदों को संसदीय कार्यप्रणाली की बेहतर समझ देने के लिए शुक्रवार को एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू किया। पटना स्थित जेडीयू कार्यालय के कर्पूरी सभागार में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में शामिल होने के लिए पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, मंत्री, विधायक और विधान परिषद् सदस्य पहुंचे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन संपर्क मंत्री श्रवण कुमार के साथ दिया जलाकर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में विधायी कार्य, कानून बनाने की प्रक्रिया, प्रश्नकाल समेत अन्य चीजों की जानकारी दी गई। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने इस मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि हमलोगों के नेता

नेता, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने काम और सोच से बिहार की राजनीति की कार्य संस्कृति बदली है। उनसे पहले बिहार ने वह दौर भी देखा है, जब यहां 'तेल पिलावन, लाठी चलावन' वाली राजनीति होती थी। नीतीश कुमार ने बताया कि राजनीति सभ्य तरीके से भी हो सकती है। उन्होंने राजनीति को जवाबदेही, सुशासन और विकास से जोड़ा। उनके नेतृत्व में जदयू अपने विधायकों के आचरण और परफार्मेंस को निरंतर बेहतर करने का प्रयास करता रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में जदयू में अच्छी संख्या में उच्च शिक्षित एवं युवा विधायक पहली बार जीते हैं। आज के 'ओरिएंटेशन प्रोग्राम' में खासकर नए विधायकों और विधान पार्षदों को संसदीय परंपरा की जरूरी जानकारियां दी गयी। जैसे-बजट कैसे तय होता है, जीरो आवर में क्या होता है, सदन में सवाल और सप्लीमेंटरी कैसे पूछना है आदि। इस पहल का उद्देश्य उन्हें जनता और जनहित के मुद्दों के प्रति अधिक जवाबदेह बनाना है। बैठक को लेकर पार्टी नेता और एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि जेडीयू एक राजनीतिक दल है, इसलिए बैठक को लेकर सियासी अर्थ निकाले जाते हैं। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार पार्टी के सम्मानित नेता हैं। नीतीश कुमार के दिशा-निर्देश में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के नेतृत्व में यह बौद्धिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया गया है। इसमें राज्य की अर्थव्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बिहार की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण विषय है और इस पर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार पार्टी के भविष्य हैं, इस बात को सभी ने स्वीकार किया है।

अब उम्र नहीं बनेगी पढ़ाई में बाधा, जीविका दीदियां करेंगी 10वीं-12वीं की पढ़ाई

बीबीओएसई, एजुकेट गर्ल्स, जीविका और प्रथम की संयुक्त पहल से महिलाओं को मिलेगा अधूरी शिक्षा पूरी करने का अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। शिक्षा से वंचित रह गई महिलाओं को अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी करने का दूसरा अवसर देने के लिए बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबीओएसई), जीविका, एजुकेट गर्ल्स और प्रथम की ओर से संयुक्त पहल शुरू की गई है। इसके तहत जीविका दीदियों को बीबीओएसई के माध्यम से 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शामिल होने के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। पहल का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने के साथ उनके लिए आगे की पढ़ाई, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों का रास्ता खोलना है। बीबीओएसई ऐसी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराता है जिसके माध्यम से नियमित विद्यालयी शिक्षा पूरी नहीं कर पाने वाले शिक्षार्थियों को अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाने और 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा पूरी करने का अवसर मिलता है। पहल के तहत विशेष रूप से उन जीविका दीदियों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जो किसी कारण से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी नहीं कर सकीं। नामांकन और परीक्षा के लिए जीविका की स्थानीय टीमें महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान चला रही हैं। दीदियों को बीबीओएसई में नामांकन की प्रक्रिया, परीक्षा व्यवस्था और शिक्षा पूरी करने के बाद उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी दी जा रही है। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद महिलाएं आगे की शिक्षा और कौशल विकास के साथ विभिन्न रोजगारपरक अवसरों की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। इसी क्रम में बीबीओएसई के वरीय कार्यपालक पदाधिकारी मानस मिलिंद ने सोनपुर के गोगल सिंह इंटर स्तरीय विद्यालय, नयागांव में जीविका द्वारा संचालित लाइब्रेरी का अवलोकन किया। लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों, कंप्यूटर, इंटरनेट और समाचार पत्र जैसी सुविधाओं को देखते हुए उन्होंने इसे जीविका दीदियों के लिए फैसिलिटेशन सेंटर के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा की। इसके बाद सिद्धि जीविका महिला विकास स्वावलम्बी सहकारी समिति, गोपालपुर, सोनपुर, सारण का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान मानस मिलिंद ने जीविका दीदियों से संवाद किया और उन्हें 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा देने से मिलने वाले अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बीबीओएसई में नामांकन और परीक्षा की प्रक्रिया समझाते हुए महिलाओं को अपनी अधूरी शिक्षा पूरी करने के लिए प्रेरित किया। संवाद के दौरान जीविका दीदियों ने भी शिक्षा से जुड़े अपने अनुभव और विचार साझा किए। अधिकारियों ने कहा कि शिक्षा महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें बेहतर अवसरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस पहल के जरिए महिलाओं को अपनी शिक्षा पूरी कर आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत कुमार एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा से भी वार्ता की गई। जिले में संचालित बीबीओएसई के अध्ययन केंद्रों को और मजबूत करने तथा आवश्यकता के अनुसार नए अध्ययन केंद्र खोलने को लेकर सुझाव दिए गए। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने अध्ययन केंद्रों को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने के प्रयास का आश्वासन दिया।

बिहार बाढ़ राहत के लिए आह्वान फाउंडेशन ने शुरू किया अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आह्वान फाउंडेशन ने 'बिहार बाढ़ राहत 2026' अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत राज्य के 14 जिलों में करीब 20 हजार बाढ़ प्रभावित लोगों तक भोजन, राशन और चिकित्सा सहायता पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। फाउंडेशन के अनुसार अब तक 14 जिलों के 56 स्थानों पर राहत कार्य किया जा चुका है। अभियान के तहत 20 हजार राशन किट, 5 हजार सूखा खाद्य सामग्री किट और 4 हजार मेडिकल किट वितरित करने की योजना है। राहत सामग्री के माध्यम से बाढ़ से प्रभावित उन परिवारों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है जिनके घर, आजीविका और रोजमर्रा की जरूरतें बाढ़ के कारण प्रभावित हुई हैं। फाउंडेशन के मुताबिक पटना, हाजीपुर, आरा, सुपौल, फतुहा, बलिया, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार और अरवल समेत अन्य प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाई जा रही है। आह्वान फाउंडेशन के सीइओ एवं संस्थापक ब्रज किशोर प्रधान ने कहा कि बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार के पीछे नुकसान, संघर्ष और बेहतर भविष्य की उम्मीद की कहानी है। ऐसे समय में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा होना और उन्हें भोजन व स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराना फाउंडेशन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राहत अभियान के जरिए परिवारों को यह भरोसा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है कि मुश्किल समय में वे अकेले नहीं हैं। फाउंडेशन का कहना है कि बाढ़ का प्रभाव पानी उतरने के बाद भी लंबे समय तक बना रहता है। घर, खाद्यान्न, घरेलू सामान और आय के स्रोत के नुकसान से प्रभावित परिवारों के सामने पुनर्वास की चुनौती रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए तत्काल राहत के साथ प्रभावित समुदायों में सुरक्षा और सम्मान की भावना मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है। आह्वान फाउंडेशन स्थानीय समुदायों, स्वयंसेवकों और सीएसआर भागीदारों के सहयोग से राहत अभियान को आगे बढ़ा रहा है। संगठन के अनुसार अधिक से अधिक प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने के लिए सामूहिक सहयोग जरूरी है। फाउंडेशन ने आपदा राहत के क्षेत्र में काम करने वाले कॉरपोरेट और सीएसआर भागीदारों से भी सहयोग की अपील की है।

दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत महाप्रबंधक डिंपी गर्ग द्वारा अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में की गई। यह अभियान पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों, कारखानों तथा अन्य इकाइयों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 तक चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम यथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 तथा स्रोत पर अपशिष्ट का 4 धाराओं में पृथक्करण के प्रति जागरूकता, स्वच्छता लक्षित इकाइयों का चिन्हिकरण तथा समुचित निस्तारण, नुक्कड़ नाटक, ज्ञान यात्रा, हेरिटेज स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान, कवाड़ से जुगाड़, कवाड़ से कला, रेलवे कॉलोनियों में घर-घर जाकर जागरूकता फैलाना, सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर इत्यादि आयोजित किये जाएंगे।

राष्ट्र निर्माण में स्वतंत्रता सेनानियों की पारिवारिक परंपराओं का योगदान अतुलनीय : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वाधीनता आंदोलन के अग्रणी सेनानी एवं बिहार विद्यापीठ के संस्थापक सदस्य चतुरानन दास के पुण्य स्मरण दिवस पर सदाकत आश्रम स्थित देशरत्न सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बिहार विद्यापीठ से जुड़े शिक्षकों, शोधार्थियों, पदाधिकारियों, परिजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने चतुरानन दास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्रसेवा के योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस अधिकारी विजय प्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि चतुरानन दास जैसे कर्मठ और निस्वार्थ राष्ट्रभक्त अचानक तैयार नहीं होते, बल्कि उनके व्यक्तित्व के निर्माण में परिवार के संस्कार, सांस्कृतिक परिवेश और नैतिक मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि समाज और शोधकर्ताओं को स्वतंत्रता सेनानियों के पारिवारिक परिवेश का भी अध्ययन करना चाहिए, ताकि यह समझा जा सके कि किन संस्कारों और जीवन मूल्यों ने ऐसे राष्ट्रभक्तों को तैयार किया। अध्यक्ष विजय प्रकाश ने कहा कि किसान चेतना जगाने और शिक्षा के प्रसार में चतुरानन दास का योगदान आज भी अनुकरणीय है। उनके जीवन से नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा, सामाजिक दायित्व और जनकल्याण की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का शुभारंभ चतुरानन दास के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं मौन श्रद्धांजलि के साथ हुआ। बिहार विद्यापीठ के अपर सचिव श्यामानंद चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यापीठ के शुरुआती दौर में चतुरानन दास की भूमिका, संस्थागत संघर्ष और संगठन क्षमता पर प्रकाश डाला। चतुरानन दास के सुपुत्र प्रकाश चन्द्र दास एवं विकास चन्द्र दास ने अपने पिता के सामाजिक दायित्वों, सादगीपूर्ण जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े संस्मरण साझा किए। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का बड़ा हिस्सा समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहा। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने कहा कि चतुरानन दास का पूरा जीवन जनसेवा और राष्ट्रोत्थान को समर्पित रहा। उनके विचार और कार्य आज भी नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं शिक्षा-संस्कृति एवं संग्रहालय की निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश ने चतुरानन दास की स्मृति को जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

ऊर्जा परिवार ने किया विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। ऊर्जा परिवार द्वारा विश्वकर्मा पूजा का विधिवत आयोजन किया गया। बिहार राज्य पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत संचालित स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर एवं बोर्ड कॉलोनी स्थित अक्षय ऊर्जा भवन के ब्रेडा कार्यालय में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन-अर्चना किया गया। पूजन कार्यक्रम में बिहार के ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बीएसपीएचसीएल अजय यादव, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार, बिहारी स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ नवल किशोर चौधरी, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल, बिहार स्टेट पावर जेनेरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विशाल राज सहित वरिष्ठ अधिकारियों समेत एसएलडीसी और ब्रेडा के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी अधिकारियों ने पूजा में शामिल होकर सभी कर्मियों को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दी। ऊर्जा सचिव अजय यादव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा कर्म और शिल्प के प्रतीक हैं। ऊर्जा परिवार इस पावन अवसर पर राज्य में सुरक्षित, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ अक्षय ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराता है।

प्रदूषण फैलाने के मामले में दो औद्योगिक इकाइयों पर बंदी की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने प्रदूषण मानकों के गंभीर उल्लंघन के मामले में दरभंगा की मेसर्स मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड और पटना की मेसर्स हरिलाल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ इकाई बंद करने की कार्रवाई शुरू की है। दोनों इकाइयों का निरीक्षण राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और आईआईटी खड़गपुर की संयुक्त टीम ने किया था। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली के निर्देश के अनुसार 100 किलोग्राम प्रतिदिन से अधिक बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड वाला बहिःस्राव करने वाली अथवा परिसंकटमय पदार्थों का हथालन करने वाली औद्योगिक इकाइयों को अतिप्रदूषणकारी उद्योग की श्रेणी में रखा गया है। ऐसी इकाइयों की हर वर्ष राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और आईआईटी, एनआईटी, राष्ट्रीय शुगर संस्थान तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी जैसी विशेषज्ञ तकनीकी संस्थाओं में से चयनित संस्था द्वारा संयुक्त रूप से जांच की जाती है। दरभंगा स्थित मेसर्स मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की जांच में बहिःस्राव उपचार संयंत्र ठीक से काम करता नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान अनुपचारित बहिःस्राव को बाईपास कर बोरवेल में रिवर्स पंपिंग किए जाने का भी मामला सामने आया। पर्षद ने इसे गंभीर उल्लंघन माना है। इसे पर्षद की ओर से दी गई सहमति की शर्तों का गैर-अनुपालन और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के प्रावधानों का उल्लंघन बताया गया है।

वहीं, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना स्थित मेसर्स हरिलाल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड में भी बहिःस्राव उपचार संयंत्र संचालित नहीं पाया गया। यहां अनुपचारित बहिःस्राव का बाईपास कर उसे निकटवर्ती नाले में निःसारित किया जा रहा था। पर्षद के अनुसार दोनों मामलों में पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को रोकने के लिए जल अधिनियम, 1974 की सुसंगत धाराओं के तहत इकाइयों को बंद करने की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

जक्कनपुर में श्री गणेश उत्सव का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं की जुटी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। जक्कनपुर क्षेत्र के बटुकेश्वर दत्त लेन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्री गणेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया और भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की । आयोजन का माहौल पूरे क्षेत्र में भक्तिमय बना रहा। इस भव्य गणेश उत्सव का आयोजन समाजसेवी एवं युवा नेता गोपाल जयसवाल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव, दिलीप जयसवाल, अशोक चौधरी, विधायक संजय गुप्ता, पूर्व विधायक समीर महासेठ, भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख, पटना की महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, डॉ. अभिषेक सिंह, संजीव टोनी, पी के चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं।

'मोदी युग का भारत' का शिक्षा मंत्री ने किया लोकार्पण

विकास भवन स्थित मदन मोहन सभागार में पुस्तक लोकार्पण समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गुरुवार को विकास भवन स्थित मदन मोहन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव की पुस्तक 'मोदी युग का भारत' का लोकार्पण किया। उन्होंने पुस्तक के लेखक को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। लोकार्पण के मौके पर शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन और प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक भी उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि 'मोदी युग का भारत' एक महत्वपूर्ण पुस्तक है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले 25 वर्षों से जारी अनवरत सार्वजनिक सेवा और उनके नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों को एक जगह समाहित किया गया है। यह पुस्तक लोगों को देश के विकास की यात्रा को समझने में मदद करेगी और आगे की राह दिखाने का काम करेगी। पुस्तक के लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने कहा कि यह पुस्तक राजनीतिक, सामाजिक विषयों में रुचि रखने वाले लोगों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी साबित होगी। पुस्तक में प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन, उनकी सेवा यात्रा, देशहित में लिए गए निर्णय और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया है। इससे पूर्व उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की जीवनी, 'वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा', 'विकास पुरुष' और 'वंदेमातरम' जैसी चर्चित कृतियों के बाद मुरली मनोहर श्रीवास्तव की यह राष्ट्रीय विमर्श पर सबसे अहम कड़ी है। पैनग्राम पब्लिशर्स, दिल्ली की ओर से आई यह पुस्तक युवा पीढ़ी, नीति-निर्माताओं और शोधार्थियों के लिए समकालीन भारत को समझने हेतु एक संग्रहणीय संदर्भ ग्रंथ के रूप में उभरी है।

डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने समय पर पुनर्भुगतान करने वाले ग्राहकों के लिए शुरू की गोल्ड रिवार्ड पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। आरबीआई में पंजीकृत एनबीएफसी-एमएफआई डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने अपने संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) ग्राहकों के बीच जिम्मेदारी भरे पुनर्भुगतान व्यवहार की पहचान करने के लिए 'गोल्ड रिवार्ड' पहल की घोषणा की है। बिना किसी देरी के समय पर माइक्रोफाइनेंस ऋण का पुनर्भुगतान करने वाले पात्र ग्राहकों को भुगतान की गई ब्याज की रकम के 2 प्रतिशत के बराबर गोल्ड रिवार्ड मिलेगा। यह पहल उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, असम और पश्चिम बंगाल में लागू की जा रही है। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस, लागू रिवार्ड राशि के आधार पर पात्र ग्राहकों की ओर से सोने की खरीद कर उनका आवंटन करेंगी। ग्राहकों के पास भौतिक रूप में या एक डीमैट एकाउंट के जरिए आवंटित सोने को भुनाने का विकल्प होगा। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस के सीओओ अविनाश कुमार ने कहा इस पहल के जरिए हम हमारे उन जेएलजी ग्राहकों को पहचानना चाहते हैं जो बिना किसी देरी के अपनी पुनर्भुगतान प्रतिबद्धताएं निरंतर पूरी करते और जिम्मेदारी भरा वित्तीय व्यवहार करते हैं।

राजगीर में 18वीं राष्ट्रीय विद्युत समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना/राजगीर। बिहार के राजगीर में 18वीं राष्ट्रीय विद्युत समिति की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में देश के एकीकृत विद्युत ग्रिड की सुरक्षा, विश्वसनीयता एवं स्थायित्व सुनिश्चित करने तथा विभिन्न क्षेत्रीय विद्युत समितियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का शुभारंभ केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति के अध्यक्ष एवं बिहार के ऊर्जा सचिव-सह-अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, अजय यादव ने किया। बैठक में विभिन्न क्षेत्रीय विद्युत समितियों, पावर ट्रांसमिशन एवं जेनरेशन कंपनियों, लोड डिस्पैच सेंटर तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण मुद्दों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों की क्षेत्रीय चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न क्षेत्रीय विद्युत समितियों के बीच समन्वय और एकरूप कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर ग्रिड व्यवधानों की निगरानी एवं विश्लेषण तथा उनके आधार पर सुधारात्मक कार्रवाई की अनुशंसा पर भी विचार किया गया। बढ़ती विद्युत मांग, नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी और विद्युत प्रणाली की बढ़ती जटिलता को देखते हुए आधुनिक तकनीक, बेहतर पूर्वानुमान और प्रभावी समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया।

यूपीआई एमडीआर : ग्राहकों और दुकानदारों के लिए आसान जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। एनपीसीआई द्वारा जारी सूचना के अनुसार यूपीआई ग्राहक के लिए फ्री रहेगा और एमडीआर, जो दुकानदार द्वारा ग्राहक से कार्ड या डिजिटल पेमेंट स्वीकार करने पर दी जाने वाली फीस है, उसे चुनिंदा यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लागू किया गया है। यूपीआई ग्राहकों के लिए फ्री बना रहेगा। यूपीआई के जरिए परिवार और दोस्तों को पैसे भेजना पूरी तरह फ्री रहेगा। यूपीआई के जरिए किसी भी दुकानदार को कोई भी रकम चुकाना फ्री रहेगा। चाहे आप किसी स्टोर पर खरीदारी कर रहे हों, लोकल मार्केट में पेमेंट कर रहे हों या किसी स्ट्रीट वेंडर के पास क्यूआर कोड स्कैन कर रहे हों, यह फ्री रहेगा। दुकानदार एमडीआर का खर्च ग्राहकों से नहीं ले सकते।

क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में राजभाषा पखवारा का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में राजभाषा पखवाड़ा-2026 के शुभारंभ के अवसर पर गरिमामय शुभारंभ कार्यक्रम के साथ हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी एवं अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा संबंधी दायित्वों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय निदेशक निरंजन कुमार की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचदीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राजभाषा हिंदी के संवर्धन एवं कार्यालयीन कार्यों में इसके प्रभावी प्रयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अपने संबोधन में क्षेत्रीय निदेशक निरंजन कुमार ने सभी कार्मिकों को कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल कार्यालयीन भाषा ही नहीं, बल्कि प्रशासन एवं जनसंपर्क को प्रभावी और सहज बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 76 दीप प्रज्जवलित कर की दीर्घायु की कामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर बिहार की राजधानी पटना में एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रोफेसर रणबीर नंदन ने अपने आवास पर 76 दीप प्रज्ज्वलित कर देश के प्रधानमंत्री के मंगलमय, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रोफेसर रणबीर नंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अथक परिश्रम, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र प्रथम की भावना से भारत को विश्व पटल पर एक नई पहचान दिलाई है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। 76 दीप उनके 76वें जन्मदिन के प्रतीक के रूप में राष्ट्र की मंगलकामना का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रधानमंत्री को उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें, ताकि वे राष्ट्र सेवा के अपने संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते रहें। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे और सभी ने प्रधानमंत्री जी के दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की।

खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता के लिए बिहार में पाम ऑयल योजना की खेती को मिलेगा बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार सरकार के कृषि विभाग द्वारा राज्य में किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने तथा देश को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल पाम योजना का राज्य में विस्तार किया जा रहा है। योजना के माध्यम से राज्य के उपयुक्त जलवायु वाले क्षेत्रों में ऑयल पाम की वैज्ञानिक खेती को प्रोत्साहित करने के साथ किसानों को दीर्घकालिक एवं स्थिर आय का अवसर उपलब्ध कराने, रोजगार सृजन तथा तेल मिलों एवं प्रसंस्करण इकाइयों में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार के किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी एवं विविधतापूर्ण बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार नई संभावनाओं पर काम कर रही है। ऑयल पाम ऐसी ही एक दीर्घकालिक फसल है, जिसके माध्यम से उपयुक्त क्षेत्रों के किसानों को अतिरिक्त एवं स्थिर आय का अवसर मिल सकता है। साथ ही, देश की खाद्य तेल की आवश्यकता को पूरा करने और आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में भी यह पहल महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास है कि किसानों को केवल फसल उत्पादन तक सीमित न रखकर पौध सामग्री, सिंचाई, उत्पादन, खरीद, प्रसंस्करण और बाजार तक एक समग्र व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

'इन्नोफेस्ट' में छात्रों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा, 'इलेक्ट्रिक केक' ने लूटी वाहवाही

स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में दो दिवसीय विज्ञान एवं नवाचार महोत्सव का शुभारंभ

चेयरमैन के जन्मदिन पर छात्रों का नवाचार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। दानापुर स्थित स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में दो दिवसीय विज्ञान एवं नवाचार महोत्सव 'इन्नोफेस्ट' का शुक्रवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित महोत्सव में छात्रों ने अपनी तकनीकी प्रतिभा और नए प्रयोगों से अतिथियों को प्रभावित किया। उद्घाटन समारोह में विज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नए विचारों पर काम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एपीसीएल के अध्यक्ष विजय प्रकाश, विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश, एपीसीएल के उपाध्यक्ष अवधेश नारायण, डीवाई पाटिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति एवं वैज्ञानिक प्रो. प्रभात रंजन, भारतीय ऑटोमोबाइल शोध संघ के वरिष्ठ प्रबंधक नमन कुमार, प्रो. सुरभि सोनम, विज्ञान शिक्षक रजनीश कुमार, प्रद्युम्न कुमार तथा एटीएल प्रभारी अरविंद कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान एपीसीएल अध्यक्ष विजय प्रकाश का 70वां जन्मदिन भी अनूठे अंदाज में मनाया गया। कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने अटल टिंकरिंग लैब में अपनी तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विशेष 'इलेक्ट्रिक केक' तैयार किया। अतिथियों और शिक्षकों की मौजूदगी में इसी अनोखे केक को काटकर जन्मदिन मनाया गया। विद्यार्थियों के इस प्रयोग ने समारोह में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर विजय प्रकाश ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को रचनात्मकता के लिए प्रोत्साहित करते हुए 'आइडिया डायरी' उपलब्ध कराई। साथ ही एटीएल के लिए छह इलेक्ट्रॉनिक एवं रोबोटिक किट भी भेंट की गईं, ताकि विद्यार्थी अपने नए विचारों को प्रयोग और मॉडल के रूप में विकसित कर सकें।

लंबित कांडों के निष्पादन में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीआईजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। लंबित कांडों के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों के 50 से अधिक लापरवाह पुलिस अधिकारियों का वेतन बंद किया गया है और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि चारों जिलों के एसपी व एसडीपीओ के साथ बैठक कर लंबित कांडों, स्पीडी ट्रायल, वारंट और कुर्की-जब्ती में तेजी लाने का

निर्देश दिया गया है। सभी अनुसंधानकर्ताओं (आईओ) को 15 दिनों के भीतर हर हाल में 10 कांडों का निष्पादन करने को कहा गया है। एक प्रश्न के उत्तर में डीआईजी ने बताया कि रोहतास में लगभग 9500, भोजपुर में 6000, कैमूर में 4000 और बक्सर में 2500 कांडों का निष्पादन लंबित है। उन्होंने बताया कि सभी एसडीपीओ को लूट, हत्या और महिला अपराध जैसे गंभीर कांड दर्ज होने के तीन से पांच दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पर्यवेक्षण (सुपरविजन) करने का निर्देश दिया गया है। स्पीडी ट्रायल में तेजी लाने के लिए गवाहों को समय पर न्यायालय में उपस्थित कराने को कहा गया है, ताकि गंभीर कांडों के पीड़ित परिवारों को जल्द न्याय मिल सके। साथ ही प्रतिमाह पांच गंभीर कांडों को स्पीडी ट्रायल के लिए न्यायालय में भेजने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी पर्व दशहरा, दीपावली और छठ को लेकर एसपी को असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। इसके लिए गृह विभाग ने एसपी को अधिकार दिया है। बैठक में रोहतास एसपी मिस्टर राज भोजपुर एसपी अवधेश दीक्षित, कैमूर एसपी शिखर चौधरी और बक्सर एसपी शुभम आर्य सहित वीसी के माध्यम से सभी एसडीपीओ शामिल थे।

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के मार्गदर्शन में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत आज विभिन्न स्टेशनों एवं पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज में स्वच्छ भारत मिशन आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज, डिहरी ऑन सोन स्टेशन, सासाराम स्टेशन, अनुग्रह नारायण स्टेशन तथा गयाजी रेलवे स्टेशन पर निबंध लेखन, चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

डिहरी में 45.5 किलो गांजा के साथ दो महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। नगर थाना क्षेत्र के पाली ओवरब्रिज के पास टेम्पू सवार दो महिला तस्कर समेत तीन को 45.5 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। एसपी राज यह जानकारी शुक्रवार शाम यहां दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुरुवार देर शाम सूचना मिली थी कि डिहरी रेलवे स्टेशन पर दो महिला और एक पुरुष ओडिशा से ट्रेन से गांजा लेकर उतरे हैं और टेम्पो से पाली रोड होते हुए कहीं जाने वाले हैं। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डिहरी-01 संजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष डिहरी नगर राहुल और डीआईयू टीम को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम ने सत्यापन के लिए डिहरी नगर थाना क्षेत्र के पाली ओवरब्रिज के नीचे रेलवे स्टेशन रोड के पास वाहन चेकिंग लगाई। इसी दौरान एक टेम्पो पर सवार दो महिला और एक पुरुष को ट्रॉली बैग एवं बड़े बैग में ले जा रहे 45.5 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे गांजा का खेप ओडिशा के संबलपुर से ला रहे थे और डिहरी क्षेत्र में किसी को देने वाले थे। पुलिस उनके बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जांच कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रीना देवी नावाडीह थाना अकोढ़ीगोला, पिंकी भुएं ग्राम अधारपीसरा थाना बुरला जिला संबलपुर (ओडिशा) व अनस साव ग्राम मिरापुर थाना सोआर जिला रामपुर (ओडिशा) शामिल है। इनके पास से गांजा के अलावा दो मोबाइल व नकद 68,000 रुपये बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। टीम में शामिल सभी सदस्यों को पुरस्कृत किया जा रहा है।

शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकबरपुर (रोहतास)। रोहतास थाना क्षेत्र में थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर शराब की बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। गुप्त सूचना के आधार पर रोहतास पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर 16 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रोहतास नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर आठ निवासी मनीष कुमार, पिता उगन सिंह के रूप में बताई गई है। पुलिस के अनुसार उक्त व्यक्ति द्वारा शराब की बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की जहां से 16 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई की गई थी। छापेमारी के दौरान शराब बरामद होने के साथ ही मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना के समीप ही शराब की बिक्री की सूचना सामने आने के बाद पुलिस की सक्रियता और निगरानी व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

नगरवासियों के सहयोग से बनेगा स्वच्छ डिहरी : शशि कुमारी

17 अक्टूबर तक चलेगा 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से शुरू किए गए 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद की मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने नगरवासियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनसहयोग के बिना शहर को पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर बनाना संभव नहीं है। प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझकर अभियान में भाग लेना चाहिए। मुख्य पार्षद ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक

चलने वाले इस अभियान की इस वर्ष की थीम 'स्वच्छता में सहयोग, स्वच्छ भारत एवं विकसित भारत' रखी गई है। अभियान के दौरान नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद या सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह शहर के प्रत्येक नागरिक, दुकानदार, व्यवसायिक प्रतिष्ठान और संस्थान का सामूहिक दायित्व है। घर, आंगन, गली-मोहल्ले, बाजार, विद्यालय, महाविद्यालय एवं संस्थानों के परिसर को स्वच्छ रखने में सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ डिहरी और विकसित भारत का संकल्प साकार किया जा सकता है। मुख्य पार्षद ने नगरवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का इस्तेमाल किया जाए तथा घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग रखा जाए। नगर परिषद की सफाई व्यवस्था में सहयोग करते हुए निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने की आदत विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता गतिविधियां, जनजागरूकता कार्यक्रम और जनसहभागिता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाएंगे। नगर परिषद का उद्देश्य नागरिकों के सहयोग से डिहरी को स्वच्छता के क्षेत्र में एक मिसाल के रूप में विकसित करना है।

विश्वकर्मा पूजा पर सुधा रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट में भव्य पूजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी अनुमंडल के इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित 'रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट' (सुधा) में देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना का पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्लांट परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था तथा प्रयोगशालाओं व तकनीकी उपकरणों का विशेष पूजन किया गया। आचार्यों द्वारा विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया जिसके बाद उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। समारोह के दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी आनंद अमित एवं वक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे निर्माण, सृजन और तकनीकी ज्ञान के सर्वोपरि देवता हैं। आधुनिक युग में तकनीकी और औषधीय निर्माण के क्षेत्र में उनकी प्रेरणा का विशेष महत्व है। इस दौरान कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

शिव पूजन इंडस्ट्रीज में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। चैनपुर स्थित शिव पूजन इंडस्ट्रीज में भगवान विश्वकर्मा पूजा समारोह गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। पूजा को लेकर प्रतिष्ठान परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद हवन का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति

देकर सुख-समृद्धि और प्रतिष्ठान की उन्नति की कामना की। पूजा के उपरांत भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कलाकारों ने झाल-ढोलक की संगत पर भगवान विश्वकर्मा की महिमा से जुड़े भजनों की प्रस्तुति दी जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। अपने भतीजे राजू पाण्डेय के प्रतिष्ठान में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर उन्हें नमन करने पहुंचे अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा शिल्पकारों, कारीगरों, तकनीकी कर्मियों और श्रमिकों के लिए विशेष महत्व रखती है। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण और सृजन का देवता माना जाता है।

रक्तदान कर मानवता की मिसाल बना मानवता सेवा संघ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

काराकाट (रोहतास)। राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ के सदस्यों ने रक्तदान कर मानवता और सेवा की सच्ची मिसाल पेश की है। संघ के राष्ट्रीय सचिव अखिलेश उपाध्याय की अपील पर संघ के तीन सक्रिय सदस्यों ने नासरीगंज थाना क्षेत्र के सवारी गांव निवासी सुरेश तिवारी की जान बचाने के लिए आगे आकर रक्तदान किया। बताया जाता है कि सुरेश तिवारी बीमार चल रहे थे और इलाज के दौरान उन्हें खून की सख्त जरूरत थी। जानकारी मिलते ही मानवता सेवा संघ के सदस्य तुरंत सक्रिय हुए और बिक्रमगंज में काव नदी के समीप स्थित आरजेडएम हॉस्पिटल पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सदस्यों में संघ के सक्रिय सदस्य मनोज तिवारी, अनिल कुमार और शशिभूषण तिवारी शामिल रहे। इनके द्वारा किए गए रक्तदान से पीड़ित परिवार को समय पर बड़ी मदद मिली और मरीज का इलाज संभव हो सका।

नारायण मेडिकल कॉलेज में छठे राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के औषधि विज्ञान (फार्माकोलॉजी) विभाग स्थित प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रिया निगरानी केंद्र में छठे राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का गरिमामय समारोह के बीच शुभारंभ हुआ। 17 से 23 सितंबर 2026 तक चलने वाले इस सप्ताह का आयोजन फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया एवं भारतीय फार्माकोपिया आयोग, गाजियाबाद के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन की थीम 'औषधि सतर्कता के माध्यम से दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देना : सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक कदम' रखी गई है। सप्ताहभर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, मेडिकल विद्यार्थियों और आम लोगों को दवाओं के सुरक्षित एवं तर्कसंगत इस्तेमाल तथा

प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं की पहचान और उनकी रिपोर्टिंग के प्रति जागरूक किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) एम.के. सिंह, पूर्व कुलपति-सह-सलाहकार रहे। इस अवसर पर डॉ. आकांक्षा कुमारी, निदेशक (मेडिकल), प्रो. (डॉ.) पुनीत कुमार सिंह, प्राचार्य, नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, प्रो. (डॉ.) बिनोद शंकर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. (डॉ.) जितेंद्र कुमार, विभागाध्यक्ष, जनरल मेडिसिन, प्रो. (डॉ.) मनीष कुमार, विभागाध्यक्ष, जनरल सर्जरी, प्रो. (डॉ.) आर.के. श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, माइक्रोबायोलॉजी, प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार, माइक्रोबायोलॉजी, डॉ. सौरभ कुमार, सहायक प्राध्यापक, माइक्रोबायोलॉजी, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह तथा सहायक कुलसचिव अजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षक, रेजिडेंट डॉक्टर, इंटर्न्स और एमबीबीएस विद्यार्थी मौजूद रहे।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 14 गुम मोबाइल बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत डालमियानगर थाना एवं डिहरी रेल थाना क्षेत्र से गुम हुए कुल 14 मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों की पहचान पूरी करने के बाद पुलिस ने उन्हें उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि डालमियानगर थाना क्षेत्र में अलग-अलग तिथियों को दर्ज सनहा के आधार पर गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए तकनीकी माध्यम से कार्रवाई की गई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जलाए दीप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर डिहरी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान के तहत दीप प्रज्ज्वलित कर जन्मदिन उत्सव मनाया। अंबेडकर चौक, हनुमान मानस मंदिर सहित विभिन्न स्थानों और कार्यकर्ताओं के घरों पर दीप जलाकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। अंबेडकर चौक पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। वहीं भाजपा युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता अमित कुमार पटेल ने अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उनके स्वस्थ एवं

दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर अमित कुमार पटेल ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रमों के माध्यम से मना रही है। दीप प्रज्ज्वलन का यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के प्रति कार्यकर्ताओं की शुभकामनाओं के साथ राष्ट्रसेवा के संकल्प को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी केवल भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन किसी व्यक्ति के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना को राजनीतिक विवाद का विषय बनाना उचित नहीं है।

इधर हनुमान मानस मंदिर में भी दीप उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा जिला प्रवक्ता संजय गुप्ता, बबल कश्यप, कुंवर जी, सुनील पाठक, प्यारेलाल ओझा, डॉ. नवीन नटराज, अजय ओझा, वीर बसंत लाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा के लिए निरंतर समर्पित रहने की कामना की।

रालोमो जिलाध्यक्ष ने प्रेस वार्ता कर की पूर्व विधायक द्वारा राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा पर की गई अभद्र टिपण्णी की कड़ी निंदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम/तिलौथू। सासाराम के एसपी जैन कॉलेज रोड स्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला कार्यालय में शुक्रवार को जिला अध्यक्ष कपिल कुमार कुशवाहा ने प्रेस वार्ता कर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला इकाई कमेटी की घोषणा की। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि फिलहाल सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है तथा सासाराम के पूर्व विधायक द्वारा हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा पर अभद्र टिप्पणी की गई है जो अति निंदनीय नहीं है। इन्होंने आगे बताया कि मांझर कुंड में मिट भात खाने का वीडियो वायरल कर उन्होंने अभद्र टिप्पणी किया है। इस संदर्भ में मैं बता दूं कि मांझर कुंड में वन विभाग के द्वारा कुछ दिनों के लिए सफाई के उद्देश्य से आमजनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। इसके बाद वन विभाग द्वारा तथा जिला प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से मांझर कुंड परिसर की साफ सफाई के लिए आमजनों के प्रवेश पर रोक लगाई

गई थी। सफाई के उपरांत लोगों को आने-जाने की छूट दी गई है। ऐसे में पूर्व विधायक का कहना है कि वहां आमजनों के लिए जाना वर्जित है और उपेंद्र कुशवाहा वहां पार्टी मना रहे हैं। यह कहना बिल्कुल उचित नहीं है और इतना ही नहीं जो सेंचुरी एरिया में पर्यावरण का ख्याल रखते हुए जो मानकों का पालन करना चाहिए उसके तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ गए हुए सारे कार्यकर्ताओं ने अपने नाश्ता पानी किए हुए पत्तल को डस्टबिन में रखा तथा वहां जो पानी की बोतले थी उसको लोग साथ में गाड़ी में लेकर नीचे आए और नीचे उसको फेंका गया।

शपथ-पत्र

मैं अमरेन्द्र कुमार पिता स्व. श्याम किशोर प्रसाद वर्तमान पता-विरसा आदिवासी कॉलोनी, पो.- गुलजारबाग, थाना-आलमगंज, जिला-पटना 7 बिहार, स्थायी पता- ग्राम पो.- बड़ाय इसलामपुर जिला-नालन्दा 801303 भारतीय नागरिक हूं। शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि अमरेन्द्र कुमार और चन्द्र भूषण दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है।

मेरा पुकारू का नाम चन्द्र भूषण है-सबलोग समाज में इसी नाम से जाने जाते हैं। मेरा जन्म तिथि 15-10-1968 है। मैं आज से बैंक आदि में अपना हस्ताक्षर अमरेन्द्र कुमार के नाम से करूंगा। यह एकरारनामा नाम जानकरी और सच्चाई के लिए कर रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 3759 दिनांक 26.5.22

शपथकर्ता
अमरेन्द्र कुमार

शपथ-पत्र

मैं देवन्ती देवी पति सत्यनारायण प्रजापति ग्राम-पोगर पोस्ट- पोगर थाना-रफीगंज जिला-औरंगाबाद, शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार सं. 3876 7044 7758 है।

मेरा सुशील कुमार मेरा पुत्र है जिसका आधार सं. 4213 2845 6928 है।

मेरा पुत्र का पुकारू नाम Hemantu Kumar है तथा आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम Sushil Kumar है।

मेरे पुत्र का इलाहाबाद बैंक शाखा उचौली औरंगाबाद में खाता सं. 59125730212 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम Hemantu Kumar है।

मेरा पुत्र का नाम आधार कार्ड के अनुसार Name: Sushil Kumar S/O Satyanarayan Parjapati DOB:-27/08/2009 है।

मेरा पुत्र का नाम Sushil Kumar एवं Hemantu Kumar दोनों है। दोनों नाम एक ही पुत्र का है एवं मेरे गांव/मुहल्ला में दोनों नाम मेरे पुत्र के सिवा किसी अन्य का नहीं है। यह शपथ पत्र मैं अपने पुत्र के खाते में आधार कार्ड के अनुसार नाम सुधार करवाने के लिए कर रही हूं ताकि भविष्य में लेन देन में कोई दिक्कत न आवे।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 8244 दिनांक 2.4.26

शपथकर्ता
देवन्ती देवी

भाजपा नगर इकाई ने किया दीपोत्सव और शिव आरती का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। गुरुवार को शाम सात बजे स्थानीय शिव मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भव्य दीपोत्सव एवं भगवान शिव की महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में सैकड़ों दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान भोलेनाथ से प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु और निरंतर सक्रिय जीवन की कामना की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नरेंद्र मोदी का स्वस्थ, दीर्घायु और निरंतर सक्रिय जीवन की कामना करता हूं, इसे केवल उत्सव के रूप में मनाना पर्याप्त नहीं है। यह उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हुए विकास, गरीब कल्याण और सनातन संस्कृति के संरक्षण के कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा उपस्थित रहे जबकि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदन प्रसाद वैश्य, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज सिंह, सुदर्शन प्रसाद, उत्तम सिंह, रितेश राज, बाल भगवान, रवि भाष्कर, दीपक कुमार गुप्ता, विवेक सिंह, मनोज कुमार, ओम प्रकाश प्रसाद, अभय कुमार गुप्ता इत्यादि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। पूरे आयोजन के दौरान शिव मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और हर-हर महादेव व भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

दस हजार दीपों से मनाया गया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मोत्सव के अवसर पर दिनारा विधानसभा क्षेत्र स्थित पावन भलूनी धाम में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां आस्था, उत्साह और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 10 हजार दीप प्रज्वलित कर पूरे धाम परिसर को रोशनी से जगमग किया गया और आकर्षक दीप सज्जा के माध्यम से प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं जिसकी चमक और भव्यता ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान भलूनी धाम में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ जीवन, दीर्घायु और राष्ट्र सेवा के उनके निरंतर संकल्प की सिद्धि के लिए कामना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने दीप प्रज्वलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

जनता दरबार का आयोजन, 88 परिवादों की हुई सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने अपने कार्यालय कक्ष में की। इस जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आम नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार के जनता दरबार में कुल 88 परिवादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई जिनमें सबसे अधिक 62 मामले भूमि विवाद से जुड़े हुए थे जबकि 8 मामले जनवितरण प्रणाली यानी आपूर्ति से संबंधित थे और 18 मामले अन्य विभिन्न विभागों से जुड़े थे। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी फरियादियों की बातों को गंभीरता और धैर्य के साथ सुना और कई मामलों में संबंधित अंचलाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों से मौके पर ही जानकारी ली। इसी क्रम में कुल 22 परिवादों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी कर दिया गया जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली। वहीं शेष बचे आवेदनों के लिए अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों में नियमानुसार, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए त्वरित निष्पादन किया जाए। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी हर शिकायत पर प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करेगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/13 दिनांक- 17.09.2026

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026
Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026

Offline Spot Admission Round-2 से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

1. सर्वसाधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / संस्थानों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2026/12 दिनांक- 03.09.2026 के अनुसार ITICAT-2026 की Offline Spot Admission दिनांक 07.09.2026 को सम्पन्न किया जा चुका है। Offline Spot Admission समाप्ति के पश्चात् प्रत्येक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की व्यवसायवार रिक्तियाँ उनके सूचना पट पर उपलब्ध है। **वैसे अभ्यर्थी जिनका Round-1 , Round-2 एवं Mop-up Counselling तथा Offline Spot Admission के माध्यम से किसी संस्थान में नामांकन नहीं हुआ है, विभागीय पत्रांक- सं.सं.-टी-2/नामां० (G)-01/2025-1790 दिनांक 16.09.2026 के आलोक में संस्थान स्तर पर आयोजित Offline Spot Admission Round-2 के लिए पात्रता-प्राप्त हैं। Offline Spot Admission Round-2** संस्थान स्तर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) में **आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की विवरणी निम्नवत् है;**

i. Spot Admission Round-2 में भाग लेने हेतु **आवेदन की अंतिम तिथि : 20.09.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।**

ii. Spot Admission Round-2 के माध्यम से **नामांकन की निर्धारित तिथि : 21.09.2026 पूर्वाह्न 10.00 बजे।**

2. आवेदक Spot Admission Round-2 हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 21.09.2026 पूर्वाह्न 10.00 बजे तक अपने आवेदित संस्थान में उपस्थित हो कर उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध मेधा-सह-विकल्प के आधार पर नामांकन लेंगे। इस सूचना के आधार पर निर्धारित तिथि एवं समय पर Spot Admission Round-2 में निश्चित् रूप से उपस्थित हो अन्यथा उनको अनुपस्थित मान लिया जायेगा जिसके लिये संस्थान / पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।

3. अभ्यर्थी को bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी/ कार्यालय/ संस्थान द्वारा निर्गत सभी मूल प्रमाण-पत्र/ दस्तावेज तथा उनकी एक-एक स्वसत्यापित छाया प्रतियाँ Spot Admission Round-2 के समय साथ लाना अनिवार्य है।

4. **विशेष जानकारी अभ्यर्थी अपने जिला के अंतर्गत सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्राप्त कर सकते हैं।**

परीक्षा नियंत्रक

देशी कट्टा व छह जिंदा कारतूस बरामद, तीन आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नगरनौसा। नगरनौसा थाना क्षेत्र में अवैध हथियार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर से एक देशी कट्टा समेत छह जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई बुधवार की देर रात करीब दो बजे गुप्त सूचना के आधार पर अहियातपुर गांव में की गई।थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली कि अहियातपुर निवासी इन्द्रदेव प्रसाद घर में अवैध आग्नेयास्त्र छिपाकर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने घर की घेराबंदी कर विधिवत तलाशी एवं छापेमारी शुरू की।तलाशी के दौरान घर के एक कमरे में बने लकड़ी के छज्जे पर छिपाकर रखे उजले रंग के झोले से एक देशी कट्टा तथा 315 बोर के पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा पुराने घर के खपरैलनुमा कमरे में रखे काठ के बक्से की तलाशी लेने पर 12 बोर का एक कारतूस बरामद हुआ।इस मामले में नगरनौसा थाना में कांड संख्या 228/26 दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त इन्द्रदेव प्रसाद,सुजीत कुमार तथा अजीत कुमार उर्फ डोमन को गिरफ्तार किया।

दिव्यांग खिलाड़ियों को जर्सी व उपहार देकर किया सम्मानित

प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हरनौत। इनर व्हील क्लब ऑफ आम्रपाली पटना के आधिकारिक चेयरमैन विजिट के अवसर पर पटना स्थित एक निजी होटल में दिव्यांग खिलाडियों के सम्मान एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 (बिहार-झारखंड) की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियाका कुमार की मौजूदगी में नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, बिहार के 12 दिव्यांग खिलाड़ियों को जर्सी एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। क्लब की पूर्व अध्यक्षा विमला सिन्हा ने खिलाड़ियों को जर्सी प्रदान करते हुए कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत उन्हें उचित अवसर, संसाधन और प्रोत्साहन देने की है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण कई प्रतिभावान बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते हैं। ऐसे खिलाडियों को सामाजिक संस्थाओं और सक्षम लोगों का सहयोग मिलना जरूरी है।उन्होंने नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के प्रयास की सराहना की। साथ ही भविष्य में भी खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रियाका कुमार ने भी क्लब के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ए.के. सिन्हा, कोच सह सचिव कुंदन कुमार पांडे और कोषाध्यक्ष रवि कुमार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुजाता कुमारी, प्रो. तृप्ति सिंह, आशा प्रसाद सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

बाबा मणिराम अखाड़ा मंदिर में 2500 दीयों से मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद, पटना के निर्देशानुसार गुरुवार की संध्या बाबा मणिराम अखाड़ा मंदिर परिसर में 2500 दीए जलाकर हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व न्यास परिषद के उपाध्यक्ष अमरकांत भारती ने किया। मुख्य अतिथि बिहारशरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार ने भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार समेत कार्यकर्ताओं के साथ पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। विधायक ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक करीब 25 वर्षों से जनसेवा और राष्ट्रसेवा में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीबों और वंचितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर नालंदा जिले के विभिन्न बूथों पर दीपोत्सव मनाया जा रहा है।कार्यक्रम में शैलेंद्र कुमार, अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार, शिवरतन प्रसाद, अमरेश कुमार, राजू माहुरी, अमित शान, अविनाश कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

समाहरणालय में 103 पदाधिकारियों व कर्मियों की हुई स्वास्थ्य जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। समाहरणालय में शुक्रवार को पदाधिकारियों एवं कर्मियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एनीमिया, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, किडनी फंक्शन टेस्ट और लिवर फंक्शन टेस्ट समेत विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई। उप विकास आयुक्त नालंदा सुश्री सारा अशरफ ने भी स्वयं स्वास्थ्य जांच कराकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में कुल 103 पदाधिकारियों एवं कर्मियों की जांच हुई, जिसमें 87 पुरुष और 16 महिलाएं शामिल थीं। जांच के दौरान 22 पुरुष एवं दो महिलाओं का ब्लड प्रेशर सामान्य से अधिक पाया गया। वहीं पांच पुरुष और एक महिला का ब्लड शुगर सामान्य से अधिक मिला। स्वास्थ्य जांच के लिए लिए गए सभी सैंपल की विस्तृत रिपोर्ट 19 सितंबर को प्राप्त होगी। इसके बाद चिकित्सकों की टीम समाहरणालय परिसर में पदाधिकारियों एवं कर्मियों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देगी।

शहीद थानाध्यक्ष अवधेश कुमार की मनाई गई 11वीं पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नगरनौसा। नगरनौसा थाना परिसर स्थित शहीद स्मारक पर नगरनौसा थाना में पदस्थापित शहीद थानाध्यक्ष अवधेश कुमार का ग्यारवीं पुण्यतिथि मनाई गयी। कार्यक्रम में शहीद दरोगा अवधेश कुमार के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। मौके पर थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने कहा कि शहीद दरोगा अवधेश कुमार की पहचान एक इमानदार पुलिस अधिकारी के रूप में थी। इनका नाम सुनते ही अपराधियों में खौफ कायम हो जाता था। शहीद दरोगा अवधेश कुमार एक कड़े पुलिस अधिकारी के साथ साथ एक नेक दिल इंसान भी थे। ये अपराधियों के साथ कड़ाई से पेश आया करते थे। आम लोगों के साथ इनका मधुर संबंध था। यह अपने कर्तव्य के प्रति काफी संवेदनशील रहते थे यह जहां-जहां भी गए अपनी एक अलग पहचान बनाई। मौके पर समाजसेवी अशोक कुमार, पुलिस पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं अन्य गण्यमान्य लोगों ने शहीद दरोगा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दिए। विदित हो कि तत्कालीन थानाध्यक्ष अवधेश कुमार को 17 सितंबर 15 को छापेमारी के दौरान थाना क्षेत्र के बडीहा गांव में अपराधियों ने गोली मार दिया था जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गया था।

एक नजर

बिहारशरीफ छोड़ने का झांसा देकर अस्पताल कर्मी का मोबाइल ले भागा बाइक सवार

बिहारशरीफ। नूरसराय थाना क्षेत्र के तेजा बीघा मोड़ के समीप एक बाइक सवार युवक पर बिहारशरीफ छोड़ने का झांसा देकर अस्पताल कर्मी का मोबाइल लेकर फरार होने का आरोप लगा है। पीड़ित की पहचान बेन थाना क्षेत्र के रसूल्ला गांव निवासी बृजनंदन प्रसाद के 32 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार के रूप में हुई है। वह बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। पीडित के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे वह ड्यूटी पर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान परवलपुर की ओर से आए बाइक सवार युवक ने बिहारशरीफ की दूरी पूछी और उन्हें बाइक से छोड़ने की बात कही। बार-बार आग्रह करने पर संजीत बाइक पर बैठ गए। तेजा बीघा मोड़ के पास युवक ने अपने मोबाइल से कॉल नहीं लगने की बात कहकर उनका मोबाइल मांगा। इसके बाद रुमाल सड़क पर गिराकर उसे उठाने के लिए कहा। जैसे ही संजीत बाइक से उतरे, युवक मोबाइल लेकर बिहारशरीफ की ओर फरार हो गया। पीडित ने बताया कि थाना में आवेदन देकर मोबाइल बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करेंगे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर पंचायत में बैठक

सरमेरा। प्रखंड के ससौर पंचायत सरकार भवन में शुक्रवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेस-2 के तहत बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार एवं पंचायत सचिव ललित कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में पंचायत के सभी स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक शामिल हुए.इस दौरान स्वच्छता कर्मियों एवं पर्यवेक्षकों को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। कर्मियों को पंचायत के सभी वार्डों में नियमित सफाई करने, कूड़ा-कचरे का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने तथा ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

डूबने से 38 वर्षीय युवक की मौत

बिहारशरीफ। थरथरी थाना क्षेत्र के भतहर गांव स्थित खलसा के खंधा में पाइन में डूबने से 38 वर्षीय राजीव मांझी की मौत हो गई। मृतक की पहचान भतहर गांव निवासी चंद्रमणि मांझी के पुत्र राजीव मांझी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, गांव में भी मातम का माहौल है।बताया जाता है कि राजीव मांझी खेत की ओर गया था। इसी दौरान वह पाइन में डूब गया। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थरथरी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि पाइन में डूबने से राजीव मांझी की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। इधर, राजीव की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

साइफन में मिला अधिवक्ता के 25 वर्षीय पुत्र का शव

हिलसा। तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के लोदीपुर नहर स्थित रहील छिलका के पास बुधवार को साइफन में फंसा एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। बाद में शव की पहचान करायपरसुराय थाना क्षेत्र के ग्वालबीघा गांव निवासी अधिवक्ता ओम प्रकाश के 25 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार 16 सितंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे तेल्हाड़ा थाना को लोदीपुर नहर में रहील छिलका के पास शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर थानाध्यक्ष व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान शव को छिलका के साइफन में फंसा पाया। स्थानीय गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकाला गया।शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी।

नवादा

प्रधानमंत्री के 76वें जन्मदिवस पर जले 'आशीर्वाद के दीये'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत नवादा के महिला आईटीआई, अम्बेडकर पार्क एवं प्रजातंत्र चौक पर आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने दीप प्रज्वलित किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्र सेवा, गरीब कल्याण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्मदिवस को सेवा और संकल्प के रूप में मनाते हुए जनकल्याण एवं राष्ट्रहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति देशवासियों के स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद का प्रतीक है। दीप प्रज्वलन के माध्यम से उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना के साथ सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनके जन्मदिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम जनभागीदारी और सामाजिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण है। दीयों की जगमगाहट से महिला आईटीआई, अम्बेडकर पार्क एवं प्रजातंत्र चौक का वातावरण प्रकाशमय हो उठा।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना, पूर्व जिलाध्यक्ष शशि भूषण बब्लू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय पाण्डेय, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक रवि गुप्ता, जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता, नन्द किशोर चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, नील नितिन, शिवरानी केशरी, हिमांशु कुमार, केशव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा, नवादा द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजित शंकर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा सांसद विवेक ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए सांसद विवेक ठाकुर ने उन्हें मिठाई खिलाई तथा रक्तदान का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान जैसे सेवा कार्य के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना सराहनीय पहल है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी युवाओं एवं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्मदिन को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। रक्तदान शिविर के माध्यम से भाजयुमो ने मानव सेवा का संदेश दिया है। युवाओं को समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव आगे आना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय पाण्डेय, जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविंद गुप्ता, गौरव शांडिल्य 'गगन', नन्द किशोर चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा,जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार भाजयुमो महामंत्री विकास कुमार चौधरी, रोहित कुमार, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार, शैलेश कुमार, हिमांशु, सूरज, शम्भू, हिमांशु,मंडल अध्यक्ष अमन कुमार सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कन्या शिशु जन्मोत्सव आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के घटक 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत नवादा जिले के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों हिसुआ, नारदीगंज, नरहट एवं मेसकौर में कन्या शिशु जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कन्या शिशु के जन्म को समाज में उत्सव एवं गौरव के रूप में स्थापित करना, बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उनके जन्म को सम्मान एवं प्रोत्साहन देना है। इस अवसर पर अभिभावकों को बेटियों को बालकों के समान अवसर, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, अधिकार एवं स्नेह उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। जिले के सभी 14 प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 15 सितम्बर से 19 सितम्बर 2026 तक चरणबद्ध रूप से कन्या शिशु जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जन्म से 03 माह तक की कन्या शिशुओं के साथ जन्मोत्सव मनाया जा रहा है तथा उनके अभिभावकों को बालिका के उज्ज्वल भविष्य के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान नवजात कन्या शिशुओं को उपहार स्वरूप बेबी किट का वितरण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक प्रेरक एवं आशा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया। साथ ही अभिभावकों को बालिकाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य, समय पर टीकाकरण, पोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुरक्षा के साथ-साथ विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बालिकाओं के प्रति रूढ़िवादी एवं नकारात्मक सोच को दूर करने तथा लैंगिक समानता की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया गया। आमजनों से कन्या भ्रूण हत्या एवं बालिकाओं के प्रति किसी भी प्रकार के भेदभाव का विरोध करने तथा बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के समान अवसर उपलब्ध कराने की अपील की गई।

प्रधानमंत्री का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुझा स्थित राधा पब्लिक स्कूल परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प के साथ मनाने पर बल दिया। वक्ताओं ने देश के विकास, सुशासन और जनहित के कार्यों की सराहना की। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रवि गुप्ता ने जिलेवासियों से अपने-अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अंत्योदय की भावना से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर समर्पित रहे हैं। वहीं, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतीश चौहान ने भी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और नेतृत्व की प्रशंसा की। इस अवसर पर जदयू नेता मोहन सिंह चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि राजेश चौहान, विद्यालय संचालिका जागृति कुमारी, राहुल कुमार, संजय कुमार, अनिल कुमार, सुधीर कुमार, प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, विवेक कुमार, वंदना कुमारी, काजल कुमारी, प्रिया कुमारी और शंकर कुमार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कौआकोल। सेवा माह के अंतर्गत 17 सितंबर गुरुवार को कौआकोल प्रखंड स्थित ऐतिहासिक सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल परिसर में 'आशीर्वाद के दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा के समीप किया गया,जहां अधिकारियों एवं जीविका दीदियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर उनके विचारों एवं आदर्शों को नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के ग्राम स्वराज, स्वावलंबन, सामाजिक उत्थान एवं ग्रामीण विकास के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। दीप प्रज्वलन के माध्यम से समाज में सेवा, समर्पण, सहयोग और जनकल्याण की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण का संपूर्ण जीवन समाज सेवा,लोकतांत्रिक मूल्यों तथा ग्रामीण भारत के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी समाज को सेवा और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। 'आशीर्वाद के दीया' कार्यक्रम के माध्यम से उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल के अधिकारी एवं कर्मी,जीविका संगठन की दीदियां, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर में सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता का वातावरण देखने को मिला।

कृषि विज्ञान केंद्र में अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

कौआकोल। 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026' के तहत गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र,सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के प्रांगण में वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र के वैज्ञानिकों,पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर की गई। शपथ के माध्यम से सभी ने स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा प्रत्येक वर्ष 100 घंटे यानी प्रत्येक सप्ताह दो घंटे श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने स्वच्छता को स्वस्थ समाज और स्वच्छ पर्यावरण के लिए आवश्यक बताते हुए सभी से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। मौके पर अंगद कुमार,पिंटु पासवान आदि मौजूद थे।

विश्वकर्मा पूजा पर श्रम कल्याण दिवस 2026 का आयोजन

नवादा। विश्वकर्मा पूजा पर श्रम अधीक्षक कार्यालय, नवादा स्थित संयुक्त श्रम भवन-सह-सरकारी आई0टी0आई0 परिसर में श्रम कल्याण दिवस 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रम अधीक्षक, चन्द्रशेखर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आए श्रमिकों को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी एवं जनहितकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा श्रमिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक पात्रता, निबंधन प्रक्रिया तथा विभागीय सुविधाओं के संबंध में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक द्वारा बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निबंधित निर्माण श्रमिकों के बीच निबंधन कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने श्रमिकों से विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा पात्र श्रमिकों का नियमानुसार निबंधन कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं श्रमिक कल्याण से संबंधित प्रावधानों के बारे में जानकारी साझा की गई। साथ ही, श्रमिकों की समस्याओं एवं उनके कल्याण से जुड़े विषयों पर आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्रम विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों सहित विभिन्न प्रखंडों से आए श्रमिक उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

नवादा। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं सुगम समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की जाती है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में आज जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों द्वारा कुल 35 शिकायतें दर्ज कराई गईं। अपर समाहर्ता ने परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।अपर समाहर्ता ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना तथा सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उन्हें सुगमता एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है।

पितृपक्ष मेला में सफाई पर सख्ती, गंदगी मिली तो अफसरों से मांगा जाएगा जवाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया जी। पितृपक्ष मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की पूरी जिम्मेदारी अब संबंधित अधिकारियों की होगी। मेले के दौरान मेला क्षेत्र की सड़कों और नालियों पर किसी भी स्थिति में गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही या कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ये सख्त निर्देश डीएम शशांक शुभंकर ने समाहरणालय सभागार में निगम जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ हुई एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पूरे मेला क्षेत्र को अलग-अलग जोन में बांटकर अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है और हर जोन में सफाई व्यवस्था की हर घंटे

निगरानी की जानी चाहिए। सभी अधिकारी खुद क्षेत्र में उतरकर सफाई व्यवस्था का जायजा लें और संबंधित सफाई कर्मियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर कार्य संपन्न कराएं। पितृपक्ष मेला की तैयारियों को पुख्ता करने के उद्देश्य से गुरुवार को यह महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी जिसमें मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, नगर आयुक्त डॉ। गगन कुमार और सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव के साथ नगर निगम के तमाम पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, जेई और एई मौजूद रहे। बैठक में चेतावनी देते हुए डीएम ने कहा कि मेला अवधि के दौरान अधिकारी लगातार क्षेत्र का औचक निरीक्षण करेंगे। यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी स्थान पर गंदगी या सफाई में कोई लापरवाही पाई गई तो संबंधित जिम्मेदार पदाधिकारी से तुरंत स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और उसके आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यों का अटेंडेंस चार्ट और विजिट चार्ट तैयार करने का कड़ा निर्देश दिया है, ताकि सफाई व्यवस्था की नियमित और पारदर्शी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। मेयर वीरेंद्र कुमार ने अधिकारियों से कहा कि यह विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला गया जी की वैश्विक पहचान से जुड़ा हुआ एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। देश-दुनिया के कोने-कोने से आने वाले तीर्थयात्रियों की सेवा करना और उन्हें बेहतरीन सुविधा देना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेला के दौरान साफ-सफाई पर विशेष फोकस रखा जाए ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पूरी तरह स्वच्छ और उत्तम वातावरण मिल सके। वहीं सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने भी सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने और मेला क्षेत्र में निरंतर निगरानी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने इस दौरान डीएम को नगर निगम की ओर से मेला क्षेत्र में की जा रही सभी तैयारियों की विस्तृत जानकारी भी दी। नगर निगम की ओर से जानकारी दी गई कि पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराया जा रहा है।

कबड्डी के मैदान में गया कॉलेज का शानदार प्रदर्शन, उपविजेता बनकर बढ़ाया महाविद्यालय का गौरव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में गया कॉलेज, गया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। टीम ने पूरे प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन खेल, अनुशासन, संघर्ष एवं टीम भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता में गया कॉलेज की टीम ने विभिन्न मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई और उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्रा ने उपविजेता कबड्डी टीम के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि गया कॉलेज खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास

करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। एथलेटिक्स सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार ने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि गया कॉलेज में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। कबड्डी टीम की यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पीटीआई अंजनी कुमार ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। उपविजेता की यह उपलब्धि खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें सही मार्गदर्शन और बेहतर अवसर प्रदान करने की। गया कॉलेज की टीम आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करेगी। इस अवसर पर प्रधान सहायक संतोष कुमार सिंह एवं सभी गया कॉलेज परिवार की ओर से पूरी कबड्डी टीम को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

गया में प्रेम-प्रसंग का हाईवोल्टेज ड्रामा

दो घंटे तक टावर पर अड़ा रहा प्रेमी, शादी की सहमति की बात सामने आई तो उतरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डुमरिया। गयाजी के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत बोधीबीघा थाना क्षेत्र के बतारसपुर में गुरुवार को प्रेम-प्रसंग का ऐसा हाईवोल्टेज ड्रामा सामने आया जिसने करीब दो घंटे तक पुलिस, परिजनों और ग्रामीणों की सांसें अटकाए रखीं। प्रेमिका से शादी की जिद में 24 वर्षीय युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। नीचे से लोग लगातार उसे समझाते रहे, लेकिन वह प्रेमिका की ओर से शादी के लिए 'हां' सुनने की जिद पर अड़ा रहा। करीब दो घंटे की मान-मनौव्वल और दोनों पक्षों के

बीच बातचीत के बाद युवती की ओर से शादी के लिए सहमति की बात सामने आई, तब युवक सुरक्षित नीचे उतरा और लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं युवक की पहचान डुमरिया प्रखंड अंतर्गत महुड़ी पंचायत के बतारसपुर गांव निवासी इकबाल अहमद के पुत्र मेराज अहमद के रूप में हुई है जबकि युवती झारखंड के पलामू जिले के नौडीहा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बताई जा रही है। बताया जाता है कि दोनों के बीच पिछले दो-तीन वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था और वे शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवारों की असहमति उनके रिश्ते के रास्ते में दीवार बन गई थी। पारिवारिक और सामाजिक दबाव के बीच युवती के शादी की बात से पीछे हटने पर युवक परेशान हो गया।

जर्जर अंचल निरीक्षक कार्यालय को तिरपाल का सहारा, हादसे की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। एक तरफ पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए प्रहरी के रूप में काम करती है, वहीं दूसरी ओर शेरघाटी थाना परिसर में स्थित अंचल निरीक्षक कार्यालय का भवन खुद बदहाल स्थिति में है। भवन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है। बारिश के दौरान कार्यालय के अंदर पानी नहीं आए, इसके लिए भवन की छत के ऊपर तिरपाल लगाकर अस्थायी व्यवस्था की गई है। बताया जाता है कि अंचल निरीक्षक कार्यालय का भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। छत और भवन के अन्य हिस्सों के क्षतिग्रस्त होने के कारण बारिश के मौसम में कार्यालय में पानी आने की समस्या बनी रहती है। इससे सरकारी दस्तावेजों और कार्यालय में रखे अन्य सामान के भी प्रभावित होने की आशंका रहती है। वहीं, जर्जर भवन में बैठकर काम करने वाले अधिकारी और कर्मी भी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। कर्मियों का कहना है कि भवन की स्थिति ऐसी है कि कभी भी कोई हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर गिर सकता है। इसके बावजूद अब तक भवन की मरम्मत या पुनर्निर्माण को लेकर ठोस पहल नहीं की गई है। बारिश से बचाव के लिए बड़े तिरपाल से तंबू बनाकर काम चलाया जा रहा है।

जदयू जिला संगठन के विस्तार व संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विचार-विमर्श

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया जी। जदयू जिला कार्यालय गया जी में जिला संगठन के विस्तार एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर पार्टी के वरिष्ठ साथियों के साथ महत्वपूर्ण विचार-विमर्श एवं मंथन किया गया। इस मौके पर जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसूदन राय, जिला उपाध्यक्ष कैलाश पासवान, जिला महासचिव दिनेश प्रसाद सिन्हा, जिला महासचिव विनोद यादव, जिला सचिव प्रभात राउत, जिला महासचिव पप्पू दांगी, जिला नागरिक परिषद

उपाध्यक्ष प्रकाश राम पटवा, वरिष्ठ नेता शंभू सिंह, वीरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय मिश्रा, जिला महासचिव वृजराज पांडेय, वरिष्ठ नेता राम लखन स्वर्णकार, अरुण कुमार पटेल एवं गौतम पटेल सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और जनसरोकार के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए आगे की रणनीति पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया।

ट्रैक्टर में करंट से चालक की मौत, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गया)। प्रखंड के श्रीगांव पंचायत के कईयांटाड़ गांव में गुरुवार को करंट की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। मृतक गोविंद दास (पिता-बूटाई दास) सुबह करीब साढ़े छह बजे विमलेश सिंह के ट्रैक्टर से खेत में खाद छिड़कने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर में अचानक करंट प्रवाहित हो गया। वह उसकी चपेट में आ गए। परिजन उन्हें निजी क्लीनिक ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे चार बेटी और दो बेटे छोड़ गए हैं। सभी की उम्र 12 वर्ष से कम है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। इधर घटना से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने मऊ बाजार के उसास-देवरा मोड़ के पास सड़क जाम कर दी। जाम से दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर मऊ थानाध्यक्ष बिजली कुमारी पुलिस बल के साथ पहुंचीं और लोगों को समझाकर जाम हटवाया।

दिघौरा पंचायत में फिर खुली योजनाओं की फाइल, दूसरी बार जांच को पहुंची विभागीय टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। दिघौरा पंचायत में विकास योजनाओं के नाम पर कथित अनियमितता का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। विभागीय शिकायत और पूर्व की जांच में सामने आए गंभीर बिंदुओं के बाद पंचायती राज विभाग की टीम गुरुवार को दूसरी बार पंचायत पहुंची। टीम ने पंचायत क्षेत्र में संचालित कई विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित कागजात व अभिलेखों की पड़ताल की। जांच के बाद टीम मुख्यालय लौट गई। विभागीय टीम के दोबारा पहुंचने से पंचायत की योजनाओं को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। गौरतलब है कि दो जुलाई को भी पंचायती राज विभाग की टीम ने दिघौरा पंचायत में

पहुंचकर नौ योजनाओं की जांच की थी। जांच के बाद पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने जिला पदाधिकारी को पत्र भेजकर संबंधित अधिकारी, कर्मी और जनप्रतिनिधि के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की थी। विभागीय पत्र में पूर्व की जांच के दौरान योजनाओं के दोहरीकरण, अभिलेखों के समुचित संधारण नहीं होने, दस्तावेजों के गायब रहने तथा मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा कथित रूप से राशि की अवैध निकासी जैसे मामले सामने आने का उल्लेख किया गया था। इसी आधार पर तत्कालीन बीपीआरओ के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठित करने की अनुशंसा की गई थी। तत्कालीन पंचायत सचिव मनोज कुमार व विपुल देव, वर्तमान पंचायत सचिव विकास कुमार, तकनीकी सहायक सुभाष कुमार दांगी तथा लेखापाल सह आईटी सहायक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई थी। वहीं, मुखिया के विरुद्ध कार्रवाई के साथ नीलाम पत्र दायर कर राशि की वसूली की अनुशंसा की गई थी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गया)। अहियापुर-गुरारू मुख्य पथ पर पलांकी सखी गांव में गुरुवार शाम करीब सात बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका ललिता देवी, पति फगुनी पासवान, पलांकी सखी गांव की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार ललिता देवी गांव के मुख्य मार्ग से गुजर रही थीं, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को ग्रामीण सीएचसी ले जा रहे थे, रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना पर कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया।

हसनपुर गांव में कीचड़ से बुरा हाल, 15 साल से नहीं बनी नाली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गया)। प्रखंड की चबूरा पंचायत के हसनपुर गांव में गली-नाली नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। जलजमाव और कीचड़ से लोगों का चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार महादेव स्थान से राम विलास यादव के घर तक और राजेंद्र यादव के घर से पूरब सियाराम यादव, रामाशीष यादव के घर तक जाने वाली गली सबसे ज्यादा खराब है। 15 साल पहले हुआ ईंट सोलिंग टूट चुका है। गलियों में आधा फीट तक कीचड़ जमा है। बताया गया कि कुछ माह पहले नाली निर्माण शुरू हुआ, लेकिन अधूरा छोड़ दिया गया। इससे पानी की निकासी नहीं हो रही है। बरसात में हालत और बिगड़ गई है।

जिस जमीन ने पीढ़ियों को दिया सहारा, उसी पर मनरेगा ने लगाए पौधे

परवाना-रसीद लेकर न्याय की चौखट पर पहुंचे गरीब परिवार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डुमरिया। गया जिले का नक्सल प्रभावित इलाका डुमरिया प्रखंड अंतर्गत छकरबंधा इलाका कभी उग्रवाद की गंभीर चुनौती से जूझता रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार उस दौर में जमीन और संसाधनों से जुड़े विवाद भी ग्रामीणों के असंतोष की बड़ी वजहों में गिने जाते थे। समय बदला, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई और सरकार-प्रशासन ने विकास व शिक्षा के माध्यम से इलाके को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन अब छकरबंधा पंचायत के केनुआटांड़ में जमीन को लेकर सामने आए एक विवाद ने प्रशासन और मनरेगा की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक गरीब परिवार जिस जमीन का परवाना और वर्षों से कट रही राजस्व रसीद दिखा रहा है, वह करीब एक एकड़ 50 डिसमिल जमीन पर मनरेगा योजना से पौधरोपण करा दिया गया है। इसे लेकर पीड़ित शिवम भुइयां और सरोज भुइयां का दावा है कि खाता संख्या-521 और प्लॉट संख्या-3963 की जमीन उनके परिवार को वर्ष 1995-96 में परवाने पर मिली थी। तब से जमीन पर उनका कब्जा है और राजस्व रसीद भी कट रही है। उनका आरोप है कि करीब एक माह पहले बिना किसी सूचना या सहमति के मुखिया इम्तियाज अहमद की ओर से मनरेगा के तहत जमीन पर पौधे लगवा दिए गए। अब पौधों की सुरक्षा के लिए कांटेदार तार से घेराबंदी की तैयारी है और मौके पर तार व खंभे भी रखे गए हैं।

गुरुआ प्रखंड में जनता दरबार की व्यवस्था पर उठे सवाल, मायूस होकर लौटे फरियादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरुआ। बिहार सरकार की ओर से आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार आयोजित करने का निर्देश दिया गया, लेकिन गुरुआ प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार की व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए। दूर-दराज के इलाकों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे कई फरियादियों को अपेक्षित समाधान नहीं मिल सका और उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। फरियादियों का कहना है कि समस्याओं के समाधान की उम्मीद में वे प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन वहां समुचित व्यवस्था नहीं दिखी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में अंचल अधिकारी अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। वहीं अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। कुछ पदाधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं दिखे जबकि फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। जनता दरबार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की समस्याओं को एक ही स्थान पर सुनकर संबंधित विभाग के माध्यम से उनका समाधान कराना है। ऐसे में यदि निर्धारित दिन पर फरियादियों को अधिकारियों की उपलब्धता और समस्याओं के समाधान के लिए इंतजार करना पड़े तो जनता दरबार की व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेलागंज (गया)। रामेश्वर प्लस उच्च विद्यालय बेलागंज में प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम की अध्यक्षता में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं तंबाकू के सेवन से दूर रहने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने में अपने सहयोग और कर्तव्यों का पालन करने का शपथ लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि आप देश व समाज के भविष्य हैं आपकी चेतना समाज को नशा मुक्त बनाएगी। आप नशा करने से बच्चे एवं अपने परिवार के सदस्यों को नाश करने से बचाएं रोक टोक और उसके दुष्प्रभाव का परिणाम बताकर उन्हें जागरूक करें यही सबसे बड़ी देश के प्रति राष्ट्रीयता होगी।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
National Highways Division Medininagar
(In Campus of Road Division, Daltonganj)
Daltonganj, Dist.-Palamu-822101
Ph. No. 06562- 231237, E-mail Id- eenhmedini@gmail.com

Notice for Tender Cancellation
(Very Short term IFB)

E-tender invited vide PR No.-PR 388969 District(26-27)#D for the Tender Reference No.-NH/MEDININAGAR/SBD/02/2026-27 Dated: 02.09.2026 for the work of "Construction of RCC Drain work in Pachparwa in 154th km of NH-343 in the state of Jharkhand for the year 2026-27" is here by cancelled due to some unavoidable reason.

Executive Engineer
NH Division, Medininagar

PR 389945 District (26-27) D"

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(चोरी की गई स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–ब्लैक सिल्वर एस0टी0आर0)

गढ़वा थाना कांड सं0–555/26, दिनांक–21.08.2026 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–ब्लैक सिल्वर एस0टी0आर0) रजी0 नं0–JH03AB-8180, चेचिस नं0–MBLHAW11LHFB0212, इंजन नं0–HA11EVLHF94028 का अज्ञात चोर के द्वारा गढ़वा थाना क्षेत्र अन्तर्गत उमंग मैरेज हॉल नवादा मोड़ गढ़वा के सामने पक्की रोड से चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 390082 Police(26-27)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।

पत्रांक–1174 (अनु0), दिनांक–18.09.2026

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – NP/04/2026-27)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–**13.10.2026** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**14-10-2026** को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**14-10-2026** 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची। (2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण :–**

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु0 में)	अग्रधन की राशि (रु0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Ordinary Repair and PQC Work of Daltonganj Thana Police Station to Sabji Market via Panchmuhan & Sabji Market to Sadar Hospital via Kaniram Chowk Road (ODR) Width-7.0 m	10,00,000.00	20,000.00	1250.00	02 Months
2	Ordinary Repair of Daltonganj-Kutchery Chowk-Abadganj-SP Kothi-ROB-Forest Colony-Gayatri Mandir Road	3,00,000.00	6,000.00	750.00	02 Months
3	Construction of Culvert Railing in Chiyanki Rajwadih By-Pass Road	10,00,000.00	20,000.00	1250.00	02 Months
4	Construction of RCC Railing in Mohhamadganj-Dangwar Road at Ch 19th Km	15,00,000.00	30,000.00	2500.00	02 Months
5	पथ प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत हाथी खाना गोदाम परिसर में NH Office एवं SE Residence का Boundary Wall का कार्य।	24,50,000.00	50,000.00	5,000.00	02 Months
6	Ordinary Repair and Renovation of I.B. Patan	10,00,000.00	20,000.00	1250.00	02 Months
7	Construction of MS Railing in Chhatarpur Dumariya Road (MDR-128) at Ch-12.50 Km	2,00,000.00	4,000.00	500.00	01 Month

नोटः– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 390033 (District) 26-27 (D)

संपादकीय

राजस्थान : भाजपा की फीकी जीत

राजस्थान में हाल में सम्पन्न नगरीय निकाय चुनाव नतीजों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भले ही सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे 'प्रचंड जीत' बताया हो, लेकिन जो नतीजे आए हैं, वो हकीकत में भाजपा के लिए खतरे की घंटी है। क्योंकि इन परिणामों के बाद राज्य में शहरी क्षेत्रों में भाजपा और प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के वोट शेयर में महज 1 फीसदी का अंतर रह गया है। कहने को अभी भी भाजपा नंबर एक की पार्टी है, लेकिन राज्य में नगरीय निकायों जिस तर आप का उभार हुआ है और कई निकायों में बड़ी संख्या में निर्दलीय जीते हैं, उससे यही संदेश जा रहा है कि ज्यादातर लोग राज्य की भजनलाल सरकार के काम काज से खुश नहीं है। गौरतलब है कि राजस्थान में हाल में दो चरणों में सम्पन्न 309 शहरी निकायों के चुनावों में बीजेपी को कांग्रेस से केवल 99615 वोट ज्यादा मिले हैं। कुल 1.06 करोड़ वोटों में से बीजेपी को 37.35 लाख, कांग्रेस को 36.35 लाख और निर्दलीयों को 29.06 लाख वोट मिले हैं। जबकि पांच अन्य पार्टियों को नोटा से कम वोट मिले हैं। नोटा को 1.09 लाख वोट मिले हैं। वहीं, हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी को 1 लाख 277 वोट मिले हैं। आम आदमी पार्टी (आप) को 49829, बीएपी को 14150, सीपीएम को 34,170 और बसपा को 30179 वोट मिले हैं।

बीजेपी का वोट शेयर 35.18 फीसदी, कांग्रेस को 34.24 फीसदी बीजेपी और कांग्रेस के वोट शेयर में एक फीसदी से भी कम का अंतर है। बीजेपी का वोट शेयर 35.18 फीसदी, कांग्रेस का 34.24 फीसदी और निर्दलियों का 27.38 फीसदी वोट शेयर है। कई जगह बीजेपी बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, लेकिन बहुमत से दूर रही है। नतीजों में 60 निकायों में बीजेपी को स्पष्ट बहुमत मिला है। 11 निकायों में कांग्रेस और बीजेपी को बराबर सीटें मिली हैं। यहां पर दल बदल या निर्दलीयों से ही बोर्ड बन सकता है।100 वार्ड वाले जोधपुर नगर निगम में कांग्रेस-बीजेपी को 44-44 वार्डों में जीत मिली है, यहां 10 निर्दलीय हैं। पीसांगन,अंता,कापरेन, राजलदेसर, बसेड़ी, सूरतगढ़, मारवाड़ जंक्शन, धरियावद, खाटूश्यामजी में कांग्रेस और बीजेपी को बराबर सीटें मिली हैं। बीजेपी ने कांग्रेस से 566 वार्ड ज्यादा जीते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 10244 वार्डों में से 10235 वार्डों के रिजल्ट घोषित हुए, 9 वार्डों पर रिपोलिंग होगी। बीजेपी ने कांग्रेस से 566 वार्ड ज्यादा जीते हैं। कांग्रेस ने 3613, बीजेपी ने 4179 वार्ड जीते हैं जबकि निर्दलीयों ने 2273 वार्डों में जीत दर्ज की है। खास बात यह है कि कहने तो इन चुनावों में भाजपा जीती है, लेकिन प्रतिपक्षी कांग्रेस ने भी अपनी ताकत बढ़ाई है। यही वजह है, जिसके लिए भाजपा को चिंतित होना चाहिए। क्योंकि अमूमन यह माना जाता है कि स्थानीय निकायों के चुनावों में सत्तारूढ़ दल का पलड़ा ही भारी रहता है। लेकिन नतीजे कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशासनिक और प्रबंधन क्षमताओं पर तो शुरू से ही प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। वो प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो पहले कभी विधायक भी नहीं रहे और जिन्हे केवल संघ के दबाव में सीएम बनाया गया था। सीएम बनने के बाद भी वो कोई कमाल नहीं कर पाए हैं। इन चुनावों को जुलाई में दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए जेन ज़ी के आंदोलन और नाराजी के संदर्भ में देखा जा रहा था, लेकिन नतीजों से जेन ज़ी की नाराजी को लेकर कोई ठोस निष्कर्ष निकालना गलत होगा। हालांकि नगरीय निकाय चुनाव नतीजे विस और लोस चुनावों को भी प्रभावित करेंगे, यह कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन भाजपा आला कमान को राज्य की कमान की सक्षमता पर पुनर्विचार को करना होगा।

सवाल पूछने की आजादी बनाम अराजकता

असली सवाल यह होना चाहिए कि क्या इस पूरे विवाद के बाद उन आदिवासी बच्चों की मौत के वास्तविक कारण, प्रशासनिक जवाबदेही और पीड़ित परिवारों की समस्याएं पहले से अधिक स्पष्ट हुआ या सोशल मीडिया का शोर उन सवालों को ही निगल गया? इन्ही कारणों से भारत में डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और पारंपरिक पत्रकारों के लिए जवाबदेही, पारदर्शिता और नैतिकता तय करने के मकसद से सरकार, सुप्रीम कोर्ट और नियामक संस्थाएं लगातार नियमों को सख्त कर रही हैं। केवल 'व्यूज' या 'फॉलोअर्स' के दम पर कुछ भी पोस्ट करने की छूट नहीं है। नए नियमों के अनुसार, यदि कोई व्यक्तिगत क्रिएटर जो पंजीकृत न्यूज चैनल नहीं है और यूट्यूब, इंस्टाग्राम या 'एक्स' पर समाचार या राजनीतिक कंटेंट पोस्ट करता है, तो वह भी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के दायरे में आ सकता है। उन्हें पारंपरिक मीडिया की तरह ही जिम्मेदार व्यवहार करना होगा।

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके को मध्य प्रदेश के बालाघाट में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स द्वारा घेरे जाने और उनके साथ तीखी बहस करने की घटना इंटरनेट पर एक बड़ी बहस का विषय बनी हुई है। इस व्यवहार के जायज होने या न होने को लेकर सोशल मीडिया और आम जनता के बीच दो बेहद अलग और स्पष्ट दृष्टि देखा जा रहा है।सोशल मीडिया पर एक वर्ग का मानना है कि इन्फ्लुएंसर्स का सवाल पूछना गलत नहीं था।

बालाघाट के गांवों में संक्रामक बीमारियों से आदिवासी बच्चों की दुखद मौत हुई थी। दीपके जब पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे, तो महिला इन्फ्लुएंसर ने माइक लगाकर उनसे पूछा कि वे इतनी देरी से क्यों आए हैं, जिस पर खुद दीपके ने भी देरी के लिए माफी मांगी थी। वीडियो में इन्फ्लुएंसर्स को यह कहते भी सुना गया कि 'यहां अच्छी सड़कें बनी हैं, क्या आपको दिखाई नहीं दे रहा है?' समर्थकों का मानना है कि केवल राजनीतिक नैरेटिव बनाने के बजाय क्षेत्र में हुए विकास और हकीकत पर सवाल पूछना जायज है। इन्फ्लुएंसर्स ने उन पर 'लाशों पर राजनीति' करने का आरोप लगाया। कुछ लोगों का कहना है कि जब कोई सार्वजनिक हस्ती या राजनीतिक आंदोलन का नेता किसी संवेदनशील मुद्दे को समझने आता है, तो जनता या कंटेंट क्रिएटर्स को उनसे तीखे सवाल पूछने का पूरा अधिकार है। दूसरी ओर, एक बड़ा वर्ग इस व्यवहार को पूरी तरह से गलत और परेशान करने वाला मान रहा है। स्थानीय मीडिया कर्मियों और पत्रकारों ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि इतनी दूरदराज के आदिवासी इलाकों में अचानक बाहर से आए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का यह समूह कैसे पहुंच गया। कुछ लोगों ने आशंका जताई कि यह दीपके के दौरे में बाधा डालने के लिए एक सुनियोजित प्रयास हो सकता है।वीडियो में जिस तरह कार को घेरकर आक्रामक अंदाज में तीखे सवाल पूछे गए और बाद में उनके जाने पर 'वह भाग गया, वह भाग गया' कहकर हूटिंग की गई, उसे कई विश्लेषक पत्रकारिता या स्वतंत्र राय नहीं बल्कि व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाना और 'कंटेंट' के लिए हंगामा खड़ा करना मान रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि इन्फ्लुएंसर्स ने सरकार से सवाल पूछने के बजाय विपक्ष या आंदोलनकारी नेताओं को घेरकर मूल मुद्दे से ध्यान भटकाने का काम किया है। किसी संवेदनशील मुद्दे पर राजनेताओं या सामाजिक कार्यकर्ताओं से सवाल पूछना लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा है, लेकिन सवाल पूछने का तरीका, मंशा और उसकी भाषा मर्यादित होनी चाहिए। इसमें अक्सर वास्तविक मुद्दों पर चर्चा होने के बजाय हंगामा, तीखी बहस और व्यक्तिगत हमले हावी हो जाते हैं। जब किसी को अचानक आक्रामक तरीके से घेरा जाता है, तो वह आत्मरक्षा में आ जाता है। ऐसे माहौल में किसी भी गंभीर या प्रशासनिक समस्या का तार्किक समाधान या सही जवाब निकलना नामुमकिन हो जाता है। कई बार यह तरीका केवल सोशल मीडिया पर व्यूज और ध्यान खींचने के लिए अपनाया जाता है। यही वजह है कि जहां एक पक्ष इसे नेताओं की जवाबदेही तय करने वाला 'रियलिटी चेक' कह रहा है, वहीं दूसरा पक्ष इसे केवल पब्लिसिटी के लिए की गई हूटिंग और एक गंभीर मुद्दे को दबाने का प्रयास मान रहा है। एक पेशेवर पत्रकार और केवल कैमरा लेकर सड़क पर उतरे किसी व्यक्ति में कुछ बुनियादी फर्क होते हैं, जो मर्यादित पत्रकारिता को जरूरी बनाते हैं। मर्यादित पत्रकारिता में सवाल पूछने से पहले पूरी रिसर्च की जाती है। वहां केवल आरोप नहीं लगाए जाते, बल्कि सबूतों और आंकड़ों के साथ बात की जाती है।पेशेवर पत्रकारिता की एक आचार संहिता होती है। इसमें तीखे से तीखे सवाल भी पूरी शालीनता, संयम और बिना किसी शारीरिक या मानसिक दबाव के पूछे जाते हैं। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सवाल पूछने की आजादी जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी सवाल पूछने की मर्यादा भी है। बिना मर्यादा के की गई पत्रकारिता केवल अराजकता को जन्म देती है, समाधान को नहीं। बालाघाट जैसी घटना में, जहां बच्चों की मौत एक बेहद गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है, वहां मर्यादित पत्रकारिता का काम प्रशासन की कमियों को उजागर करना है। जब पत्रकारिता मर्यादित नहीं होती, तो पूरा मामला 'किसने किससे क्या कहा' के व्यक्तिगत झगड़े में बदल जाता है और मुख्य पीड़ित गरीब परिवार जिन्होंने बच्चे खोए हैं वो हाशिए पर चले जाते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिस सामग्री को अधिक लोग देखते, साझा करते और उस पर प्रतिक्रिया देते हैं, उसे एल्गोरिदम अधिक लोगों तक पहुंचाता है। इसका परिणाम यह है कि शांतिपूर्ण बातचीत, दस्तावेजों के आधार पर की गई खोजी रिपोर्ट और तथ्यात्मक विश्लेषण की तुलना में टकराव, उत्तेजना, गुस्सा और विवाद अधिक तेजी से वायरल हो जाते हैं। इससे एक नया 'कंटेंट कल्चर' पैदा हुआ है जिसमें कई बार वास्तविक पत्रकारिता से ज्यादा महत्वपूर्ण यह हो जाता है कि वीडियो कितना वायरल हुआ है। किसी व्यक्ति को घेरना, उसकी प्रतिक्रिया को उकसाना, फिर उस प्रतिक्रिया को शीर्षक बनाकर प्रसारित करना,यह मॉडल दर्शकों का ध्यान तो खींच सकता है, लेकिन इससे जरूरी नहीं कि जनता को वास्तविक समस्या की बेहतर जानकारी मिले। फॉलोअर्स की संख्या विश्वसनीयता का प्रमाण नहीं है और वायरल वीडियो तथ्यात्मकता का प्रमाण नहीं है। बालाघाट की घटना को केवल अभिजीत दीपके और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के बीच विवाद के रूप में देखना इस पूरे मामले को छोटा कर देना होगा। असल में यह भारत में तेजी से बदलते मीडिया परिदृश्य की तस्वीर है।एक तरफ सोशल मीडिया ने आम नागरिक को अपनी बात कहने का अभूतपूर्व अधिकार दिया है। दूसरी तरफ इसी माध्यम ने सूचना, राय, प्रचार, मनोरंजन और पत्रकारिता के बीच की सीमाओं को धुंधला कर दिया है। आज हर व्यक्ति को सवाल पूछने का अधिकार है, लेकिन हर सवाल पत्रकारिता नहीं है। हर कैमरा समाचार माध्यम नहीं है। हर वायरल वीडियो सत्य नहीं है और हर तीखा सवाल जनहित का सवाल नहीं होता। इसलिए सवाल यह नहीं होना चाहिए कि कौन जीता और कौन हार गया। असली सवाल यह होना चाहिए कि क्या इस पूरे विवाद के बाद उन आदिवासी बच्चों की मौत के वास्तविक कारण, प्रशासनिक जवाबदेही और पीड़ित परिवारों की समस्याएं पहले से अधिक स्पष्ट हुआ या सोशल मीडिया का शोर उन सवालों को ही निगल गया? इन्ही कारणों से भारत में डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और पारंपरिक पत्रकारों के लिए जवाबदेही, पारदर्शिता और नैतिकता तय करने के मकसद से सरकार, सुप्रीम कोर्ट और नियामक संस्थाएं लगातार नियमों को सख्त कर रही हैं। केवल 'व्यूज' या 'फॉलोअर्स' के दम पर कुछ भी पोस्ट करने की छूट नहीं है। नए नियमों के अनुसार, यदि कोई व्यक्तिगत क्रिएटर जो पंजीकृत न्यूज चैनल नहीं है और यूट्यूब, इंस्टाग्राम या 'एक्स' पर समाचार या राजनीतिक कंटेंट पोस्ट करता है, तो वह भी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के दायरे में आ सकता है। उन्हें पारंपरिक मीडिया की तरह ही जिम्मेदार व्यवहार करना होगा।अगर कोई क्रिएटर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल, वॉयस क्लोनिंग या फेस स्वैपिंग का उपयोग कर रहा है, तो उसे वीडियो में स्पष्ट रूप से 'एआई जनित' होने का डिस्क्लोजर देना होगा। नए नियमों के तहत, यदि किसी कोर्ट या अधिकृत सरकारी एजेंसी को कोई कंटेंट गैर-कानूनी या भड़काऊ लगता है, तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और डिजिटल न्यूज प्रकाशकों को उसे 3 घंटे के भीतर हटाना होगा। पहले यह समय सीमा 36 घंटे की थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी आर्टिकल 19(1)(ए) असीमित नहीं है। नफरत फैलाने वाले भाषण या समाज में अराजकता फैलाने वाली ग्राउंड रिपोर्टिंग पर कानूनी कार्रवाई के रूप में जुर्माना या अकाउंट सस्पेंशन का प्रावधान है। इन सख्त गाइडलाइंस के आने से सड़क पर बिना किसी जिम्मेदारी के कैमरा लेकर किसी को भी डराने-धमकाने वाले या फर्जी खबरें फैलाने वाले 'कथित पत्रकारों' और इन्फ्लुएंसर्स पर कानूनी शिकंजा कसा जा सकता है।

अध्यात्म

खुद पर भरोसा करना सीखें

पुराने समय में एक आश्रम में दो संत एक साथ एक आश्रम में रहते थे। दोनों का जीवन एक समान ही था। दोनों सुबह ब्रह्ममुहूर्त में उठते, पूजा-पाठ करते, साधना करते और जरूरतमंद लोगों की सहायता करते थे। आश्रम में दूर-दूर से लोग अपनी परेशानियां लेकर आते और दोनों संत उन्हें अपनी बुद्धि से उचित मार्गदर्शन देते। दोनों की सलाह इतनी प्रभावी होती थी कि लोगों की समस्याएं काफी हद तक दूर हो जाती थीं। दोनों संतों के स्वभाव में एक बड़ा अंतर था। पहले संत का नाम था सुखी। वह हर परिस्थिति में प्रसन्न रहता था। चाहे कठिन समय हो या सफलता का अवसर, उसके चेहरे पर हमेशा संतोष और आत्मविश्वास झलकता था। वहीं दूसरे संत का नाम था दुखी। वह हर छोटी-बड़ी बात को लेकर चिंतित रहता, परिणामों को लेकर परेशान रहता और हमेशा किसी न किसी कमी का अनुभव करता था। गांव के लोगों ने दोनों संतों के अलग-अलग स्वभाव की वजह से उनके नाम सुखी-दुखी रख दिए थे। एक दिन दुखी संत ने सोचा कि जब दोनों का जीवन, दिनचर्या और कर्म समान हैं, तो फिर उसके जीवन में अशांति क्यों है? वह अपने गुरु के पास पहुंचा और अपनी शंका व्यक्त की। गुरु ने मुस्कुराते हुए कहा, 'तुम दोनों के कर्म एक जैसे हैं, लेकिन सोच अलग है। सुखी संत हर परिस्थिति को अवसर मानता है। उसे अपने प्रयासों और ईश्वर पर पूरा विश्वास है। वह परिणाम की चिंता करने के बजाय वर्तमान में अपना श्रेष्ठ कार्य करता है। इसलिए उसका मन शांत रहता है। ' फिर गुरु ने दुखी संत से कहा, 'तुम हर काम करते समय पहले ही असफलता की कल्पना कर लेते हो। तुम्हें स्वयं पर भरोसा नहीं है और तुम हमेशा दूसरों से तुलना करते रहते हो। यही तुम्हारे दुख का सबसे बड़ा कारण है। ' गुरु की बात सुनकर दुखी संत को अपनी भूल समझ आ गई। उसने उसी दिन से अपने विचार बदलने का संकल्प लिया। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास बढ़ा, मन शांत हुआ और जीवन में खुशियां लौटने लगीं। तब उसे एहसास हुआ कि परिस्थितियां नहीं, बल्कि हमारी सोच ही हमारे जीवन की दिशा तय करती है।

सीख – हर व्यक्ति को कभी न कभी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। फर्क सिर्फ इतना होता है कि कोई व्यक्ति उन चुनौतियों के आगे हार मान लेता है, जबकि कोई उन्हें अवसर बनाकर आगे बढ़ जाता है। सकारात्मक सोच इसी अंतर को पैदा करती है। खुद पर भरोसा करना सीखें। यदि आपको अपनी क्षमता पर विश्वास होगा, तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी संभव लगने लगेगा।

अस्सी का दशक लौटा, क्या उसके विचार भी लौटेंगे?

उस दौर का सबसे महत्वपूर्ण सबक शायद यही है कि सामाजिक जीवन केवल उपभोग से नहीं बनता। संस्कृति बाजार से खरीदी जाने वाली वस्तु नहीं, बल्कि समाज के भीतर विकसित होने वाली सामूहिक स्मृति और संवेदना भी है। आज अस्सी के दशक का फैशन लौट रहा है। यह बुरा नहीं है। अतीत से खेलना, उसे नए ढंग से देखना और उसकी दृश्य स्मृतियों को पुनर्जीवित करना सांस्कृतिक आनंद का हिस्सा है। लेकिन यदि हम वास्तव में उस दौर को याद करना चाहते हैं तो उसकी कमीज के साथ उसकी बेचैनी भी पहननी होगी, उसके चश्मे के साथ उसकी दृष्टि भी और उसके गीतों के साथ उसके सवाल भी। रेट्रो फिल्टर चेहरे को अस्सी के दशक में पहुंचा सकता है, विचार नहीं। उसके लिए हमें फिल्टर हटाना पड़ेगा। शायद असली सवाल यही है–हम अस्सी के दशक में लौटना चाहते हैं, या केवल उसकी तस्वीर में अच्छे दिखना चाहते हैं?

शल मीडिया पर इन दिनों अस्सी का दशक लौट आया है। बड़े चश्मे, चौड़ी कॉलर की कमीजें, बेल-बॉटम, रंगीन कपड़े, पुराने हेयर स्टाइल और उस समय की तस्वीरों जैसा पोज–सब कुछ फिर से फैशन में है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता औरडिजिटल फिल्टर की मदद से आज का चेहरा भी अस्सी के दशक की फोटोजेनिक छविमें आसानी से बदला जा सकता है। नई पीढ़ी अतीत को पहन रही है और पुरानी पीढ़ी अपने अतीत को फिर से देख रही है। लेकिन सवाल यह है कि क्या किसी दशक को केवल उसके पहनावे से याद करना पर्याप्त है? यदि अस्सी का दशक लौट ही रहा है तो उसके विचारों को भी याद किया जानाचाहिए। क्योंकि वह केवल फैशन और फिल्मी गीतों का दशक नहीं था। वह राजनीतिक बेचैनी, सामाजिक परिवर्तन, वैचारिक संघर्ष और सांस्कृतिक संक्रमण का भी समय था।

उस दौर में भारत की अर्थव्यवस्था आज की तरह बाजार-केंद्रित नहीं थी। उपभोक्ता के पास विकल्प कम थे। टेलीविजन घर-घर पहुंच रहा था, लेकिन चैनलों की बाढ़ नहीं आई थी। दूरदर्शन पर जो दिखता था, उसके अगले ही क्षण मोबाइल पर दूसरी हजार चीजें देखने की सुविधा नहीं थी। इसलिए कार्यक्रम देखने का अनुभव अधिक सामूहिक था। रविवार की सुबह का धारावाहिक हो या शाम का फिल्मी कार्यक्रम–परिवार और पड़ोस उसके दर्शक बनते थे। सिनेमा भी अपने दो समानांतर संसारों में चल रहा था।

एक ओर लोकप्रिय फिल्मों का नायक था, तो दूसरी ओर समानांतर सिनेमा सामाजिक यथार्थ, गरीबी, शोषण, जाति, स्त्री और व्यवस्था के प्रश्नों को सामने ला रहा था। साहित्य और रंगमंच भी समाज से अपने संबंध को लेकर गंभीर थे। रचनाकार का काम केवल मनोरंजन करना नहीं, सवाल खड़े करना भी माना जाता था। राजनीति में भी असहमति के लिए सार्वजनिक जगहें थीं। विश्वविद्यालयों, साहित्यिक मंचों, चाय की दुकानों और अखबारों के संपादकीय पन्नों पर राजनीतिक विचारों को लेकर बहस होती थी। हर मतभेद को व्यक्तिगत दुश्मनीमें बदल देना आवश्यक नहीं था। विचारधाराओं के बीच तीखा संघर्ष था, लेकिन विचार शब्द की अपनी एक प्रतिष्ठा थी। यह कहना गलत होगा कि अस्सी का दशक कोई आदर्श युग था। उस समय भी जातिगत भेदभाव, गरीबी, बेरोजगारी, लैंगिक असमानता और सामाजिक रूढ़ियां मौजूद थीं। महिलाओं की स्वतंत्रता आज की तुलना में अधिक सीमित थी। संचार और तकनीक की कमी अनेक लोगों के लिए सुविधा नहीं, परेशानी थी। इसलिए अतीत को एक चमकदार फिल्टर लगाकर देखना इतिहास के साथ न्याय नहीं होगा। फिर भी उस समय की कुछ सामाजिक आदतें आज विशेष रूप से याद आती हैं। पड़ोस केवल मकानों का समूह नहीं था। पुस्तकालय केवल किताबों की अलमारी नहीं था। मैदान केवल खेल की जगह नहीं थे। साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजन केवल तस्वीर खिंचवाने के अवसर नहीं होते थे। लोगों के बीच प्रत्यक्ष संवाद था और सार्वजनिक जीवन में भागीदारी का अर्थ केवल सोशल मीडिया पर अपनी राय लिख देना नहीं था। आज हमारे पास अभूतपूर्व सूचना है, लेकिन सूचना और विचार के बीच का अंतर भी बढ़ा है। हम कुछ सेकंड में हजारों प्रतिक्रियाएं देख सकते हैं, मगर किसी एक विचार पर कुछ मिनट ठहरना कठिन होता जा रहा है। अस्सी के दशक में सूचना कम थी, इसलिए शायद चर्चा अधिक थी; आज सूचना बहुत है, इसलिए भ्रम और शोर भी अधिक है।

उस दौर का सबसे महत्वपूर्ण सबक शायद यही है कि सामाजिक जीवन केवल उपभोग से नहीं बनता। संस्कृति बाजार से खरीदी जाने वाली वस्तु नहीं, बल्कि समाज के भीतर विकसित होने वाली सामूहिक स्मृति और संवेदना भी है। आज अस्सी के दशक का फैशन लौट रहा है। यह बुरा नहीं है। अतीत से खेलना, उसे नए ढंग से देखना और उसकी दृश्य स्मृतियों को पुनर्जीवित करना सांस्कृतिक आनंद का हिस्सा है। लेकिन यदि हम वास्तव में उस दौर को याद करना चाहते हैं तो उसकी कमीज के साथ उसकी बेचैनी भी पहननी होगी, उसके चश्मे के साथ उसकी दृष्टि भी और उसके गीतों के साथ उसके सवाल भी। रेट्रो फिल्टर चेहरे को अस्सी के दशक में पहुंचा सकता है, विचार नहीं। उसके लिए हमें फिल्टर हटाना पड़ेगा। शायद असली सवाल यही है–हम अस्सी के दशक में लौटना चाहते हैं, या केवल उसकी तस्वीर में अच्छे दिखना चाहते हैं?

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
आज खर्चों में संतुलन और बातचीत में धीरज बनाए रखना होगा। पैसों की स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन छोटे-छोटे खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

वृषभ
आज बचत का ध्यान और काम में मजबूती दिखाना होगा। आज अपनी वित्तीय प्राथमिकताओं को तय करने का अच्छा अवसर है। आप बचत, पारिवारिक खर्चों या किसी बड़ी खरीदारी पर गंभीरता से विचार कर सकते हैं।

मिथुन
आज जल्दबाजी से बचाव और काम की प्राथमिकता रखे। पैसों से जुड़े कई छोटे मामले एक साथ ध्यान खींच सकते हैं। नए अवसरों को लेकर उत्साह रहेगा, लेकिन बिना सोचे-समझे खर्च करने की प्रवृत्ति भी आ सकती है।

कर्क
आज लंबे समय की सोच और दफ्तर में सम्मान मिलेगा। भविष्य के लिए बचत बढ़ाने या किसी बड़े खर्च की योजना बनाने का विचार बनेगा।

सिंह
आज दिखावे से दूरी और दिशा की समझना होगा। आज वित्तीय सुरक्षा को लेकर विचार बढ़ सकता है। आपकी राशि में सूर्य और केतु की उपस्थिति से आप पुरानी प्राथमिकताओं और खर्चों का पुनर्मूल्यांकन करेंगे।

कन्या
आज सही हिसाब और काम में निखार आएगा। वित्तीय स्थिति के बारीक आकलन में मदद करेगा। बजट की समीक्षा, खातों की जांच और पुरानी कमियों को सुधारने के लिए दिन अनुकूल है।

तुला
आज लेन-देन में संतुलन और मीठी बोली फायदेमंद होगी। आज सुख-सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित रहेगा। आकर्षक चीजों पर खर्च करने की इच्छा हो सकती है।

वृश्चिक
आज छुपे खर्चों की जांच और शांत मेहनत रंग लाएगी। पैसों के मामले में मन थोड़ा गंभीर हो सकता है। आपका पूरा ध्यान बचत, सुरक्षा और पुराने लेन-देन पर रहेगा।

धनु
आज साथियों से लाभ और सही योजना बनाना होगा। आपसी तालमेल और सलाह से वित्तीय मामले सुधरेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति से चर्चा करने पर निवेश या बचत को लेकर सही मार्गदर्शन मिल सकता है।

मकर
आज नियम से बचत और जिम्मेदारी का काम आप इस बात पर विचार करेंगे कि करियर की प्रगति से वित्तीय स्थायित्व कैसे हासिल हो। यह जांचने का सही समय है कि आपकी वर्तमान योजनाएं आपके दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुकूल हैं या नहीं।

कुंभ
आज सोच-समझकर कदम और नई योजना बनाना होगा। वित्तीय रूप से कुछ नया करने की इच्छा बढ़ा सकता है। हालांकि, कुछ अवसर जितने आकर्षक दिख रहे हैं।

मीन
आज जिम्मेदारी का एहसास और रुका काम पूरा होगा। पैसों से जुड़ी पुरानी जिम्मेदारियों को पूरा करने का संकेत दे रहे हैं। किसी पुराने वादे या बजट पर दोबारा विचार करना पड़ सकता है।

मेल पर आई कोर्ट कैंपस को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी

मसौढी सिविल कोर्ट कैंपस को कराया गया खाली

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एक बार फिर से पटना समेत सभी सिविल कोर्ट में आरडीएक्स बम रखे जाने की सूचना मिली,जहाँ शुक्रवार को तकरीबन 10:00 बजे जैसे ही कोर्ट खुली वैसे ही सभी न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि कोर्ट कैंपस खाली करो, उसके बाद सभी अधिवक्ता एवं अन्य सभी लोग कोर्ट से बाहर हो गये। दरअसल यह सूचना पटना हाई कोर्ट के डीजे के मेल पर आई थी, सूचना मिलते ही सभी कोर्ट कैंपस को आनन फानन में खाली कराया गया है। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल अपने पूरे दलबल के साथ कोर्ट कैंपस में पहुंचे और घंटो पूरे कोट पेंट कैंपस में तलाशी अभियान चलाया गया, डीएसपी राघव दयाल ने बताया की जैसे ही सूचना मिली कोर्ट कैंपस में एहतियात बरतते हुए कोर्ट कैंपस को खाली कराया गया और स्थानीय पुलिस की टीम आकर पूरे कैंपस की तलाशी अभियान चलाई गई है। गौरतलब है कि बम की सूचना मिलने की यह घटना छठी बार है। सबसे पहले 29 अगस्त को बम की सूचना मिली थी उसके बाद 16 अक्टूबर को बम होने की सूचना दी गई थी। फिर 8 जनवरी को और फिर 11 फरवरी को बम होने की सूचना मिली है। और अब शुक्रवार को आरडीएक्स मिलने की सूचना से हर कोई के दहशत मे दिखे। हालांकि इस बार धमकी भरा मेल कनाडा से आया हैं इसमें लिखा है कि 18 सितंबर को 3 साल हो गए जब कनाडा के पूर्व ढट ट्रूडो ने संसद में कहा था कि निज्जर की हत्या हिंदुस्तान ने की है- धमकी दी गई है कि कनाडा से ड्ठअ-इडक के लोग पटना पहुंच गए हैं और एंबेसेडर संजय वर्मा से बदला लेंगे। 1:11 ढट पर पटना डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में हमला करने की धमकी है लिखा है कि शहीद निज्जर को 40 गोलियां मारकर शहीद किया गया था, हमें एंबेसडर वर्मा की सारी जानकारी मिल गई है। 18 जून 2027 तक 400 गोलियां मारेंगे, लाश भी पहचानी नहीं जाएगी। बहरहाल धमकी भरे मेल मिलने पर एहतियात बरतते हुए सभी कोर्ट कैंपस में सुरक्षा बलों को की सक्रियता बढ़ा दी गई है और पुलिस को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है सभी जगह पर सघन तलाशी अभियान चलाई जा रही हैं। वही डॉग स्क्वायड की मदद से पूरे कोर्ट कैंपस की तलाशी ली गई है मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल समेत अन्य स्थानों की पुलिस पदाधिकारी ने जांच की।

बम की सूचना पर मचा हड़कंप न्यायालय परिसर कराया गया खाली

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ सिविल कोर्ट में बम होने की सूचना पर न्यायालय परिसर में हर कंप मच गया। पुलिस सूचना पर न्यायालय परिसर को खाली करवाया वही न्यायालय के कामकाज को स्थगित कर दिया गया सभी वकील और न्यायाधीश काम छोड़कर परिसर से बाहर निकल गए वहीं न्यायालय के काम से आए लोग भी परेशान होकर वापस लौट गए.। कामकाज बिल्कुल ठप कर दिया गया। सूचना डॉग स्क्वायड को दे दी गई है वह आकर इसका जांच पड़ताल करेगी। एक बार फिर कई महीनो के बाद कोर्ट में बम होने की अफवाह फैली है। वहीं पुलिस भी जांच पड़ताल में जुट गई है।

गोल एजुकेशन विलेज में नीट 2027 को लेकर विशेष मार्गदर्शन सेमिनार

सफलता के लिए केवल मेहनत नहीं, सही रणनीति, निरंतर अभ्यास और अनुशासन जरूरी : बिपिन सिंह



पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2027 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सही दिशा, प्रभावी रणनीति और मानसिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से गोल एजूकेशन विलेज में विशेष मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों को आगामी महीनों की तैयारी, नियमित टेस्ट, रिवीजन, समय प्रबंधन, गलतियों के विश्लेषण और परीक्षा के दबाव को नियंत्रित करने से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। गोल के प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षा में सफलता किसी एक दिन की असाधारण पढ़ाई से नहीं, बल्कि हर दिन की अनुशासित और योजनाबद्ध तैयारी से मिलती है। अब लक्ष्य केवल सिलेबस पूरा करना नहीं, बल्कि प्रत्येक अध्याय पर मजबूत पकड़ बनाना होना चाहिए। एन सी ए आर टी को तैयारी का आधार बनाएं, नियमित प्रश्न-अभ्यास करें, हर टेस्ट को वास्तविक नीट की तरह गंभीरता से दें और टेस्ट में हुई प्रत्येक गलती का विश्लेषण करें। कमजोर अध्यायों को टालने के बजाय उन्हें समय रहते मजबूत करें। गोल के सहायक निदेशक रंजय सिंह ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति सकारात्मक और केंद्रित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तैयारी के दौरान विद्यार्थियों को दूसरों के अंक देखकर अनावश्यक दबाव में आने के बजाय अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार पर ध्यान देना चाहिए। आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने कहा कि विद्यार्थी पहले अपनी गलतियों का विश्लेषण करें । इसके बाद यह तय करें कि अगली परीक्षा में इन गलतियों को कैसे कम करना है। यही प्रक्रिया लगातार अपनाने पर स्कोर में स्थायी सुधार आता है। सेंटर हेड बिनीत ने कहा कि विद्यार्थी निर्धारित दिनचर्या का पालन करें, कक्षाओं और टेस्ट में नियमित रहें, समय पर अपनी समस्याएं शिक्षकों के सामने रखें और उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग करें। गोल के हालिया नीट टॉपर्स आयुष और वैष्णवी ने भी विद्यार्थियों से अनुभव साझा किए।

संक्षिप्त समाचार

खेलते-खेलते नहर में गिरी बच्ची, डूबने से मौत

पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महाबलीपुर ओपी क्षेत्र के सियारामपुर गांव में शुक्रवार को खेलते समय पानी से भरी 10 नंबर नहर में गिरने से चार वर्षीय बच्ची की डूबकर मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी परमानंद मांझी की पुत्री निभा कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि निभा कुमारी घर के समीप खेल रही थी। इसी दौरान वह नहर में जा गिरी और गहरे पानी में डूब गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने महाबलीपुर ओपी प्रभारी दीपक कुमार को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी खोजबीन के बाद नहर से बच्ची का शव बरामद कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

चार वारंटी गिरफ्तार; दो शराब के नशे में पकड़े गए

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मोकामा थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात विशेष अभियान चलाकर न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय महतो, कटिमन महतो और बबलू महतो के रूप में की गई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की।वहीं, पुलिस ने शराब पीने के आरोप में दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।इधर, मरांची थाना पुलिस ने भी वारंट के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान गांधी टोला निवासी स्व. जदू सिंह के पुत्र शंभू सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर उसे गिरफ्तार कर आवश्यक प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार, फरार एवं वारंटियों की गिरफ्तारी तथा शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

एएसआई से बदसलूकी मामले में दो भाई और मां नामजद

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मेकरा ओपी अंतर्गत कन्हाईपुर गांव में गणेश पंडाल में ड्यूटी पर तैनात एएसआई बबलू कुमार के साथ बदसलूकी और हमला किए जाने के मामले में मोकामा थाना में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले में दो भाइयों और उनकी मां को नामजद अभियुक्त बनाया गया है, जबकि करीब 15 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के अनुसार, मामले के मुख्य अभियुक्त डाबर कुमार उर्फ कन्हैया घटना के बाद से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त रजनीश कुमार और उसकी मां बिंदु देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तथा घटना से जुड़े लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना से संबंधित गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया की भी निगरानी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पुनपुन और कादिरगंज थाने में नए थानाध्यक्षों ने संभाला पदभार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पुनपुन और कादिरगंज थाने में नए थानाध्यक्षों ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पुनपुन थाने में बमबम कुमार और कादिरगंज थाने में राहुल कुमार ने नए थानाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है। पदभार ग्रहण करते ही दोनों थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थानों में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अपराध पर नियंत्रण, रात्रि गश्ती और पेट्रोलिंग को सख्त करने पर विशेष जोर दिया गया। थानाध्यक्षों ने कहा कि थाने में लंबित पड़े सभी मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन किया जाएगा। इसके साथ ही वारंटियों की गिरफ्तारी, फरार आरोपियों की धरपकड़ और अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जाएगा। दोनों थानाध्यक्षों ने आम लोगों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चोरी हुई बाइक 15 घंटे में बरामद

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। तारेगना रेलवे स्टेशन के पार्किंग कैंपस से चोरी हुई बाइक को जीआरपी पुलिस ने 15 घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। घटना 16 सितंबर की है। तारेगना रेलवे स्टेशन पर उद्घोषक के रूप में काम करने वाले सुधीर कुमार पिता सुभाष प्रसाद, साकिन पतरहट की बाइक स्टेशन के नीचे पार्किंग से चोरी हो गई थी। इस संबंध में जीआरपी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी शुरू की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धनरूआ के सीताचक गांव से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि चोर की भी पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

500 लीटर महुआ किया नष्ट

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। घोसवरी थाना क्षेत्र के धनकडोव गांव में शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नए थानाध्यक्ष दीपक मणि के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को छापेमारी अभियान चलाकर अवैध शराब निर्माण के ठिकानों को ध्वस्त किया और करीब 500 लीटर महुआ नष्ट किया।थानाध्यक्ष दीपक मणि ने मंगलवार को ही घोसवरी थाना का पदभार ग्रहण किया है। पदभार संभालने के बाद से ही उन्होंने नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।पुलिस की ओर से स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि क्षेत्र में कहीं भी शराब निर्माण या बिक्री की सूचना मिलने पर सीधे थानाध्यक्ष के मोबाइल नंबर पर जानकारी दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।पुलिस का कहना है कि शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

एआई यूजर्स को मिलेगा आसान सर्विस सपोर्ट

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। एआई+ स्मार्टफोन देशभर में अपना सर्विस नेटवर्क बढ़ाने जा रहा है। अभी एआई+ के 800 से ज्यादा सर्विस सेंटर हैं। कंपनी इसमें 200 से ज्यादा नए सेंटर जोड़कर यह संख्या 1,000 से ज्यादा करने की योजना बना रही है। इस दिवाली दिल्ली में एआई+ का पहला एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर भी शुरू किया जाएगा। यहाँ रिपेयर, सॉफ्टवेयर सपोर्ट, वॉरंटी, ओरिजिनल स्पेयर पार्ट्स और डिवाइस सेटअप जैसी सुविधाएँ मिलेंगी। इसके साथ ही एआई+ असिस्टेंस ऐप भी लॉन्च किया जाएगा। इस ऐप पर ग्राहक अपने फोन और वॉरंटी की जानकारी देख सकेंगे, नजदीकी सर्विस सेंटर खोज सकेंगे, सर्विस रिक्वेस्ट दर्ज कर सकेंगे और उसका स्टेटस देख सकेंगे। माधव शेठ, सीईओ, एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस (एआई+ स्मार्टफोन), ने कहा, 1,000 से ज्यादा सर्विस टचपॉइंट्स, पहला एक्सक्लूसिव सेंटर और एआई+ असिस्टेंस ऐप ग्राहकों के लिए सर्विस को आसान और भरोसेमंद बनाएँगे।

हिस्से के विवाद में पिता-पुत्र में मारपीट, बेटे की मौत

पत्नी ने ससुर पर हत्या कर शव जलाने का लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सिगोड़ी थाना क्षेत्र के चंढोस गांव में शुक्रवार को हिस्से के विवाद को लेकर पिता-पुत्र के बीच हुई मारपीट में पुत्र पिंटू यादव की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी पूनम देवी ने अपने ससुर उदय यादव पर पति की हत्या कर शव को गायब करने का आरोप लगाते हुए सिगोड़ी थाने में आवेदन दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उदय यादव को कथित तौर पर शव जलाते हुए पकड़ लिया। ग्रामीणों के अनुसार, उदय यादव का पुत्र पिंटू यादव दिल्ली में निजी कंपनी में काम करता था और कुछ समय पहले ही गांव आया था। बताया जाता है कि पिंटू अपने पिता से संपत्ति में अपना हिस्सा मांग रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद पिंटू अपनी पत्नी पूनम देवी को उसके मायके पहुंचाकर वापस चंढोस लौट आया। इसके बाद पिता-पुत्र के बीच फिर विवाद बढ़ गया और दोनों के बीच लाठी-डंडे से मारपीट होने लगी। इसी दौरान पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। उन्होंने थाने पहुंचकर ससुर पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया। सिगोड़ी थानाध्यक्ष राजू कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी पूनम देवी की ओर से प्राप्त आवेदन पर मामले दर्ज कर मामले का जांच की जा रही है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर मसौढ़ी में भाजपा ने जलाए आशीर्वाद के दीये, केक काटकर बच्चों में बांटा

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मसौढ़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आशीर्वाद दीया जलाकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। भाजपा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में सेवा संकल्प पखवाड़ा मनाया जा रहा है, इसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के प्रसिद्ध श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, महिलाओं और बच्चों ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के निरंतर विकास की प्रार्थना की। दीप प्रज्वलन के बाद कार्यकताओं ने केक काटा और छोटे-छोटे बच्चों को खिलाकर खुशियां साझा कीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा और राष्ट्र निर्माण का संकल्प और मजबूत हुआ है। भाजपा की 25 वर्षों की यात्रा सेवा, संगठन और समर्पण की मिसाल है। पीएम मोदी का जीवन सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर विजय यादव, संजय केसरी, नीरज कुमार शर्मा, राकेश कुमार, आशीष देव, ठाकुरबाड़ी मंदिर कमेटी के सचिव सुनील कुमार, गोपाल पांडे, शशि गुप्ता, शोभा कुमारी,रंजन कुमार समेत बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। वही पुनपुन में भी भाजपा समर्थकों ने दीए जलाकर दीपोत्सव मनाया जिसमें नीरज कुमार गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

गुलाबबाग में दो पक्षों में मारपीट, पांच लोग घायल

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ थाना क्षेत्र के गुलाबबाग इलाके में शुक्रवार सुबह पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक महिला समेत कुल चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना में घायल सोनू कुमार ने बताया कि पहले भी विवाद को लेकर उनके साथ मारपीट की गई थी। उस समय उन्होंने पुलिस में शिकायत नहीं की थी। सोनू का आरोप है कि पुराने विवाद को लेकर शुक्रवार सुबह फिर से उनके साथ मारपीट की गई। वहीं घायल पवन कुमार ने बताया कि विवाद की शुरूआत जन्माष्टमी के दिन प्रसाद वितरण को लेकर हुई थी। उनके अनुसार, प्रसाद देने के बाद एक व्यक्ति द्वारा और अधिक प्रसाद मांगा जा रहा था।

टी.पी.एस. कॉलेज में पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा का तीसरा दिन भी सफलतापूर्वक संपन्न

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में आयोजित पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा-2026 के तीसरे दिन की परीक्षा भी शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इसके साथ ही पीएचडी कोर्स वर्क की निर्धारित परीक्षा प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई।परीक्षा के तीसरे दिन सभी कोर विषयों के शोधार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रणय गुप्ता, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकुल कुमार, परीक्षा पर्यवेक्षक एवं पी.पी.यू. एन.एस.एस. कोऑर्डिनेटर डॉ. सुजीत दुबे, डॉ. संतवना रानी के साथ पी.पी.यू. कॉलेज इंस्पेक्टर श्री कृष्णनंदन प्रसाद भी परीक्षा केंद्र पर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था को संतोषजनक पाया गया तथा परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन की सराहना की गई। अधिकारियों ने परीक्षा की गरिमा एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का भी जायजा लिया।इस अवसर पर महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री मुकुंद कुमार एवं परीक्षा विभाग के श्री अम्बरीश कुमार के कार्यों की विशेष रूप से प्रशंसा की गई। प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने परीक्षा के सफल समापन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग से टी.पी.एस. कॉलेज में पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा का सफल आयोजन संभव हो सका। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी विश्वविद्यालयीय पदाधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं महाविद्यालय के परीक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा का परिणाम लगभग एक सप्ताह के भीतर प्रकाशित किए जाने की संभावना है।

ए.एन. कॉलेज के स्टार्ट-अप सेल एवं ईपीसीएच के संयुक्त तत्वावधान में विशेष सत्र का आयोजन

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्टार्ट-अप सेल, ए.एन. कॉलेज, पटना द्वारा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स के सहयोग से 18 सितंबर 2026 को 'हस्तशिल्प क्षेत्र में करियर एवं उद्यमिता के अवसर' विषय पर एक विशेष सत्र का सफल आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हस्तशिल्प क्षेत्र में उपलब्ध करियर, उद्यमिता, निर्यात एवं व्यावसायिक अवसरों से परिचित कराना तथा उन्हें इस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत, प्राचार्य ने हस्तशिल्प को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पारंपरिक विरासत का अभिन्न अंग बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को पारंपरिक कला एवं कौशल को आधुनिक नवाचार, उद्यमिता और वर्तमान बाजार की आवश्यकताओं से जोड़कर नए अवसरों का सृजन करने के लिए प्रेरित किया। नितेश कुमार, ईपीसीएच ने हस्तशिल्प एवं इससे संबंधित उद्यमशील गतिविधियों में युवाओं के लिए उभरते अवसरों की जानकारी दी। विनोद कुमार गुप्ता, अतिथि वक्ता, ईपीसीएच ने सॉफ्ट स्किल्स, भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं निर्णय लेने की क्षमता विषय पर विशेषज्ञ सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास में प्रभावी संवाद, पारस्परिक कौशल, भावनात्मक समझ और तार्किक चिंतन के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान हस्तशिल्प उद्यमिता, निर्यात एवं करियर से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे।

टेंट हाउस के बकाया पैसे को लेकर मारपीट, मुख्य आरोपित सोनू गिरफ्तार

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बकाया पैसा मांगने गए टेंट हाउस संचालक के साथ मारपीट के मामले में धनरुआ पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में पीड़ित संतोष पासवान, उम्र 43 वर्ष, पिता स्व. अर्जुन पासवान, ग्राम छड़िया, थाना धनरुआ ने बताया था कि वह गांव में टेंट हाउस चलाते हैं। बगल के गांव बौरही निवासी सोनू कुमार ने 20 अप्रैल को अपने तिलक समारोह के लिए टेंट का सामान बुक किया था। कुल 78,000 रुपये में सौदा तय हुआ था, जिसमें से 40,000 रुपये एडवांस मिले थे और 38,000 रुपये बकाया था।बकाया पैसा मांगने जाने पर आरोपी द्वारा गाली-गलौज और जातिसूचक टिप्पणी कर मारपीट की गई। बाद में 17 अप्रैल की शाम को पैसा लेने के बहाने बुलाकर गोविंदपुर स्कूल के पास सोनू कुमार, पिता धनंजय सिंह, सुशांत कुमार, नीरज कुमार, अवनी कुमार, भोला पांडे सहित 4-5 अन्य लोगों ने लोहे के रॉड से संतोष पासवान और उनके भतीजे छोटू पासवान पर हमला कर दिया।

मसौढ़ी जेल में लगा बंदी दरबार, एसडीएम ने सुनीं बंदियों की समस्याएं

अधिकारों के प्रति किया जागरूक

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी अनुमंडल कारा में बुधवार को बंदी दरबार का आयोजन किया गया। दरबार की अध्यक्षता मसौढ़ी एसडीएम धनराज कुमार ने की। इस अवसर पर जेल उपाधीक्षक गौतम कुमार सहित अन्य जेल कर्मी उपस्थित रहे। बंदी दरबार के दौरान एसडीएम ने बारी-बारी से बंदियों की समस्याएं सुनीं। बंदियों ने भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, मुलाकात, विधिक सहायता और जेल के अंदर की अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित अपनी परेशानियां रखीं। एसडीएम ने कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया और शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। एसडीएम धनराज कुमार ने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर बंदी को निःशुल्क विधिक सहायता, स्वास्थ्य जांच, परिवार से मुलाकात और मानवीय व्यवहार पाने का अधिकार है। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वे जेल प्रशासन या जिला प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि बंदियों को सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं और उनके साथ मानवीय व्यवहार किया जाए।

कृषि विज्ञान केंद्र अगवानपुर में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। कृषि विज्ञान केंद्र अगवानपुर में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर एवं कृषि विज्ञान केंद्र, पटना के तत्वावधान में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 25वीं बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह निदेशक, प्रसार शिक्षा, बीएयू सबौर डॉ. आर.एन. सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।बैठक में वरीय वैज्ञानिक डॉ. रीता सिंह, कार्यक्रम सहायक डॉ. चंद्रप्रकाश गुप्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, आकाशवाणी एवं लीड बैंक के प्रतिनिधियों सहित बाढ़ अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों से आए कृषक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।डॉ. आर.एन. सिंह ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र के तकनीकी कार्यों और किसानों की जरूरतों को समझने के लिए प्रत्येक वर्ष वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जाती है। इसमें पदाधिकारियों एवं प्रगतिशील किसानों से सुझाव लेकर क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार कार्ययोजना तैयार की जाती है।

पशु विज्ञान विवि में दो दिवसीय 'फ्लाई हाई' शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल माध्यमों के उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर स्थित मानव संसाधन विकास निदेशालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय 'फ्लाई हाई एफडीपी @ बीएएसयू' शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। 17 और 18 सितंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय तथा बिहार स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी, पटना के कुल 40 शिक्षक शामिल हुए। इस अवसर पर निदेशक आवासीय निर्देश सह अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. पंकज कुमार सिंह, निदेशक अनुसंधान डॉ. एन.के. सिंह, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पल्लव शेखर, मानव संसाधन विकास निदेशक डॉ. संजय कुमार भारती तथा प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ. सूरजीत सिंह मक्कर उपस्थित थे। कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि आज शिक्षक की भूमिका केवल विद्यार्थियों को विषय संबंधी जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनमें जिज्ञासा, रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, समस्या समाधान और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति विकसित करना भी शिक्षक का दायित्व है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीक को शिक्षण का सहायक बताते हुए इनके सार्थक एवं जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया।कार्यक्रम की विशेषज्ञ डॉ. प्रतिमा खंडेलवाल ने दो दिनों तक शिक्षकों को बदलती शिक्षा व्यवस्था और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान व्याख्यान के साथ साथ शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयं सीखने और अनुभव करने का अवसर भी मिला। शिक्षकों ने समूह चर्चा, विचार-विमर्श, अनुभव आधारित अभ्यास, शारीरिक गतिविधियों और आत्मचिंतन से जुड़ी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

CMYK

संक्षिप्त समाचार

338 बेटिकट यात्री पकड़े गए, 2,82120 हजार जुर्माना वसूला

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड पर शुक्रवार की सुबह तारेगना एवं पुनपुन स्टेशन पर चलाए गए सघन टिकट चेकिंग अभियान में 338 बेटिकट और अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए। इनसे जुमार्ने के रूप में 2,82120 हजार रुपये रेल राजस्व वसूला गया।वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में यह अभियान सुबह 6 से 10 बजे तक चलाया गया। इसके लिए वाणिज्य विभाग की 19 टीटीई की टीम और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन 'लाल गाड़ी' के साथ तारेगना एवं पुनपुन स्टेशन पर जांच की। अभियान का असर पूरे रेलखंड पर दिखा। परसा बाजार, पुनपुन घाट, जटडुमरी, तारेगना, जहानाबाद समेत सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। हर स्टेशन पर टिकट बिक्री में प्रत्यक्ष वृद्धि दर्ज की गई। रेल प्रशासन ने बताया कि बिना टिकट और अनियमित यात्रा के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। टिकट चेकिंग कि शुरूआत सिंगरौली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन से शुरू की गई, उसके बाद 63241 से लेकर तकरीबन 8 से 10 जोड़ी ट्रेनों में चार घंटे तक सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाई गई।बहरहाल दानापुर मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही यात्रा करें और भारतीय रेल की सेवाओं का लाभ उठाएं।

50 लाख की रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मोबाइल पर मैसेज भेजकर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में धनरुआ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बिते 10/09/26 को वादी पूर्व पैक्स अध्यक्ष कंचन कुमार, पिता बलम प्रसाद, ग्राम भतनचक, पोस्ट सोनमई ने लिखित आवेदन दिया था कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके मोबाइल पर मैसेज भेजकर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में धनरुआ थाना कांड संख्या 628/26, के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी एवं मानवीय आसूचना तथा बिहार एसटीएफ के सहयोग से पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान कांड के मुख्य आरोपी प्रद्युमन कुमार, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता पप्पू प्रसाद, ग्राम भतनचक, थाना धनरुआ, को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल के माध्यम से रंगदारी मांगने की बात स्वीकार कर ली है।पुलिस ने आरोपी के पास से रंगदारी मांगने में इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल और सिम कार्ड बरामद किया है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष पु.अ.नि. अमित कुमार, पु.अ.नि. नवीन कुमार, पु.अ.नि. अंकित कुमार सहित धनरुआ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

मनोरा गुमटी से हटेगा कचरे का अंबार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत पुनपुन क्षेत्र से निकलने वाले कचरे के निस्तारण की बड़ी समस्या का समाधान निकल गया है। अब यहां का कचरा पटना के बैरिया डंपसाइट भेजा जाएगा, जहां उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण होगा।नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर क्लस्टर एप्रोच के तहत पटना नगर निगम के साथ हुए एमओयू के बाद इस व्यवस्था की शुरूआत की गई है। अभी तक नगर पंचायत का कचरा मनोरा गुमटी के पास बने सेकेंडरी कलेक्शन प्वाइंट पर जमा किया जाता था, जिससे वहां दुर्गंध और गंदगी से स्थानीय लोग काफी परेशान थे। मुख्य पार्षद रितेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर कचरा लदे वाहनों को बैरिया के लिए रवाना किया। अब विभिन्न वाहनों के माध्यम से रोजाना कचरा बैरिया भेजा जाएगा।नगर पंचायत का कहना है कि डिस्पैच व्यवस्था शुरू होने से कचरे का वैज्ञानिक और व्यवस्थित निस्तारण होगा और शहर की स्वच्छता व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। नियमित रूप से यह व्यवस्था लागू होने से पुनपुन को कचरा मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।इस मौके पर उप मुख्य पार्षद राज कुमार, पार्षद प्रतिनिधि सुधीर कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी पुष्कर कुमार पुष्प, सिटी मैनेजर अरविंद पांडेय, विनय कुमार सिंह समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

1.5 किलो गांजा के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ऑपरेशन मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में धनरूआ पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए पुलिस ने बरनी स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास छापेमारी कर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। वही एक निरूध बालक को भी हिरासत में लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पंकज कुमार, पिता संतोष चौधरी, सांडा, के रूप में हुई है, पुलिस ने उसके पास से 1.519 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान गांजा के अलावा 2 मोबाइल फोन और एक बाइक भी जब्त की गई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। यह सांडा गांव से गांजा लेकर मसौढी की ओर जा रहा था सूचना के आधार पर इसे पकड़ा गया है और इसके नेटवर्क के बारे में पता लगाया जा रहा है

50 लीटर देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महाबलीपुर ओपी पुलिस ने अंकुरी गांव में कार्रवाई करते हुए 50 लीटर देसी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रामपुर नगवां निवासी गुड्डू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब जब्त करने के बाद आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

जनता के दरबार में 48 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 48 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। जनता दरबार से ही जिलाधिकारी के द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारी को प्राप्त शिकायतों के समाधान का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में एडीएम पीजीआरओ शैलेंद्र कुमार भारती, एडीएम विभागीय जांच मो सिबगतुल्लाह और वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी की जनसुनवाई में कुल 15 लोगों ने अपने मामलों का कराया निष्पादन

मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में संध्या 5:00 बजे से जन सुनवाई की जिसमें कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकांश आवेदन भूमि विवाद से संबंधित थे।

जनसुनवाई के दौरान संबंधित अंचल अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जरूरी निर्देश दिए गए एवं मामलों के शीघ्र निष्पादन कर इसका प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। संग्रामपुर अंचल के हरिशंकर प्रसाद यादव का मामला अतिक्रमण से संबंधित था। उनके खेत में जाने का रास्ता अवरुद्ध किया गया था। अंचलाधिकारी से पूछने पर बताया गया वह रास्ता सरकारी जमीन है। जिलाधिकारी के द्वारा तुरंत नापी कराकर रास्ता खाली कराने का निर्देश अंचल अधिकारी संग्रामपुर को दिया गया। सुगौली अंचल के लक्ष्मीपुर के शीतल सहनी और लक्ष्मी सहनी का मामला जबरदस्ती जमीन पर कब्जा कर लेने से संबंधित था। इसके बारे में जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी सुगौली से पूछताछ की। अंचल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि यह रैयती जमीन है। इन लोगों के बीच आपसी विवाद है। जिलाधिकारी के द्वारा जमीन का खाता खेसरा मिलान कर शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। चकिया अंचल के रमेश शाह का मामला पाटीदार के द्वारा जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने से संबंधित था।

जिलाधिकारी के द्वारा अंचल अधिकारी चकिया से इसकी जानकारी प्राप्त की गई और इस संबंध में कागजात की जांच कर तुरंत प्रतिवेदन की मांग की गई।

मधुबन अंचल के संजय पांडे का मामला दाखिल खारिज से संबंधित था।जिलाधिकारी के पूछने पर अंचल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि यह केस नंबर 287 से संबंधित है। इसका स्पॉट वेरिफिकेशन कर लिया गया है। मामला आपत्ति में है। जांच कर कल इस पर आर्डर पारित कर दिया जाएगा।

मानक ब्यूरो पटना शाखा में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारतीय मानक ब्यूरो पटना शाखा कार्यालय द्वारा कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को गुणवत्ता आश्वासन, भारतीय मानक, बी आई एस गुणवत्ता चिह्न, हॉलमार्किंग, बी आई एस प्रमाणन तथा गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सुरक्षित खरीदारी के संबंध में जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से उपभोक्ताओं को बी आई एस की भूमिका, भारतीय मानकों का महत्व, बी आई एस प्रमाणित उत्पादों की पहचान तथा उत्पाद खरीदते समय गुणवत्ता चिह्नों की जांच करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को आई एस आई मार्क, बी आई एस स्टैंडर्ड मार्क एवं हालमार्क के महत्व के बारे में बताया गया तथा नकली अथवा गैर-अनुरूप उत्पादों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं को यह भी बताया गया कि किसी भी उत्पाद को खरीदने से पहले उस पर उपलब्ध बी आई एस गुणवत्ता चिह्न एवं संबंधित विवरण की जांच करना आवश्यक है। कार्यक्रम में बी आई एस केयर एप के उपयोग के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को इस एप के माध्यम से बी आई एस लाइसेंस, पंजीकरण विवरण, गुणवत्ता चिह्न तथा हॉलमार्क वाले आभूषणों की सत्यता की जांच करने की प्रक्रिया समझाई गई। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं भारतीय मानकों के अनुरूप उत्पादों की खरीद के लिए जागरूक किया गया।

मसौढ़ी नगर परिषद में 'स्वच्छता ही सेवा' संकल्प कार्यक्रम, लोगों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर परिषद मसौढ़ी के तत्वावधान मे 'स्वच्छता ही सेवा' संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य पार्षद पिंकी देवी मौजूद रहीं। इस अवसर पर नगर परिषद के, सिटी मैनेजर,शेखर कुमार प्रसाद, अमीन रामाधार कुमार प्रसाद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार उर्फ भुटाली सहित नगर परिषद के सभी कर्मी और सफाई कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने द्वीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की,और सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सिर्फ नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब तक आम लोग जागरूक नहीं होंगे, तब तक स्वच्छ भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से अपील की कि कचरा इधर-उधर न फेंके और गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग कर कचरा गाड़ी में ही दें। मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सभी वार्डों में नियमित साफ-सफाई, नाली-नाला की उड़ाही और कचरा उठाव का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आम लोगों का सहयोग जरूरी है।

घर पर चढ़कर ताबड़तोड़ फायरिंग, एक खोखा बरामद, दोनों पक्षों ने दिया आवेदन

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरूआ थाना क्षेत्र के सांडा गांव में बीती देर रात घर पर चढ़कर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पहले पक्ष की खुशबू कुमारी पति संतोष चौधरी ने थाने में आवेदन देकर छह लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया है कि रात करीब 9:30 बजे हथियारबंद लोग उनके घर पर आए, उनके पति को पकड़कर जबरन खींचकर ले जाने लगे और ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोली के निशान घर की दीवारों पर देखे गए हैं। सूचना मिलते ही धनरूआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। वहीं दूसरे पक्ष की निशा कुमारी पति रंजन कुमार ने भी फायरिंग का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है।

पीएम के जन्मदिन पर मोदी मोमेंटो म्यूजियम में 62 मोमेंटो एवं उनसे संबंधित चित्र प्रदर्शनी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मोतिहारी। प्रधानमंत्री मोदी जी के 77 वें जन्म दिवस एवं 25 वर्षो के संकल्प दिवस पूरा होने के उपलक्ष्य में मोदी मिमेन्टो म्युजियम के संस्थापक, भाजपा युवा नेता, उद्योगपति, समाजसेवी, शिक्षाविद् यमुना सीकरीया ने मोदी मिमेन्टो संग्रहालय परिसर में मोदी जी को प्राप्त हुए स्मृति एवं पुरस्कार रूप 62 मिमेन्टो तथा उनसे संबंधित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ उपमेयर लालबाबू प्रसाद, पूर्व भाजपा किसान मंच के अध्यक्ष अखिलेश सिंह, जदयू के महासचिव वरिष्ठ नेता दीपक पटेल, अमरनाथ प्रसाद अधिवक्ता, प्रचार्या प्रीती दूबे तथा यमुना सीकरीया ने संयुक्त रूप से फीता एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया तथा मोदी जी के जन्मदिन की खुशी में मिठाईयां बांटी गई। इस अवसर यमुना सीकरीया ने कहा कि मोदी जी विश्व का एक लोकप्रिय व्यक्तित्व है। जिसने भारतीयो को विदेश में भी भारतीय कहने का गर्व प्रदान किया। भारत को अखण्ड भारत बनाने और विश्व गुरू बनाने का काम किया। सनातन संस्कृति का उत्थान किया। राम-राज्य की कल्पना को साकार किया। भारत को पहली अर्थव्यवस्था में लाया गया। आज विदेश भारत के समक्ष झुकता है। यह मोदी जी की देन है । इसलिए उनके मिमेन्टो को हमने लेकर मोदी मिमेन्टो म्युजियम की स्थापना की, और आज 62 मिमेन्टो और चित्र प्रदर्शनी लगाई। जिसमें भारी संख्या में लोगो ने भाग लिया। इसके पीछे यह भी एक महत्वपूर्ण विषय है कि इस संग्रहालय से मोदी जी का व्यक्तित्व प्रभार लोगों के अन्तर्गत प्रवेश हो तथा नये राष्ट्र निर्माण में आने वाली पीढ़ी सजग भूमिका निभावें। लालबाबू प्रसाद ने कहा की मोदी जी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक दीपक जरूर जलाये। इतना हीं नहीं अब हमारे देश को कोई ऊँगली नहीं दिखा सकता। वही अखिलेश सिंह ने कहा की 2014 के बाद का हमारा भारत मोदी जी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली देश बन रहा है। साथ हीं यमुना सीकरीया ने मंच पर उपस्थित अतिथीयों को सॉल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

शाद अजीमाबादी उर्दू साहित्य की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक थे : जावेद इकबाल

जिला उर्दू भाषा कोषांग के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। जिला उर्दू भाषा कोषांग के तत्वावधान में साहित्यिक गतिविधि को बढावा देने के कार्यक्रम के तहत उर्दू के मशहूर शायर एक शाम शाद अजीमाबादी के नाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी जावेद एकबाल ने विषय प्रवेश करते हुए शाद अजीमाबादी का परिचय प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा उनकी शायरी में वैचारिक गहराई, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय भावनाओं की भरपूर अभिव्यक्ति देखने को मिलती है। उनकी साहित्यिक सेवाएं उर्दू भाषा और साहित्य की अनमोल धरोहर हैं। नई पीढ़ी को उनके विचार और साहित्य से परिचित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। श्री एकबाल ने कहा कि शाद केवल शायर ही नहीं, बल्कि उर्दू की साहित्यिक परंपरा के महत्वपूर्ण संरक्षक भी थे। उनकी शायरी में अपने दौर की सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समस्याओं की स्पष्ट झलक मिलती है। उनके काव्य का अध्ययन उस समय के वैचारिक वातावरण से परिचित कराता है और उर्दू शायरी के विकास क्रम को समझने में मदद करता है। उन्होंने शाद की साहित्यिक सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी पुस्तक ह्यफिक्र-ए-बलीगह्न का विशेष महत्व है। इसमें मरसिया लेखकों और उनकी साहित्यिक उपलब्धियों का उल्लेख मिलता है। शाद ने अपने समय की साहित्यिक धरोहर को सुरक्षित रखने का जो प्रयास किया, वह आज भी शोधकर्ताओं और साहित्य प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शाद की शताब्दी की स्मृति को केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित रखने के बजाय उनके साहित्य और वैचारिक विरासत पर गंभीर चर्चा एवं शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस मौके पर राजेंद्र कॉलेज के उर्दू के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अलाउद्दीन खान ने कहा कि शाद अजीमाबादी की किताब ह्यतजकिरा-ए-बलीगह्न उर्दू अदब में अहम और मुनफरिद तसनीफ है। इसमें मरसिया निगारों के हालात और उनकी अदबी खिदमात को जिस अंदाज में जमा किया गया है, वह काबिले-जिक्र है। उन्होंने कहा कि यह किताब शोधकताओं के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में उपयोगी है। जिला स्कूल के प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद वलीउल्लाह कादरी ने कहा कि शाद ने खास तौर पर नात गोई में उत्कृष्ट और प्रभावशाली रचनाएँ प्रस्तुत कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि शाद के दौर में सारण के शायर भी अपनी अदबी खिदमात से अहले-शेर व अदब को आकर्षित कर रहे थे।

प्रोग्राम के दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें शकील अनवर, जुनैद मीर, अमीन अंजुम, सुहैल हाशमी, दक्ष निरंजन शंभू, अब्दुस्समद भयंकर, बैतुल्लाह बैत, ऐनुल बरौलवी, शिशिर कुमार और सैयद अफरोज ने उर्दू, हिंदी व भोजपुरी में अपना कलाम पेश कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया । इस मौके पर मोहमद हारून रशीद,मोहम्मद तारिक, कमर आलम, शफारत हुसैन, बबलू भाई, वसीम अकरम राजा समेत कई लोग मौजूद थे।

श्रम कल्याण दिवस के अवसर मोतिहारी में कार्यक्रम का आयोजन

उत्कृष्ट कार्य के लिए नवीन मिश्रा सहित एचबीएल सुगौली के पांच कर्मचारी हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मोतिहारी ' श्रम कल्याण दिवस के पर श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग बिहार सरकार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह आयोजन संयुक्त श्रम भवन, महिला आई टी आई कैंपस, मोतिहारी में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद कुमार एवं डा लालबाबू प्रसाद उप मेयर मोतिहारी नगर निगम थे। कार्यक्रम में जिला स्तर के विभिन्न अधिकारीयों उपस्थिति रही । इस अवसर पर बिहार सरकार द्वारा एचबी एल सुगौली के पाँच कर्मचारियों नवीन कुमार मिश्रा, इमरान खां, विकास कुमार, पीयूष शरण एवं राजेश बैठा को उनके उत्कृष्ट सेवा के लिए कारखाना निरीक्षक मोतिहारी पूर्वी चंपारण द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर उत्कृष्ट कार्य के लिए नवीन मिश्रा सहित एचबीएल सुगौली के पाँच कर्मचारी हुए सम्मानित सम्मानित किया गया। पांचों कर्मचारियों को कारखाना के प्रति समर्पण एवं योगदान को प्रोत्साहित करने हेतु चयनित किया गया। कार्यक्रम में कारखाना प्रतिनिधि के रूप में संजीव कुमार, गन्ना प्रबंधक एवं दिवाकर पांडे, संरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई इकाई का गठन

श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय के सभी छात्र संघ में जश्न का माहौल

दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। समीपवर्ती सूर्य मंदिर सरोवर के हरे भरे प्रांगण में रचे बेस श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा में शुक्रवार को एस यू कॉलेज की नई इकाई का गठन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की उपस्थिति में अमन कुमार को कॉलेज अध्यक्ष तथा आशीष रंजन को कॉलेज मंत्री मनोनीत किया गया। दोनों पदाधिकारियों के नामों की घोषणा जिला संयोजक नीतीश कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला संयोजक नीतीश कुमार ने कहा कि कॉलेज इकाई के गठन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं को मजबूती से उठाना और छात्रहित में लगातार कार्य करना है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ निर्वहन करने की अपील की। नवनियुक्त कॉलेज अध्यक्ष अमन कुमार ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कॉलेज मंत्री आशीष रंजन ने कहा कि छात्रहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा और विद्यार्थियों को संगठन से जोड़कर महाविद्यालय में सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इकाई गठन के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।इस नई कमेटी का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह,मीडिया प्रभारी व साहित्यकार डॉ. राजीव कुमार नयन, छात्र-संघ के रिशु पटेल, रजनीश कुमार अधिवक्ता, पंकज यादव, जीविका इंटरनेशनल हॉस्पिटल, अनीसावाद के प्रवन्ध निदेशक डॉ. शरद सिंह (मूल निवासी, छितरबीघा, कराय-परशुराम, नालंदा), डॉ. घनश्याम कुमार,जलेंद्र कुमार, अभिनव कौशल जायसवाल और युथ विंग के भाजपा नेता साहिल पटेल, गणेश कुशवाहा, बिभूति यादव,मंटू कुमार(मनपुरवा) ने बधाई दी है।

सहरसा नाट्योत्सव में छपरा इप्टा प्रस्तुत करेगा द लास्ट क्राई

पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक में शामिल होंगे सेंट्रल पब्लिक स्कूल के किशोर रंगकर्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता। छपरा (सारण)। बिहार इप्टा के राज्य स्तरीय नाट्योत्सव ह्यसच का रंगमंच : रंगों और विचारों का उत्सवह्न में छपरा इप्टा के नाटक ह्यद लास्ट क्राईह्न का चयन किया गया है। सहरसा में 2 से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले नाट्योत्सव में छपरा इप्टा द्वारा 3 अक्टूबर को इस नाटक का मंचन किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण पर आधारित इस नाटक को डॉ. अमित रंजन ने लिखा, निर्देशित व डिजाइन किया है। नाटक में सेंट्रल पब्लिक स्कूल, चाँदमारी के ढाई दर्जन से अधिक किशोर रंगकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। नाटक की प्रस्तुति की तैयारी के लिए छपरा इप्टा की ओर से सेंट्रल पब्लिक स्कूल, चांदमारी परिसर में दो दिवसीय प्रोडक्शन ओरिएंटेड थिएटर वर्कशॉप आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय, शरीर की अभिव्यक्ति, स्वर एवं उच्चारण, दृश्य संरचना, प्रस्तुति तथा रंगमंच और समाज के संबंधों से जुड़े विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न रंग-अभ्यासों एवं गतिविधियों के माध्यम से रंगमंच की बारीकियों को समझा तथा आगामी नाट्य प्रस्तुति के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत किया। कार्यशाला के प्रशिक्षक रानावि सिक्किम के स्नातक एवं नाट्य-अनुसंधान से जुड़े कुमार सुमित, समन्वयक सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी तथा निदेशक डॉ. अमित रंजन रहे। समापन अवसर पर डॉ. अमित रंजन ने कहा कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को समझने, सवाल उठाने और सकारात्मक बदलाव की चेतना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। किशोर रंगकर्मियों के साथ काम करने से उनमें रचनात्मकता के साथ सामाजिक सरोकार और संवेदनशीलता भी विकसित होती है। इस मौके पर कुमार सुमित ने कहा कि प्रोडक्शन ओरिएंटेड कार्यशाला का उद्देश्य कलाकारों को केवल अभिनय सिखाना नहीं, बल्कि उन्हें पूरी नाट्य-प्रक्रिया से जोड़ना है। शरीर, स्वर, संवाद, दृश्य और सामूहिकता के समन्वय से प्रभावी रंगमंच तैयार होता है। समन्वयक सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि छपरा इप्टा लगातार नई पीढ़ी को रंगमंच से जोड़ने का प्रयास कर रही है। विद्यालय के किशोर रंगकर्मियों की सक्रिय भागीदारी इस दिशा में उत्साहजनक है। ह्यद लास्ट क्राईह्न की पहली प्रस्तुति 23 सितंबर 2026 को शाम छह बजे सेंट्रल पब्लिक स्कूल, चाँदमारी, छपरा के ऑडिटोरियम में होगी। इसके बाद 3 अक्टूबर को सहरसा में बिहार इप्टा के राज्यस्तरीय नाट्योत्सव में इसका मंचन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सात निश्चय-3 अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे।

जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर जलाए दीप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवार की शाम विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के आरबीआर स्कूल के समीप स्थित शिव मंदिर तालाब परिसर में दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के आयोजकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर लोगों से अपने-अपने घरों में शाम छह बजे एक दीपक जलाकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करने की अपील की। आयोजकों ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा के दिन आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों ने आशीर्वाद स्वरूप दीप जलाकर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के दौरान शिव मंदिर तालाब परिसर में बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, जिला मीडिया प्रभारी शुभम सिंह, पूर्व लोजपा प्रखंड अध्यक्ष विनोद दास, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विकसित भारत और बिहार बनाने में हो सभी की भूमिका

मगध रेंज के आईजी विकास वैभव ने की महा आरती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दाउदनगर (औरंगाबाद)। विकसित भारत व बिहार बनाने में सभी की भूमिका है। इसके लिए सभी को प्रयास करना है। शिक्षा के माध्यम से एक-एक तिनके को जोड़कर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि जाति और संप्रदाय से परे सभी को जोड़ना है। सभी को शिक्षित करना है। उन्होंने यह बात शुक बाजार स्थित गणेश पूजा पंडाल में महा आरती करने से पूर्व श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने विघ्नहर्ता भगवान गणेश से प्रार्थना की कि बिहार और बिहारी को सुख शांति और समृद्धि प्राप्त हो। बिहार आगे बढ़े। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य संजय मेहता ने कहा कि आम लोगों में पुलिसिंग को लेकर आस्था और अपनत्व विकास वैभव की कार्यशैली के कारण बढ़ी है। कार्यक्रम का संचालन आनंद प्रकाश ने किया। यहां भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, चंदन शर्मा भाजपा पिछड़ा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के नेता अभय सिंह चंद्रवंशी, नवीनगर के लव सिंह, धीरज पाठक, अमन शामिल हुए। इससे पहले सरस्वती पैलेस में उनका अभिनंदन किया गया। यहां संजय मेहता व श्याम पाठक के अलावा डॉ. राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, संध्या शर्मा एवं अन्य ने सम्मानित किया। दाउदनगर हसपुरा की सीमा पर सिहाडी के पास चौरी के पूर्व मुखिया झूलन शर्मा ने विकास वैभव का स्वागत किया, जबकि बुधन बिगहा में उनका स्वागत संजय मेहता के नेतृत्व में लोगों ने किया।

सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण के खिलाफ चला प्रशासन का डंडा, जेसीबी मशीन से मकान ध्वस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। अवैध निर्माण के खिलाफ शहर में नगर परिषद और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में जेसीबी मशीन से एक मकान ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई नगर थाना की चारदीवारी से सटे फुटपाथी दुकानदार संघ के जिलाध्यक्ष शशि सिंह के मकान पर की गई। आरोप है कि सरकारी भूमि पर शशि सिंह ने अवैध निर्माण कर रखा था। इस पूरी कार्रवाई के दौरान मजिस्ट्रेट लवकुश कुमार सहित नगर परिषद के कई अधिकारी और पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। ध्वस्त किए गए इस मकान में एक मिल्क पार्लर भी संचालित हो रहा था। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उच्च न्यायालय पटना के निर्देश के अनुपालन में सरकारी जमीन पर किए गए निर्माण को हटाया गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासी चंद्रशेखर कुमार ने इस अतिक्रमण को लेकर हाईकोर्ट में वाद दायर किया था। न्यायालय के इसी आदेश के अनुपालन में प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई है। वहीं, वादी चंद्रशेखर कुमार के अनुसार उनके घर के सामने केसर-ए-हिंद की सरकारी जमीन पर शशि सिंह का परिवार लंबे समय से रह रहा था। अतिक्रमण हटाने के लिए उन्होंने पहले अंचल कार्यालय, नगर परिषद और जिला प्रशासन को लिखित आवेदन दिया था, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें मजबूरन हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। मकान तोड़े जाने के बाद शशि सिंह ने इस पूरी कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में कई अन्य स्थानों पर भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण है, लेकिन सिर्फ चुनिंदा लोगों को निशाना बनाकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके मकान के पीछे भी सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण किया गया है, लेकिन वहां बुलडोजर नहीं चलाया गया। उन्होंने अपने खिलाफ हुई इस कार्रवाई को साजिश करार देते हुए भविष्य में आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

रेगनिया गांव के तालाब को जीर्णोद्धार की जरूरत

नवबहिार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। मदनपुर प्रखंड के रेगनिया गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है। यहां तक कि पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। अभी बारिश के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौधा उग आए हैं। ग्रामीण विकास सिंह ने बताया कि तालाब का जीर्णोद्धार करने की जरूरत है।

पाठशाला में बच्चों को दिया स्वच्छता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। स्वच्छता ही सेवा योजना के तहत रफीगंज के ग्राम पंचायत बलिगांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खड़वां में शुक्रवार को प्रखंड स्वच्छता टीम द्वारा 'स्वच्छता की पाठशाला' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीम के सदस्यों ने बच्चों को हाथ धोने की सही विधि, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, कचरे के उचित निपटान तथा जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी।

बच्चों को पानी को प्रदूषित नहीं करने और इसकी बर्बादी रोकने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं शिक्षकों को स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।

विद्यालय परिसर में विकसित सुंदर एवं व्यवस्थित बागवानी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। हरे-भरे पौधों और स्वच्छ परिसर ने बच्चों को स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण का संदेश दिया। वहीं, विद्यालय की बागवानी पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच को भी दर्शाती रही।

कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी शिक्षक शशिशेखर मिश्रा ने प्रखंड स्वच्छता टीम के सदस्यों को एक-एक गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया। इससे कार्यक्रम का समापन आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

कार्यक्रम में प्रखंड स्वच्छता टीम के मृत्युंजय कुमार, रविंद्र शर्मा, रविंद्र कुमार, नीरज पाठक, धन्वन्ति कुमारी, दीपक कुमार, चंदन कुमार, मोहम्मद नौसाद, पंकज चौधरी, कपिलदेव राम एवं अजय कुमार सहित विद्यालय के प्रभारी शिक्षक शशिशेखर मिश्रा, अनिल कुमार पाल, कमल प्रताप सिंह पुणधीर, शिक्षिका निवेदिता रंजन, गायत्री कुमारी एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

एक नजर

विद्यार्थी चेतना परिषद ने की नकल अभिनय प्रतियोगित की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। विद्यार्थी चेतना परिषद द्वारा गुरुवार को बैठक कर नकल प्रतियोगिता की तिथि की घोषणा की गई है। इमली तल हुई बैठक की अध्यक्षता प्रशांत कुमार ने की। प्रतियोगिता 2 अक्टूबर से लेकर 4 अक्टूबर (नहाख खाए, व्रत एवं पारण) तक होगा। 6 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी अश्लील या फुहड़ता वाली प्रस्तुति नहीं होगी। डान्स नकल अभिनय प्रतियोगिता में शामिल नहीं होगा। डांस की प्रस्तुति कमिटी के अनुमति से ही होगा। बैठक में संस्था के संयोजक ममतेश कुमार, सचिव राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, सह कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, धनन्जय कुमार प्रिंस, शम्भू प्रसाद, शिक्षक बिनोद कुमार, राजेश कुमार व सुमित कुमार, ई. प्रकाश कुमार, ई. राहुल कुमार, संजय कुमार, रामेश्वर कुमार, संदीप कुमार उपस्थित रहे।

दो दुकानदार समेत तीन युवक हिरासत में

हसपुरा/औरंगाबाद। हसपुरा बाजार में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे पुलिस की छापेमारी से हड़कंप मच गया। पुलिस ने रामबाबू कपड़ा दुकान के सामने स्थित उमेश कुमार और राजेश कुमार की बर्तन दुकानों में छापेमारी कर हजारों रुपये मूल्य के पीतल समेत अन्य धातुओं के बर्तन बरामद किए। पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने-बेचने की आशंका में तीन युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, करीब एक सप्ताह पहले मकबूलपुर गांव निवासी बबन सिंह के घर चोरी हुई थी। घटना के दौरान परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे। वापस लौटने पर घर से पीतल, कांसा और स्टील के बर्तन, कपड़े, जेवरात समेत कई कीमती सामान गायब मिले थे। इसके बाद गृहस्वामी ने हसपुरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने मकबूलपुर निवासी रामजीवन सिंह के पुत्र हिमांशु कुमार को संदिग्ध पाया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद उसकी निशानदेही पर गुरुवार को हसपुरा बाजार की दोनों बर्तन दुकानों में छापेमारी की गई। करीब एक घंटे चली कार्रवाई में पुलिस ने बड़ी मात्रा में बर्तन बरामद किए। बरामद सामान को जब्त कर पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ कर रही है। छापेमारी में एसआई सुगंध कुमार, बच्चु खलीफा समेत करीब एक दर्जन पुलिसकर्मी शामिल रहे। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर पीरू, पंचरुखिया समेत अन्य स्थानों पर भी छापेमारी की जा रही है। बरामद सामान की जांच और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद मामले में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

शिक्षा के विकास और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को एमएलए प्रतिबद्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। भखरुआं स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक सह विधायक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विधायक, हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा के संरक्षक सह भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं लोजपा (रा) के पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रकाशचंद्र शामिल हुए। विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधा, विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं एवं विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विधायक ने विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों से विद्यालय की वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में हरसंभव आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया। विधानसभा ने कहा कि शिक्षा ही समाज और क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालयों का सर्वांगीण विकास ही आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने विद्यालय के विकास, शिक्षकों के सम्मान और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

रफीगंज में फायर बिग्रेड भवन निर्माण को लेकर भूमि का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के सोनवर्षा-चौबड़ा गांव में प्रस्तावित प्रखंड अग्निशमनालय भवन निर्माण को लेकर जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्रेयांश त्रिपा ने स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रफीगंज के अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर प्रस्तावित स्थल की स्थिति की जानकारी ली। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि सोनवर्षा-चौबड़ा स्थित भूमि रफीगंज शहर से काफी दूर है। अग्निशमनालय की त्वरित सेवा को देखते हुए शहर के नजदीक अथवा प्रखंड मुख्यालय के आसपास वैकल्पिक भूमि चिन्हित करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों से अन्य उपयुक्त स्थलों को चिन्हित करने को कहा। बता दें कि वर्तमान में रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में अस्थायी अग्निशमन कार्यालय संचालित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान प्रखंड अग्निशमनालय प्रभारी मुन्ना कुमार, प्रधान अग्निक विजय कुमार, अग्निक मो. एजहार आलम, सौरव कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

दिव्यांग छात्रा को प्रशासन ने उपलब्ध कराई ट्राई साइकिल

डंडे के सहारे दो किलोमीटर दूरी तय करने को थी मजबूर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। रफीगंज प्रखंड अंतर्गत पौथु थाना क्षेत्र के पोखर बिगहा के कक्षा छह की दिव्यांग छात्रा निशा कुमारी को जिला प्रशासन द्वारा ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई है। दरअसल, इस संबंध में जिला प्रशासन के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज 'एक्स' पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं आमजनों के सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो टैग किया गया। वीडियो में दिखाया गया कि एक दिव्यांग छात्रा प्रतिदिन डंडे के सहारे लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय कर विद्यालय आने-जाने के लिए विवश थी। सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त उक्त सूचना पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को छात्रा की समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में शिक्षा विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के अंदर छात्रा निशा कुमारी को उसके विद्यालय राजकीय मध्य विद्यालय, बेलहरिया में ट्राई साइकिल उपलब्ध करा दी गई। ट्राई साइकिल मिलने से छात्रा के लिए अब विद्यालय तक आवागमन सुगम हो जाएगा तथा नियमित रूप से विद्यालय आने-जाने में उसे सुविधा मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं एवं शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्र लाभुकों तक आवश्यक सहायता एवं सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति, विशेषकर दिव्यांगजन एवं बच्चों को आवश्यक सरकारी सहायता एवं सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े।

सरकारी और निजी अस्पताल में मिली भगत का मामला उजागर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। दाउदनगर-बारुण रोड स्थित अमेज हेल्थ केयर हॉस्पिटल में औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में गुरुवार को छापेमारी की गई। आश्चर्यजनक रूप से सात प्रकार की कुल 251 सरकारी दवाइयां इस अस्पताल की छत पर बने कमरे से बरामद की गई। यह बड़े घोटाले का संकेत है। सवाल सिर्फ इतना भर नहीं है कि एक निजी अस्पताल अवैध तरीके से सरकारी दवाइयों का इस्तेमाल कर रहा था, बल्कि सवाल यह भी है कि यहां यह सरकारी दवाइयां पहुंची कैसे। क्या यह संभव है कि बिना सरकारी अस्पताल के अधिकारियों या कर्मियों के मिले बिना सरकारी दवाइयां निजी अस्पताल में इस्तेमाल हो सके। जब इतनी मात्रा में दवाइयां बरामद हुई हैं तो यह भी स्पष्ट है कि यह गोरखधंधा सरकारी अस्पताल से मिलकर लंबे समय से चल रहा होगा। जांच का यह विषय भी है कि वह कौन सा सरकारी अस्पताल है जिसने यहां दवाइयां आपूर्ति की। उस अस्पताल को चिन्हित कर इस घोटाले में शामिल अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। औषधि एवं अंगराग नियमावली, 1945 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में औरंगाबाद के औषधि निरीक्षक हरे राम सिंह, सहायक औषधि निरीक्षक हेमंत कुमार पंडित, दाउदनगर के अंचल पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनमोल कुमार शामिल थे। टीम के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल भी मौजूद रहे। एसडीओ अमित राजन ने बताया कि उक्त निजी हॉस्पिटल की छत पर एक कमरे में अनाधिकृत रूप से सरकारी सप्लाई की दवाएं संचित पाई गई हैं। उन्हें जब्त कर लिया गया है। कुल सात प्रकार की 251 दवाएं बरामद हुई हैं।

सतबहिनी मंदिर में जला 'आशीर्वाद का दीया'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार की शाम सतबहिनी मंदिर प्रांगण में 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती भूमिका का उल्लेख किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि 'आशीर्वाद का दिया' प्रधानमंत्री के प्रति स्नेह और विश्वास की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर प्रखंड 20-सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, महामंत्री अभय पासवान, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक कंचन गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, सोनू पासवान और रंजीत गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

परीक्षा नियंत्रक एवं संयुक्त परीक्षा नियंत्रक ने किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बारुण (औरंगाबाद)। बारुण प्रखंड के सुंदरगंज स्थित सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल में आयोजित इंटरमीडिएट त्रैमासिक परीक्षा का परीक्षा नियंत्रक निरंजय कुमार और संयुक्त परीक्षा नियंत्रक शिवम कुमार ने औचक निरीक्षण किया। यह परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में संचालित हो रही है। निरीक्षण दल ने केंद्र की व्यवस्था, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, कक्षवार संचालन, अनुशासन और बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुपालन का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही वीक्षकों के कार्यकलापों तथा परीक्षा से संबंधित आवश्यक अभिलेखों की भी जांच की गई। परीक्षा नियंत्रक निरंजय कुमार एवं संयुक्त परीक्षा नियंत्रक शिवम कुमार ने विभिन्न कमरों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों को अनुशासित माहौल में परीक्षा देने और कर्मियों को बोर्ड के मानकों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्रश्नपत्रों और उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा, वितरण प्रणाली तथा परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तरपुस्तिकाओं के सुरक्षित संधारण पर विशेष जोर दिया। परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए। विद्यालय के प्रभारी अरुण कुमार और संयुक्त परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि त्रैमासिक परीक्षा छात्रों के शैक्षणिक स्तर और विषयवार तैयारी के मूल्यांकन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अलग-अलग मामलों में फरार तीन आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा थाना पुलिस नें अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक लड़की के अपहरण मामले का नामजद आरोपित तथा दो एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) के वारंटी शामिल हैं। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार नें बताया कि पिछले वर्ष तीन अगस्त को प्रखंड क्षेत्र के एक गांव से एक लड़की के अपहरण को लेकर उसकी मां रीना देवी नें थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में अरवल जिले के रामपुर चाय गांव निवासी भोला राजवंशी के पुत्र सिद्धनाथ कुमार को नामजद आरोपित बनाया गया था। घटना के बाद से हीं पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस के अनुसार,गुप्त सूचना मिली कि आरोपित लड़की को अपने घर लाकर रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम नें उसके घर पर दबिश देकर दोनों को बरामद कर थाना लाया। पूछताछ के दौरान दोनों नें पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से शादी की है और शादी के बाद मुंबई में साथ रह रहे थे। पुलिस नें लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया है। थानाध्यक्ष नें बताया कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपित युवक को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इधर, एनबीडब्ल्यू वारंट के आधार पर पुलिस नें दो अन्य फरार आरोपितों को भी गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपितों में नान्हू बिगहा गांव निवासी मथुरा सिंह के पुत्र सुरेंद्र सिंह आजाद तथा खुटहन गांव निवासी स्व.दरगाही प्रसाद के पुत्र नरेश कुमार शामिल हैं।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: एचओएलएटीडी-26-28, दिनांक 12.09.2026; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** जैसे एवं जब आवश्यकता के आधार पर किसी भी स्थान से किसी भी स्थान तक रेलवे सामग्रियों के परिवहन के लिए 2 वर्षों की अवधि हेतु वाहन किराए पर लेना। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 84,25,208.95; **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा:** रु. 1,68,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 2 वर्ष। **निविदा की वैधता:** 69 दिन। **प्रस्ताव जमा अवधि:** 15 दिन पहले से दिनांक 05.10.2026 को 11.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.10.2026 को 11.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा दिनांक 05.10.2026 को 12.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जाएंगी। **वेबसाइट जहां निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे:** निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 12.09.2026 से 05.10.2026 को 14.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। (MISC-191/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-22-21-16-सी-ई, दिनांक 16.09.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-एलएचएस-22-21-16-सी-ई के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख: 09.10.2026 को 15.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल - निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य - अनुसूची ए1-एईएन/बीएचपी के अधीन एसएनटी-एनएचटी अनुभाग में किमी. 83.897 पर एलसी गेट सं. 16-सी-ई के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची ए2-एईएन/बीएचपी के अधीन एसएनटी-एनएचटी अनुभाग में किमी. 83.897 पर एलसी गेट सं. 16-सी-ई के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। अनुसूची बी1-एईएन/एजेड के अधीन एजेड-एनएचटी अनुभाग में किमी. 22/9-11 पर एलसी गेट सं. 21 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची बी2-एईएन/एजेड के अधीन एजेड-एनएचटी अनुभाग में किमी. 22/9-11 पर एलसी गेट सं. 21 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। अनुसूची सी1-एईएन/एजेड के अधीन एजेड-एनएचटी अनुभाग में किमी. 20/34-36 पर एलसी गेट सं. 22 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची सी2-एईएन/एजेड के अधीन एजेड-एनएचटी अनुभाग में किमी. 20/34-36 पर एलसी गेट सं. 22 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,98,46,113.41; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 7,96,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** 25.09.2026। (HWH-340/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

एनटीपीसी कहलगांव में 'श्रम कल्याण दिवस' का आयोजन

उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किये गए कर्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी के विद्युत परियोजना में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 'श्रम कल्याण दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य इस परियोजना की प्रगति एवं संचालन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संविदा कर्मियों के परिश्रम, समर्पण एवं योगदान को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में कहलगांव विद्युत परियोजना के प्रमुख रविन्द्र शर्मा एवं केन्द्रीय श्रम मंत्रालय के श्रम प्रवर्तन अधिकारी अजय कुमार मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि परियोजना के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष भी शामिल हुए। परियोजना प्रमुख रविन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में नवीन श्रम संहिताओं के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला और सभी से कार्यस्थल पर सुरक्षा दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों से चयनित संविदा कर्मियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम ने श्रम की गरिमा तथा एनटीपीसी के कहलगांव परियोजना की प्रगति में संविदा कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान एवं आभार की भावना को सुदृढ़ किया।

एनटीपीसी कांटी ने छठ घाटों के लिए दिये एक करोड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कांटी। एनटीपीसी कांटी ने सामुदायिक विकास एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत आसपास के क्षेत्रों में सात छठ घाटों के विकास के लिए ज़िला प्रशासन को एक करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराने की पहल की है। इस संबंध में पंकज कुमार गुप्ता, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी कांटी एवम अजय प्रसाद, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को पत्र सौंपकर उक्त कार्यों को बिहार सरकार के संबंधित विभाग के माध्यम से डिपॉजिट वर्क स्कीम के अंतर्गत कराने का अनुरोध किया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में एनटीपीसी कंटी द्वारा इन कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये का सीएसआर बजट निर्धारित किया गया है। प्रस्तावित विकास कार्यों का उद्देश्य स्थानीय लोगों को छठ पूजा एवं अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराना है। एनटीपीसी कंटी द्वारा इन सात स्थानों पर छठ घाटों के विकास का प्रस्ताव दिया गया है—बीरपुर पोखर, साईं पोखर, मैसाहा पोखर, पनापुर करियत थाना पोखर, सिरसिया मठ पोखर, दामोदरपुर गंगा राम पोखर, रानी पोखर, मणिपुर मझौहा। इन विकास कार्यों से आसपास के ग्रामीणों एवं परियोजना प्रभावित गांवों के निवासियों को विशेष रूप से छठ महापर्व के दौरान सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक घाट उपलब्ध होंगे। साथ ही, इन स्थलों पर अन्य सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन में भी स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। एनटीपीसी कांटी विद्युत उत्पादन के साथ-साथ अपने आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए विभिन्न सीएसआर एवं सामुदायिक कल्याण गतिविधियों का निरंतर संचालन करता रहा है। छठ घाटों का विकास इसी सामाजिक प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

स्वास्थ्य सेवाओं एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का डीडीसी ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। उप विकास आयुक्त एवं रोगी कल्याण समिति के उपाध्यक्ष रवि राकेश ने आज भागलपुर सदर अस्पताल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अस्पताल के रोगी कल्याण समिति की शाही निकाय के सदस्यों के साथ शुक्रवार को निरीक्षण करने पहुंचे उप विकास आयुक्त ने स्थानीय सदर अस्पताल के अविभिन्न भवनों, स्वास्थ्य सेवाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुराने ओपीडी भवन, विक्टोरिया भवन एवं एमसीएच भवन के बाहरी हिस्से में रंग-रोगन, आवश्यक स्थानों पर मरम्मति कार्य, एसएनसीयू में फायर एग्जिट निर्माण, पंजीकरण काउंटर एवं एमसीएच भवन के समीप प्याऊ निर्माण तथा दवा वितरण काउंटर पर रेलिंग निर्माण की आवश्यकता का आकलन किया गया। उक्त कार्यों को अनुमोदित किया गया। उप विकास आयुक्त एवं समिति के उपाध्यक्ष और सदस्यों ने अस्पताल के आईसीयू, इमरजेंसी, जीविका की रसोई, दवा वितरण काउंटर एवं एसएनसीयू का भी निरीक्षण किया और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कुछ सदस्यों द्वारा अस्पताल में इलाजरत मरीजों से बातचीत के क्रम में मरीजों ने बताया कि आवश्यक जांच एवं दवाएं अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा उन्हें बाहर से दवा खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। दूसरी ओर सदर अस्पताल में वर्तमान में चार दवा वितरण काउंटर संचालित हैं। मरीजों की भीड़ एवं काउंटरों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए दो अतिरिक्त दवा वितरण केंद्र संचालित करने की आवश्यकता जताई गई, ताकि मरीजों को दवा प्राप्त करने में सुविधा हो तथा प्रतीक्षा समय एवं अनावश्यक भीड़ को कम किया जा सके। सदर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजू ने बताया कि जुलाई 2026 की तुलना में अगस्त 2026 में सदर अस्पताल से मरीजों के रेफरल की संख्या में 72 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उनके अनुसार, राज्य में दर्ज रेफरल संख्या में यह सर्वाधिक गिरावट है। इसे सदर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपचार सुविधाओं में सुधार के एक महत्वपूर्ण संकेतक के रूप में बताया गया। निरीक्षण के दौरान मरीजों की सुविधा, भवनों के रख-रखाव, साफ-सफाई, सुरक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

अवैध हथियार बनाने वाले उपकरण जब्त

आयर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। आयर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया पुलिस को गुप्त सूचना मिली जिसके बाद आयर थाना कि पुलिस ने छापेमारी कर धर दबोचा एक देसी कट्टा एक देशी बंदूक एक देसी सिक्सर एक एयर गन मशीन एवं हथियार बनाने वाला सामग्री के साथ लालबाबू शर्मा पिता रामेश्वर शर्मा, सूरज कुमार शर्मा, राजकिशोर शर्मा दोनों पिता लालबाबू शर्मा ग्राम आयर, उमेश सिंह पिता भिखारी सिंह गांव सिरधरा टोला सभी थाना आयर, कौशल राय पिता भारेथरी राय गांव बंशी डिहरी थाना सहार वर्तमान अंबेडकर मोहल्ला बिहिया रोड थाना पीरो सभी जिला भोजपुर को गिरफ्तार रहने वाला बताया जाता है। जगदीशपुर एसडीपीओ राहुल कुमार आयर थाना अध्यक्ष वंदना कुमारी सहित कई जवान शामिल थे।

दोस्त को छुड़ाने पहुंचे मर्चेंट नेवी जवान को मारी गोली, जांघ के आर-पार हुई गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। छुट्टी पर घर आए मर्चेंट नेवी के जवान को दोस्त को छुड़ाने के दौरान गोली मार दी गई। गोली जांघ में लगी और आर-पार हो गई। घटना के बाद घायल जवान ने पहले निजी स्तर पर प्राथमिक उपचार कराया और घर चले गए। शुक्रवार सुबह पुलिस को जानकारी मिलने पर उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान सदर थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी ट्रांसपोर्टर के बेटे अभिजीत कुमार सिंह उर्फ गोलू के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दोस्त को बंधक बनाने की मिली सूचना

अभिजीत ने पुलिस को बताया कि गुरुवार देर रात उनके दोस्त रंजीत कुमार ने फोन कर सूचना दी कि एक अन्य दोस्त आदित्य को कुछ लोगों ने लीची गाछी में बंधक बनाकर पीट रहे हैं। सूचना मिलने के बाद अभिजीत और रंजीत बाइक से लीची गाछी पहुंचे। वहां से आदित्य को साथ लेकर दोनों वापस घर लौट रहे थे।

अफरा-तफरी का माहौल

आर्यभट्ट स्कूल के पास हुई गोलीबारी

बताया गया कि आर्यभट्ट स्कूल के पास पहुंचने पर अनुराग, निखिल और राजू वहां पहुंच गए। आरोप है कि इसी दौरान राजू ने गोली चलानी शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली अभिजीत की जांघ में लगी और आर-पार हो गई। गोली लगने के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।

सुबह पुलिस को मिली जानकारी

घटना के बाद अभिजीत ने देर रात प्राथमिक उपचार कराया और घर चले गए। शुक्रवार सुबह पुलिस को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

आपसी विवाद में गोली चलाने का आरोप

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में गोलीबारी के पीछे आपसी विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस आरोपितों की भूमिका और घटना के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है।

अनियंत्रित ट्रक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को रौंदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोईलवर (भोजपुर)। नगर पंचायत स्थित खलिहान के पास गुरुवार को अनियंत्रित ट्रक ने पैदल जा रहे एक व्यक्ति को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नगर पंचायत के वार्ड नंबर-4 निवासी अवधेश राय के 45 वर्षीय पुत्र श्याम जी राय के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक अपने लेन से पैदल आ रहा था, तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक चालक ने ओवरटेक करने के दौरान उसे रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने ट्रक को पकड़ कर जब्त कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि मृतक के दो लड़की और दो लड़के हैं। घटना के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि विपरीत दिशा व अनियंत्रित ट्रक परिचालन से आए दिन सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी हो गई है।

गैस सिलिंडर फटने से छह घर राख, चाय बनाते समय हुआ हादसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र की अजना पंचायत के जखरा गांव स्थित वार्ड संख्या 13 में शुक्रवार सुबह चाय बनाने के दौरान गैस रिसाव से रसोई गैस सिलिंडर फट गया।

सिलिंडर फटते ही घर में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलने के कारण मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग के काफी प्रयास के बाद बेकाबू आग पर काबू पाया जा सका। अगलगी की घटना में चार बकरियां, एक मोटरसाइकिल, दो साइकिल और 25 हजार रुपये नकद जलकर नष्ट हो गए। इसके अलावा घरों में रखा घरेलू सामान भी आग की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में रामवृक्ष राम, अशोक राम, राजेश राम, जियालाल राम, नारायण राम और नगेंद्र राम के घर जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। भीषण अग्निकांड के बाद पीड़ित परिवारों के सामने रहने और दैनिक जरूरतों को लेकर परेशानी उत्पन्न हो गई है। घटना से प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता की आवश्यकता है। अंचलाधिकारी शशि रंजन ने बताया कि मामले की जांच के लिए हल्का कर्मचारी को मौके पर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से मिलने वाली नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ऋषिकेश मिश्र ने तत्काल सभी पीड़ित परिवारों के बीच सूखा राहत सामग्री उपलब्ध कराकर सहायता की।

डूबने से दो किशोरों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कहलगांव (भागलपुर)। थाना क्षेत्र के सदानंदपुर बैसा गांव स्थित कवैया पोखर में बीते गुरुवार की शाम स्नान करने के दौरान डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में मातम का माहौल है। वहीं मृतकों की पहचान विभिषण कुमार मनीष कुमार के रुप में हुई है। दोनों किशोर मध्य विद्यालय कामत टोला के छात्र थे। मिली जानकारी के अनुसार दोनों किशोर गुरुवार की शाम करीब तीन बजे स्कूल से लौटने के बाद कवैया पोखर में स्नान करने गए थे। इस बीच स्नान करने के दौरान अचानक दोनों का पैर फिसल गया। अंदाज़ा न मिलने के कारण दोनों गहरे पानी में चले गए। जिससे वे बाहर नहीं निकल पाए और पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गयी। इधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ पोखर पर जुट गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर से बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे बाद शाम पांच बजे दोनों बच्चे के शव को पोखर से निकाला गया। सदानंदपुर बैसा पंचायत के मुखिया गोपाल पासवान ने घटना की सूचना अंचलाधिकारी श्रीनिवास को दी।

अज्ञात गाड़ी ने ली दो दोस्तों की जान

एनएच 27 पर महावीरी अखाड़ा से लौटते समय हुआ हादसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गोपालगंज। मांझागढ़ थाना क्षेत्र के दानापुर गांव के समीप एनएच 27 पर शुक्रवार की तड़के अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान मांझागढ़ थाना क्षेत्र निवासी अनिल यादव और उनके दोस्त जीतेश कुमार के रूप में की गई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद दोनों के स्वजन सदर अस्पताल पहुंच गए। वहां स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया गया कि अनिल यादव और जीतेश कुमार बाइक से महावीरी अखाड़ा का जुलूस देखने के लिए घर से निकले थे। शुक्रवार की तड़के दोनों दानापुर गांव के समीप एनएच 27 से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ देर बाद दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस एनएच 27 पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर दुर्घटना में शामिल वाहन और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मालदा रेल मंडल में उत्साह के साथ मनाई गयी विश्वकर्मा पूजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में आज विभिन्न कार्यालयों, कार्यशालाओं, अनुरक्षण प्रतिष्ठानों और परिचालन इकाइयों में कर्मचारियों द्वारा विश्वकर्मा पूजा उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तकनीकी दक्षता, कुशल कार्यप्रणाली, उचित अनुरक्षण, कार्यस्थल की स्वच्छता तथा सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया, जो रेल परिचालन के सुरक्षित एवं सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इधर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय और अन्य रेलवे संस्थानों में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित विश्वकर्मा पूजा पंडालों का अवलोकन किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक राहुल कुमार सहित कई मंडल अधिकारी मौजूद थे। पूजा पंडालों के भ्रमण के क्रम में श्री गुप्ता ने रेलवे कर्मचारियों से बातचीत की तथा उन्हें विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए इस रेल मंडल के बेहतर संचालन में कर्मचारियों की समर्पित भूमिका एवं योगदान की सराहना की। उन्होंने विश्वकर्मा पूजा के दौरान रेलवे परिसंपत्तियों, मशीनरी, औजारों एवं उपकरणों के उचित अनुरक्षण तथा उनकी कार्यशील स्थिति बनाए रखने के महत्व पर भी बल दिया। साथ ही उनके द्वारा कर्मियों के बीच सुरक्षा, स्वच्छता एवं टीम भावना की सुदृढ़ संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस पूजा के कार्यक्रम मालदा मंडल में चल रहे स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के साथ भी जुड़ा रहा, जिसके तहत कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों की स्वच्छता एवं सजावट में सक्रिय भागीदारी की। विश्वकर्मा पूजा का यह आयोजन टीम भावना को प्रतिबिंबित करते हुए मालदा मंडल की सुरक्षा, स्वच्छता, तकनीकी उत्कृष्टता एवं विश्वसनीय यात्री सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

17 मामलों की हुई सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा द्वारा आज बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील के कुल 17 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, शिक्षा विभाग तथा समाज कल्याण विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। सुनवाई के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक मामले की विस्तृत समीक्षा करते हुए अपीलार्थियों द्वारा उठाए गए बिंदुओं तथा संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। मामलों के निस्तारण से संबंधित परिस्थितियों एवं उपलब्ध अभिलेखों की भी समीक्षा की गई। सुनवाई के क्रम में कुल 07 मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को शेष लंबित मामलों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-लोक शिकायत निवारण बलदेव चौधरी, सहायक समाहर्ता अमित मीणा सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कोईलवर में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोईलवर (भोजपुर)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को कोईलवर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर दीपोत्सव मनाया। आरा-पटना फोरलेन पर शाम करीब 6 बजे कोईलवर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीत कुमार रजक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पटना महानगर प्रभारी प्रेम रंजन चतुर्वेदी ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिन पर देशभर में सेवा कार्य, स्वच्छता अभियान और गरीब कल्याण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शाम 6 से 7 बजे के बीच लोगों ने अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रंजीता सिंह, ऋतुराज, शेखर गुप्ता, महामंत्री अजित कुमार सिंह, चंदन निषाद, शक्ति केंद्र प्रमुख श्याम प्रकाश बिंद, जनार्दन पासवान, समद अंसारी, कोशिला देवी, शांति देवी, रमाकांत कुशवाहा, लालबाबू पासवान, शैल कुमार पासवान, महेंद्र सिंह, जीतेन्द्र तिवारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रखंड परिसर में चला स्वच्छता अभियान

वहीं 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत गुरुवार को कोईलवर प्रखंड परिसर में भी सफाई अभियान चलाया गया। बीडीओ वीर बहादुर पाठक के नेतृत्व में प्रखंड कर्मियों और स्वच्छताग्रहियों ने परिसर की सफाई की। बीडीओ ने स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर सफाई की और कहा कि स्वच्छता केवल एक विभाग की नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।

11 हजार दीपों से जगमगाया बबुरा फोरलेन पुल

बड़हरा (भोजपुर)। प्रखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत बड़हरा में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोईलवर-छपरा फोरलेन स्थित बबुरा पुल पर 11 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। पुल के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक दीपों की कतार से पूरा क्षेत्र जगमगा उठा। उस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। दीप प्रज्वलन के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा की भव्य महाआरती हुई। आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु उत्साह में झूमते नजर आए। कार्यक्रम का ड्रोन से प्रसारण भी किया गया। विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 11 हजार दीप जलाकर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन तथा 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति के लिए मां गंगा से प्रार्थना की गई। विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि बिहार में विशेष रूप से चयनित 15 स्थानों में बबुरा पुल भी शामिल था। कार्यक्रम में शुभम पांडेय, संजय तिवारी, टुनटुन बिंद, रंजीत गुप्ता, हरेराम चंद्रवंशी, सतेन्द्र पांडेय, संतोष सिंह सेंटु, दुर्गा पटेल समेत हजारों कार्यकर्ता एवं आम लोग शामिल हुए।

डीएम ने बालिका गृह और दत्तक ग्रहण संस्थान का किया निरीक्षण

बच्चों के आवासन, भोजन, स्वास्थ्य आदि का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने गुरुवार को रतनपुर स्थित बालिका गृह तथा पोखरिया स्थित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बच्चों के आवासन, भोजन, स्वास्थ्य, सुरक्षा और देखभाल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मियों से दैनिक दिनचर्या, सुविधाओं और संचालन की जानकारी ली और मानकों के अनुरूप व्यवस्था की जांच की। डीएम ने कहा कि बच्चों का संरक्षण और सर्वांगीण हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। दोनों संस्थानों में सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सुविधाओं का नियमित अनुश्रवण और सुधार का निर्देश दिया तथा बच्चों की सुरक्षा और गरिमा से कोई समझौता नहीं करने की बात कही।

जॉब कैंप में 45 युवाओं का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी अंकिता की अध्यक्षता में हुई। कैंप में नव भारत फर्टिलाइजर कंपनी द्वारा सेल्स रिप्रेजेंटेटिव पद के लिए चयन किया गया। कंपनी प्रतिनिधि गोपाल कुमार ने अभ्यर्थियों को वेतन-भत्ते, कार्यस्थल व अन्य जानकारी दी। 30 रिक्तियों के विरुद्ध 78 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 45 को साक्षात्कार के बाद अंतिम चरण के लिए चयनित किया गया।जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजनालय प्रत्येक माह जॉब कैंप आयोजित करता है, जिसकी सूचना अखबारों और सोशल मीडिया से दी जाती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा नियोजनालय के पुस्तकालय की निःशुल्क सुविधा ले सकते हैं। यंग प्रोफ़ेशनल पंकज कुमार ने नेशनल करियर सर्विस की सुविधाओं की जानकारी दी। मौके पर प्रधान लिपिक रणधीर बिहारी, धर्मेन्द्र कुमार, जिला कौशल प्रबंधक विंध्याचल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। ग्राम पंचायत राज नावकोठी में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं ग्रामीणों ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने तथा पंचायत को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। घर से लेकर गली-मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों तक साफ-सफाई बनाए रखने के साथ-साथ कचरे का उचित प्रबंधन भी जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पंचायत के निर्माण में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। जब प्रत्येक परिवार अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाएगा, तभी पंचायत को पूरी तरह स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सकेगा। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, नियमित साफ-सफाई करने, खुले में कचरा नहीं फेंकने तथा स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विभाकर कुमार, उपमुखिया विजय सहनी वार्ड सदस्य शत्रुघन कुमार, सुधीर रजक, महेश महतो, सुधीर कुमार राजा कुमार आंगनबाड़ी सेविका मीना कुमारी, अंजू कुमारी, नीलू कुमारी राजकुमारी देवी आदि स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार , पंचायत सचिव चंदन कुमार एवं अन्य कर्मी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

बीएमपी जवान के निधन से गांव में मातम

भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। तेयाय ओपी क्षेत्र के दादपुर गांव में शुक्रवार सुबह उस वक्त मातम पसर गया जब गांव के लाल 33 वर्षीय बीएमपी जवान विकास कुमार के निधन की खबर पहुंची। बेगूसराय के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। विकास वर्तमान में सीतामढ़ी में एसडीआरएफ की नाव पर तैनात थे। 4 सितंबर को ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ी। छुट्टी लेकर घर लौटे, स्थानीय इलाज से आराम नहीं मिला। 6 सितंबर को बेगूसराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां लिवर इन्फ़ेक्शन का पता चला। डॉक्टरों की कोशिश के बावजूद शुक्रवार सुबह वे जिंदगी की जंग हार गए। विकास घर के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। पिता तपेश्वर पासवान बुजुर्ग हैं। पीछे बूढ़े माता-पिता, पत्नी रिंकी देवी और तीन मासूम बच्चे - 8 साल की शानवी, 6 साल का सार्थक और 3 साल का गोलू बेसहारा रह गए। आंगन में पत्नी और मां रामदुलारी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना पर स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री सुरेन्द्र मेहता, तेयाय ओपी अध्यक्ष निकिता भारती और बीएमपी की टीम ने आवास पर पहुंचकर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर धार्मिक स्थलों पर जला आशीर्वाद दीप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नावकोठी प्रखंड क्षेत्र में नावकोठी जिला मुखिया संघ के महासचिव सह स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार, भाजपा महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष रानी गोस्वामी ओर से विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आशीर्वाद दीप जलाए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रानी गोस्वामी ने किया। वहीं मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने अपने पंचायत में आंगनबाड़ी सेविकाएं, जीविका दीदी एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ दीप जलाकर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर उन्हें दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामनाएं की। इस अवसर पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच रहा है। वहीं गंगा एवं अनमोल ग्राम संगठन से जुड़ी जीविका दीदियों ने भी आशीर्वाद दीप जलाकर प्रधानमंत्री के जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व जीविका बुक कीपर रंजू कुमारी, मनीषा देवी एवं सुनीता देवी ने किया। जीविका दीदियों ने धार्मिक स्थलों पर दीप जलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की मंगलकामना की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिवस

'आशीर्वाद का दीया' जलाकर की मंगलकामना, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शहर के वार्ड नंबर सात स्थित रामराज्य नगर में भाजपा नेता अरविंद सिंह के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिवस भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता राजेश्वर सिंह एवं अन्य नेताओं ने केक काटकर की। इसके बाद शाम को हनुमान मंदिर एवं देवी मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की मंगलकामना की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'आशीर्वाद का दीया' भी जलाया। जन्मदिवस कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पुराने एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ नेता राजेश्वर सिंह ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्टी के लिए लंबे समय से कार्य कर रहे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के योगदान को याद किया गया तथा संगठन के प्रति उनके समर्पण और निष्ठा की सराहना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, संघर्ष और कार्यशैली का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा से जुड़ा रहा है। विधायक ने केंद्र सरकार की विभिन्न पहलों और देश के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ताओं का समर्पण, त्याग और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता पार्टी की प्रमुख ताकत है। पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के वैश्विक प्रभाव और विकास से जुड़े प्रयासों की चर्चा देश-विदेश में हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संघर्ष और सार्वजनिक जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का विषय है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए राष्ट्रसेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। मौके पर रघुनाथ राम, चंदन कुमार सिंह, सुनील सिंह, अनिल गुप्ता, राकेश देवता, विनोद सिंह, श्रवण प्रजापति, अरविंद सिंह, रमाकांत सिंह, टुन्ना गुप्ता, दीपक कुमार सिंह, अमरेंद्र पांडेय, रामानुज पांडेय, संजय राय, मनोज सिंह, विजय प्रसाद निराला, अनिल सिंह, विनोद शर्मा, कमल यादव, बद्री प्रसाद सिंह, विश्वनाथ सिंह, उमेश कुमार सिंह, विकेश कुमार, प्रवीण कुमार, कमलेश राय, रामरूप सिंह, मनीष गुप्ता, राजू ठाकुर, सत्यम कुमार, चंदन कुमार एवं राहुल कुमार समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

ई-रिक्शा और बाइक के बीच भिड़ंत में युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। तेयाय ओपी क्षेत्र के बसही गांव के पास अतरुआ-भगवानपुर पथ पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 18 वर्षीय बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान समर्था कल्याणपुर निवासी उमेश राय के पुत्र राजीव कुमार के रूप में हुई है। वह चुरामनचक निवासी स्व. नारायण यादव का नाती बताया जा रहा है। हादसे में उसका दाहिना पैर टूट गया है, कांच के टुकड़े से चेहरा जख्मी हो गया है तथा अंदरूनी चोटें भी आई हैं। बताया जाता है कि राजीव अपने मामा के साथ बाइक से भगवानपुर की ओर से आ रहा था, तभी बसही निवासी 30 वर्षीय ई-रिक्शा चालक रामबाबू महतो, पिता शंभू महतो भी अतरुआ भगवानपुर मुख्य पथ बसही की ओर से आया, तेज रफ्तार बाइक ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा और बाइक दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद राजीव कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथ बैठे मामा को हल्की चोट आई।

शराबकांड का नामजद आरोपित गिरफ्तार

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। नावकोठी पुलिस ने उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के मामले में चार महीने से फरार चल रहे नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान छतौना निवासी अनिल सिंह के पुत्र गुलशन कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि बीते 19 मई को छतौना स्थित सेंट्रल बैंक के समीप पुलिस ने भूसा लदे एक पिकअप वाहन से 32 कार्टून विदेशी शराब बरामद की थी। इस मामले में नावकोठी थाने में उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस जांच के दौरान मामले में गुलशन कुमार की संलिप्तता सामने गंआई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही वह पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था।पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नामजद आरोपित खगड़िया में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

राष्ट्र प्रथम संकल्प के साथ पीएम मोदी का जीवन प्रेरणास्रोत : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को दरभंगा स्थित प्रसिद्ध मां श्यामा माई मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां श्यामा माई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है। 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ उनका अथक परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनसेवा के प्रति समर्पण देश के करोड़ों नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को विकास, आत्मनिर्भरता और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया है। गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, जिला के महामंत्री सुजीत मल्लिक, मीना झा, विकास चौधरी, मीरा मेहता, विनोद साहनी, लक्ष्मण झुनझुनवाला, गुड्डू मंडल सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। समाहरणालय में ई. कुमार शैलेंद्र, माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री, दरभंगा जिला की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान के सफल एवं व्यापक आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री मदन सहनी, सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, विधायक संजय सरावगी, राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, विधायक केवटी मुरारी मोहन झा, विधायक बेनीपुर विनय कुमार चौधरी, विधायक राजेश कुमार मंडल, विधायक गौड़ाबौराम सुजीत कुमार, विधान पार्षद सदस्य हरि सहनी, जिला परिषद अध्यक्ष, जिलाधिकारी कौशल कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सेवा संकल्प अभियान के आयोजन को लेकर की गई तैयारियों से सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को बिंदुवार अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक पूरे राज्य में निर्धारित है। अभियान के दौरान विभिन्न स्तरों पर व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में निर्देश दिया गया कि सेवा संकल्प अभियान के जिला एवं प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम में सभी प्रखंड स्तर के बीस सूत्री सदस्यों, जिला स्तर के बीस सूत्री सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए, ताकि कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। प्रभारी मंत्री कुमार शैलेंद्र ने सेवा संकल्प अभियान को व्यापक स्तर पर आयोजित करने तथा आम लोगों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अभियान के उद्देश्यों एवं गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवंविधायक नगर दरभंगा संजय सरावगी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय स्तर पर भी सेवा संकल्प अभियान से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया।

रथयात्रा के बाद राधाकुंज बिहारी मठ में होगा नौका विहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। भव्य जगन्नाथ रथयात्रा की सफलता के बाद श्री राधाकुंज बिहारी मठ (हरे कृष्ण सेंटर) बेगूसराय एक और बड़ा धार्मिक आयोजन करने जा रहा है। 4 अक्टूबर, रविवार को शाम 4 बजे रतनपुर स्थित महंत सियाराम दास सरोवर में भव्य नौका विहार महोत्सव होगा। शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन की तैयारियों की जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता में पूर्व मेयर संजय सिंह गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे। यह आयोजन भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज, ईश्वर नाम दास प्रभु और रक्षक गिरिधारी प्रभु के तत्वावधान एवं मार्गदर्शन में हो रहा है।इस वर्ष के आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण सरोवर की पुष्प सजावट होगी। महंत सियाराम दास सरोवर के विशाल जल क्षेत्र को दो टन से अधिक विभिन्न किस्मों के प्राकृतिक फूलों से सजाया जाएगा। सजावट के लिए वृंदावन, मायापुर और कोलकाता से अनुभवी कलाकारों की विशेष टीम बेगूसराय आ रही है। आयोजकों ने बताया कि पिछले वर्ष बिहार में पहली बार इस तरह का अनूठा नौका विहार आयोजित किया गया था, जिसे अपार सफलता मिली। इस सफलता के बाद इस वर्ष दूसरी बार आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। यह बिहार के सबसे बड़े पुष्प-सज्जित नौका विहार आयोजनों में से एक होगा।नौका विहार के दौरान हरिनाम संकीर्तन, भक्ति संगीत, भव्य प्रकाश व्यवस्था और आकर्षक सजावट से पूरे सरोवर परिसर को भक्तिमय बनाया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य भगवान की भक्ति और सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना है। श्री राधाकुंज बिहारी मठ ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

आचार्य की परीक्षा शुरू, कुलपति ने किया केंद्र का निरीक्षण

दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। संस्कृत विश्वविद्यालय में आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2024-26 की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गयी ।मुख्यालय में एक मात्र बनाये गए परीक्षा केंद्र शिक्षा शास्त्र विभाग का पहले दिन कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में चल रही परीक्षा पर कुलपति ने सन्तोष जताया। दोनों पालियों में आज 277 में से 263 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

पांच आरोपित गिरफ्तार

बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। विभिन्न गांवों में बुधवार एवं गुरूवार की रात कार्रवाई करते हुये अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार सभी आरोपियों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि कांड संख्या 155/09, जीआर 1660/09 के वारंटी कसबा निवासी मतीउर रहमान के पुत्र मो मेयाज को गिरफ्तार किया गया. वहीं कांड संख्या 488/26 के आरोपी थाना क्षेत्र के सदानंदपुर बालाचक निवासी अशोक यादव के पुत्र पप्पू कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावे सहरसा जिले के सहरसा थाना क्षेत्र के गंगजला गांव निवासी एवं वर्तमान में नगर परिषद क्षेत्र के हरिओम नगर में रह रहे स्व दीपक पोदार के पुत्र आर्यन कुमार को वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया जबकि आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे लखमिनियां निवासी सुरेश यादव के पुत्र संजय यादव को भी गिरफ्तार किया गया है।

तीन दिवसीय दौरे पर बेगूसराय पहुचे हाईकोर्ट के न्यायाधीश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह निरीक्षी न्यायमूर्ति बेगूसराय न्याय मंडल अजित कुमार गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर बेगूसराय पहुंचे।

जिला अतिथि गृह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार, जिलाधिकारी रिची पाण्डेय और एसपी मनीष ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जिला प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति ने जिला न्यायालय परिसर के पार्क में वृक्षारोपण किया, प्रस्तावित फव्वारा और लेडी जस्टिस की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन तथा नवनिर्मित सुरक्षा कक्ष एवं वॉशरूम का उद्घाटन किया। उन्होंने मुख्यालय स्थित सभी न्यायालयों, कार्यालयों और अभिलेखागार का निरीक्षण किया। दोपहर में रेलवे कोर्ट बरौनी का निरीक्षण किया, जहां आरपीएफ ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। फिर तेघड़ा अनुमंडलीय न्यायालय की प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया और अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याएं सुनीं। शाम में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें डीएम और एसपी उपस्थित रहे। मौके पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजीत कुमार सिंह, जिला बार अध्यक्ष ध्रुव कुमार महतो सहित कई न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद थे।

Name Change

I, hitherto known as MD ALTAMASH SIDDIQUE S/o MD MAQSOOD ALAM, Vill - Loam, Post - Loam, Dist - Darbhanga, Bihar - 847115, have changed my name and I shall hereafter be known as ALTAMASH MAQSOOD.
Date: 10/09/2026
Affidavit No: 1333

शपथ पत्र

मैं, अपर्णा सिंह, पति- अजीत कुमार सिंह, ग्राम सकरार, बहुअरी, पो० सकरार, थाना-रामगढवा, जिला पूर्वी चम्पारण, बिहार की निवासी हूँ। मेरा आधार सं 993372709719 है। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरा पुत्र अंकित कुमार संत करेंस सेकेंडरी स्कूल, खगौल, पटना कक्षा- 10 के विद्यालय दस्तावेज में माता का नाम - अर्पणा कुमारी है जो गलत है। मेरा सही नाम अर्पणा सिंह है। अर्पणा कुमारी एवं अर्पणा सिंह दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है। 2.यह कि मेरे पुत्र के पिता का नाम स्कूल में Ajeet Kumar Singh हो गया है। जो गलत है। पिता का नाम Ajit Kumar Singh है जो सही वो सत्य है। शपथ पत्र सं 3148 दि. 15.09.26

टीबी मरीजों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन, एनएसटीपीपी एवं बीआरबीसीएल के बीच एमओयू

टीबी मरीजों को मिलेगा पोषणयुक्त आहार किट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मरीजों को उपचार के दौरान पोषण सहयोग उपलब्ध कराने तथा अस्पतालों में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए बेहतर प्रतीक्षा सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस क्रम में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिला प्रशासन, नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट एवं भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटैड (बीआरबीसीएल) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू के तहत जिले के 1951 टीबी मरीजों को छह माह तक पोषणयुक्त आहार किट उपलब्ध कराया जाएगा। पोषण किट में तेल, आटा, सोयाबीन, मूंगफली सहित प्रोटीन एवं विभिन्न आवश्यक पोषक तत्वों से युक्त खाद्य सामग्री शामिल रहेगी। इसका उद्देश्य टीबी मरीजों को उपचार की अवधि के दौरान पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराना तथा उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने में सहयोग प्रदान करना है ताकि मरीज नियमित उपचार के साथ बेहतर पोषण प्राप्त कर शीघ्र स्वस्थ होने की दिशा में आगे बढ़ सकें। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न अस्पतालों में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए 200 ट्रिपल सीटर प्रतीक्षारत कुर्सियों (वेटिंग चेयर) की आपूर्ति एवं स्थापना के लिए भी एमओयू किया गया है। इससे अस्पतालों में उपचार एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आने वाले मरीजों तथा उनके परिजनों को प्रतीक्षा के दौरान बेहतर एवं सुविधाजनक बैठने की व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। यह पहल कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत बीआरबीसीएल द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक जनसुलभ एवं सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ टीबी उन्मूलन के प्रयासों को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश सहित बीआरबीसीएल एवं एनपीजीसीएल के हेड ऑफ़ प्रोजेक्ट एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

किशोरी को भगाने वाला आरोपित गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। मुफस्सिल थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र से लापता किशोरी को बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसके साथ आरोपी माली थाना क्षेत्र के चरण महादेवा निवासी अर्जुन पासवान के पुत्र सुनील कुमार को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी को शुक्रवार को अदालत में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी 8 सितंबर को किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ दिल्ली ले गया था। मामले में पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके बाद पुलिस की दबिश पर आरोपी औरंगाबाद पहुंचा। इसके बाद किशोरी को सकुशल बरामद कर आरोपित को जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने जब्त किए सोने-चांदी के जेवर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। चोरी की मंशा से एक घर में घुसे चोरों के मंसूबे पर देर रात ओबरा पुलिस ने पानी फ़ेर दिया। पुलिस के आने की भनक लगते ही चोर मौके से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने 20 लाख रुपये के सोने-चांदी का आभूषण बरामद किया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत एक घर में चोर घुसे हुए है। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस के आने की भनक लगते ही चोरों ने चोरी का पूरा सामान पीड़ित के घर के बाहर फेंक दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी हुए सभी जेवरात बरामद कर लिये हैं। हालांकि पुलिस चोरी में शामिल आरोपितों की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी में जुटी है। आरोपितों की पहचान होने के बाद उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का भौतिक निरीक्षण किया और पीड़ित से पूछताछ कर घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाये। इसके बाद पुलिस ने संदिग्धों के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि बरामद आभूषणों की कीमत करीब 20 लाख रुपये है।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के नरारी कला खुर्द थाना अंतर्गत सेंधोखाप गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान राजेंद्र सिंह के पुत्र सूरज कुमार की पत्नी जूली कुमारी के रूप में की गई है। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। जम्होर थाना क्षेत्र के पौथू पंचायत के रतनौर गांव निवासी मृतका के भाई पार्थिव पटेल उर्फ नवल यादव ने आरोप लगाया कि जूली को सल्फास खिलाकर उसकी हत्या की गई। जूली की मौत की जानकारी मायके वालों को नहीं देकर केवल तबीयत खराब होने की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद जब मायके के लोग ससुराल पहुंचे तो जूली का शव आंगन में पड़ा मिला। नवल यादव ने बताया कि जूली की शादी वर्ष 2016 में सूरज कुमार के साथ हुई थी। उसने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही जूली को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का यह भी आरोप है कि बच्चा नहीं होने पर जूली को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। नरारी कला थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

होम्योपैथिक रिसर्च क्लिनिक लाइफ लाइन की नई शाखा का उद्घाटन आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

- **पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह करेंगे क्लिनिक का उद्घाटन**
- **शहर के कर्मा रोड में लगेगा निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर**

औरंगाबाद। शहर में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और पहल के तहत सुपर स्पेशियलिटी एवं एडवांस होम्योपैथिक रिसर्च क्लिनिक लाइफ लाइन की दूसरी शाखा का शुभारंभ 19 सितंबर शनिवार को किया जाएगा। दाउदनगर के मेन रोड मौलाबाग के बाद क्लिनिक की नई शाखा औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड, वन विभाग के समीप शुरू की जा रही है। इस अवसर पर निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। क्लिनिक के उद्घाटनकर्ता औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह होंगे। वहीं कार्यक्रम में औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्रा, रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह, नगर परिषद औरंगाबाद के चेयरमैन उदय गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश सिंह, वैश्य चेतना समिति बिहार के अध्यक्ष ई. सुंदर साहू तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स औरंगाबाद के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी रहेगी। क्लिनिक के संचालक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि सुपर स्पेशियलिटी एवं एडवांस होम्योपैथिक रिसर्च क्लिनिक लाइफ लाइन लंबे समय से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहा है। दाउदनगर के बाद औरंगाबाद में दूसरी शाखा शुरू होने से शहर एवं आसपास के लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 41 गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में नौ, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 22 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं 11.20 लीटर देसी शराब, एक स्कूटी, एक ट्रक, 20 टन कोयला, 69.54 ग्राम सोना, 448 ग्राम चांदी बरामद किया गया है। वहीं 16 वारंटों एवं एक कुर्की वारंट का निष्पादन किया गया है।

भूमि विवाद को लेकर हुई हत्या मामले में अभियुक्त को उम्रकैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। भूमि विवाद में हत्या करने के अभियुक्त को 17 साल बाद व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार ने आज़ सलैया थाना में दर्ज कांड में सज़ा सुनाई है। लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि रफीगंज थाना क्षेत्र के सलेमपुर टोले पांचू बिगहा निवासी प्राथमिक अभियुक्त सुरेन्द्र मेहता को भादंवि धारा 302 में उम्रकैद और 20 हजार रूपये जुर्माना और धारा 328 में पांच साल की सजा और 10 हजार रूपये जुर्माना की सजा सुनायी गयी है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियुक्त सुरेन्द्र मेहता को सात सितंबर को दोषी ठहराया गया था। वहीं एक अन्य अभियुक्त सूर्यकांत महतो को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया था। अधिवक्ता ने बताया कि मदनपुर थाना क्षेत्र के भगवान बिगहा निवासी प्राथमिकी सूचक महेन्द्र महतो ने 07 नवंबर 2009 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि उनके मामा राजाराम महतो को ज़हर पीलाकर सुरेन्द्र, सूर्यकांत और श्रीकांति देवी ने हत्या कर दी है। घटना के पीछे का कारण यह है कि मामा के जमीन को सुरेन्द्र ने जबरदस्ती अपने पत्नी के नाम से लिखवा लिया। अभियुक्त के पत्नी की मृत्यु अभियोजन की दौरान हो गया था। अभियुक्त पूर्व में भी खुदवा-मदनपुर में असामाजिक गतिविधियों में शामिल रहा है।

गांवों में बदलेगी सरकारी परिसंपत्तियों की तस्वीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा आज 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर 'कायाकल्प पोर्टल' का विधिवत उद्घाटन किया गया। पोर्टल के माध्यम से अभियान के अंतर्गत चिन्हित कार्यों एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों से संबंधित गतिविधियों की प्रगति का अनुश्रवण एवं निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। इससे कार्यों की प्रगति को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से ट्रैक करने में सुविधा होगी। 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के तहत सार्वजनिक परिसंपत्तियों को बेहतर, सुदृढ़ एवं उपयोगी स्वरूप प्रदान करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत सरकार भवनों, स्वास्थ्य संस्थानों सहित अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों में आवश्यक मरम्मत, रंग-रोगन, साफ-सफाई, रखरखाव एवं रेनोवेशन के कार्य किए जाएंगे। अभियान के तहत पुरानी एवं पूर्व से निर्मित आधारभूत संरचनाओं के मरम्मत, रंग-रोगन, रेनोवेशन एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को दीपावली से पूर्व 30 नवम्बर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं, नई आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों से संबंधित कार्यों को 31 मार्च 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के लिए औरंगाबाद पूरी तरह तैयार है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि अभियान के माध्यम से जिले की सार्वजनिक परिसंपत्तियों को बेहतर स्वरूप प्रदान करते हुए आम नागरिकों को अधिक सुविधाजनक, स्वच्छ एवं सुदृढ़ जनसुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। वीसी में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सिविल सर्जन डॉ कृष्ण कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीआरडीए डायरेक्टर अनुपम कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा द्वारा आयोजित 'जनता दरबार' में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की शिकायतें और समस्याएं सुनी गईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना तथा मामलों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक द्वारा 35 परिवादियों की समस्याएं सुनी गई है। संबंधित मामलों की जानकारी लेने के बाद पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्योंकि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय देना और बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराना है। पुलिस अधीक्षक के समक्ष सीधे अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलने पर फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया।

औरंगाबाद में खुला यूटीएल सोलर का डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर

विधायक त्रिविक्रम सिंह ने किया उद्घाटन, कहा-सौर ऊर्जा समय की जरूरत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई पहल के रूप में सोलर पॉइंट के यूटीएल सोलर डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। यह अधिकृत डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर के रूप में शार्पजेन इन्नोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड, मंजुराही, औरंगाबाद के अंतर्गत संचालित होगा। केंद्र का उद्घाटन विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया। समारोह में प्रोपराइटर विशाल कुमार एवं अजय कुमार के साथ संस्थान के सहयोगी रौशन कुमार सिन्हा, राजेश सिन्हा, परवेज आलम एवं रंजीत कुमार के अलावा बिहार ग्रामीण बैंक के बैंक प्रबंधक दानिश खान, पंचायत समिति सदस्य उदय पासवान, गौतम कुमार, किशोरी सिंह एवं लालदेव सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक त्रिविक्रम सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सौर ऊर्ज़ा की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। सौर ऊर्ज़ा को अपनाने से बिजली की लागत कम करने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिल सकती है। उन्होंने लोगों से सरकार की ओर से संचालित सौर ऊर्ज़ा योजनाओं का लाभ उठाने तथा अधिकाधिक घरों एवं प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्ज़ा अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोलर पॉइंट जैसे स्थानीय वितरण एवं सेवा केंद्र खुलने से लोगों को अपने क्षेत्र में ही सोलर पैनल, इंस्टॉलेशन, तकनीकी मार्गदर्शन और सर्विस की सुविधा मिल सकेगी। इससे लोगों में सौर ऊर्ज़ा के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे। प्रोपराइटर विशाल कुमार एवं अजय कुमार ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण यूटीएल सोलर उत्पादों के साथ उचित तकनीकी सलाह, बेहतर इंस्टॉलेशन और विश्वसनीय सर्विस उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सौर ऊर्ज़ा को अधिक से अधिक घरों तक पहुंचाने के लिए लगातार काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोलर पॉइंट के माध्यम से ग्राहकों को सौर ऊर्ज़ा से जुड़े उत्पाद और सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा ताकि लोगों को सोलर सिस्टम लगाने और उसके रखरखाव के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। उद्घाटन समारोह में मौजूद अतिथियों ने सोलर पॉइंट के सफल संचालन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने कहा कि सौर ऊर्ज़ा के बढ़ते महत्व को देखते हुए यह केंद्र क्षेत्र के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा।

सिन्हा कॉलेज में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा, माय भारत के जिला युवा पदाधिकारी अनिकेत राव, बायोटेक विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निहारिका, मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ मधु, एमबीए विभागाध्यक्ष भीम बहादुर सिंह और एनएसएस समन्वयक डॉ संजीव रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने की। मुख्य वक्ता त्रिविक्रम सिंह ने कार्यक्रम की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। अनिकेत राव ने माय भारत के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। गायक अनोज सागर ने अपने गायन से खूब तालियां बटोरीं। स्वयंसेवक तानिया ने नशामुक्ति के विषय पर अपने विचार रखे। सभागार खचाखच भरा रहा। मंच संचालन डॉ संजीव रंजन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन भीम बहादुर सिंह ने किया। स्वयंसेवक ऋतिक, अनु, रानी, ओमप्रकाश, समीर और आदित्य ने सक्रिय सहभागिता की। कॉलेज परिवार से ओमप्रकाश कुमार, रेणु कुमारी, डॉ अनिल सिंह, राजीव रंजन, सत्या सिंह, रंजीत सिंह, अनुपम घोष, प्रवीण दुबे, संतोष तिवारी, मनोज सिंह, सौरभ सुमन, जेपी, रामस्वरूप यादव, देवा, शिवकुमार सागर और नीरज सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया और संबंधित बैनर पर हस्ताक्षर किए। शपथ एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निहारिका ने दिलाई।

फरार चल रहे तीन आरोपित गिरफ्तार

हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता। हसपुरा थाना पुलिस नें अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक लड़की के अपहरण मामले का नामजद आरोपित तथा दो एनबीडब्ल्यू के वारंटी शामिल हैं। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष 3 अगस्त को एक लड़की के अपहरण को लेकर उसकी मां रीना देवी नें थाना में आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर आरोपित सिद्धनाथ कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इधर एनबीडब्ल्यू वारंट के आधार पर पुलिस ने नान्हू बिगहा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह आजाद तथा खुटहन निवासी नरेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

औरंगाबाद में हजारों दीपों से गूंजा 'आशीर्वाद का दीया'

केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी अधिकधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता चलायेंगे जनसंपर्क अभियान : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिले के गोह प्रखंड अंतर्गत उदयपुरा में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम लोगों विशेषकर महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान घर-घर नौ-नौ आशीर्वाद के दीप जलाए गए जबकि सामूहिक रूप से हजारों दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बिहार में भी 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के माध्यम से लोग प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'जिसने मुझे संवारा है, आशीर्वाद उसे हमारा है' संदेश के साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से बिहार के विभिन्न जिलों, मंडलों, शक्ति केंद्रों और गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछड़े, अति पिछड़े, किसान, महिला, युवा और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए केंद्र सरकार की योजनाएं संचालित हो रही हैं। इन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न स्तरों पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ता केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके लाभ की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।